Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

बबीता फोगाट ने विनेश फोगाट पर लगाया गंभीर आरोप, विनेश फोगाट की सफलता में...

धामी सरकार ने तीन साल में बनाई गई 1481 किमी लंबी ग्रामीण सड़क

शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 05 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 296 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

'चंद्रघंटा'

मां दुर्गा का तीसरा रूप मां 'चंद्रघंटा'

नवरात्र के तीसरे दिन दुर्गाजी के तीसरे रूप चंद्रघंटा देवी के वंदन, पूजन और स्तवन करने का विधान है। इन देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्ध चंद्रमा विराजमान है इसीलिये इनका नाम चंद्रघंटा पड़ा। इस देवी के दस हाथ माने गए हैं और ये खड्ग आदि विभिन्न अस्त्र और शस्त्र से सुसज्जित हैं। ऐसा माना जाता है कि देवी के इस रूप की पूजा करने से मन को अलौकिक शांति प्राप्त होती है और इससे न केवल इस लोक में अपितु परलोक में भी परम कल्याण की प्राप्ति होती है।

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 77,670	₹95,000

आज का इतिहास

- 1676 : ईस्ट इंडिया कंपनी को इंग्लैंड के राजा से मुंबई में भारतीय मुद्रा ढालने का अधिकार मिला।
- 1805 : भारत में ब्रिटिश राज के दूसरे गवर्नर जनरल व कमांडर इन चीफ लार्ड कार्नवालिस का गाजीपुर में निधन हुआ।

न्यूज बाइट्स

केजरीवाल ने 9 साल बाद सीएम आवास छोड़ा

नई दिल्ली (ए.)। सीएम हाउस छोड़ते वक्त अरविंद केजरीवाल कर्मचारियों से भी मिले। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सीएम आवास खाली कर दिया है। वे शुक्रवार दोपहर लुटियंस दिल्ली में फिरोजशाह रोड पर बंगला नंबर-5 में शिफ्ट हो गए। यह बंगला पंजाब से आप के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल को दिया गया है। केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल, माता-पिता और दोनों बच्चों के साथ शिफ्ट हुए हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर पाकिस्तान जाएंगे

नई दिल्ली (ए.)। विदेश मंत्री एस जयशंकर 15-16 अक्टूबर को पाकिस्तान जाएंगे। वे इस्लामाबाद में एससीओ के काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट (सीएचजी) की बैठक में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार (4 अक्टूबर) को इसकी जानकारी दी है। यह 9 साल में पहली बार होगा जब भारत का कोई मंत्री पाकिस्तान जाएगा।

निबंधन विभाग ने संग्रह किया लक्ष्य का 57 फीसदी राजस्व

पटना (नि.सं.)। उत्पाद, मद्य निषेध एवं निबंधन विभाग में चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित राजस्व 7 हजार 500 करोड़ रुपये में से एक अक्टूबर तक 4 हजार 297 करोड़ रुपये प्राप्त कर लिया है। यह कुल राजस्व संग्रह का 57.31 प्रतिशत है। अब तक पूरे राज्य में 10 लाख 15 हजार 421 दस्तावेजों का निबंधन किया जा चुका है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार राजस्व संग्रह की रफ्तार बेहतर है। यह जानकारी निबंधन विभाग के स्तर से विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। इसके अलावा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के स्तर से बताया गया है कि 30 सितंबर से 1 अक्टूबर तक अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया।

बिहार में बाढ़ पीड़ितों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी राहत

4.39 लाख बाढ़ पीड़ितों के खाते में 307 करोड़ ट्रांसफर, खातों में भेजे गए 7-7 हजार रूपए

- राहत शिविर में बच्चों की डिलिवरी पर मां को 10 हजार रूपए

निज संवाददाता | पटना / दरभंगा

बिहार में 17 जिलों की 14.62 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। शुक्रवार को सीएम नीतीश कुमार ने बाढ़ पीड़ितों को लेकर बड़ा ऐलान किया। इसके साथ ही बाढ़ पीड़ितों को 7-7 हजार रुपए दिए गए। कुल 4.39 लाख परिवारों के खाते में डीबीटी के जरिए कुल 307 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए है। वहीं, बाढ़ राहत शिविर में बच्चे को जन्म देने वाली मां को 10 हजार रुपए का सहायक अनुदान मिलेगा। सीएम ने कहा है कि पहले चरण में बाढ़ से प्रभावित परिवारों के खाते में 7-7 हजार रुपए की राहत राशि ट्रांसफर की जा रही है।

दूसरे चरण में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को दुर्गा पूजा के पहले 9 अक्टूबर तक उनके खाते में राशि निश्चित रूप से ट्रांसफर हो जाएंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में

किसानों की फसल क्षति का आकलन कराकर सहायता पहुंचाने का निर्देश भी दिया है। इसके अलावा बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हुए बांधों का जल्द से जल्द मरम्मत कराने का भी निर्देश दिया है। साथ ही पथ निर्माण और ग्रामीण कार्य विभाग को बाढ़ से तबाह सड़कों का काम जल्द पूरा करने के लिए कहा है।

सीएम ने दरभंगा में बाढ़ का लिया जायजा

नीतीश कुमार ने दरभंगा में बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री पहले इंडोर स्टेडियम पहुंचे। जहां उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के लिए तैयार हो रहे फूड पैकेजिंग का जायजा लिया। उनके साथ आपदा प्रबंधन के सचिव, जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें, जिन्हें सीएम ने जरूरी दिशा-निर्देश जारी किया। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री पहुंचाने का आदेश दिया है।

बिहार के उत्तर भाग में अधिकतर जिलों में बाढ़ का पानी घटने की खबरें आई हैं। लेकिन स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। दरभंगा जिले में बागमती और अधवारा नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। बागमती का जलस्तर हायाघाट में और अधवारा का जलस्तर कमतौल में लाल निशान को पार कर चुका है, जिससे क्षेत्र में बाढ़ का संकट बढ़ गया है। पूर्वी चंपारण के सुगौली में सिकरहना नदी का पानी उतरने से सुगांव पंचायत के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। वहीं, भागलपुर के पीरपैंती में चौखंडी पुल बाढ़ के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सीतामढ़ी में बागमती के जलस्तर में कमी आई है, जिससे बेलसंड और रुन्नीसैदपुर में बाढ़ की स्थिति में कुछ सुधार देखने को मिला है। हालांकि, निचले इलाकों में अब भी जलजमाव की समस्या बनी हुई है। समस्तीपुर में बागमती और बूढ़ी गंडक का जलस्तर फिर से बढ़ने लगा है। पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी और दरभंगा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कई सड़कों पर अब भी पानी बह रहा है और घरों में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है।

पूर्व एमएलसी के घर रेड को लेकर हुई थी डील, बेटे ने सीबीआई से की थी शिकायत

20 लाख रिश्वत लेते एनआईए डीएसपी समेत तीन गिरफ्तार, 2.5 करोड़ रूपए मांगी रिश्वत

निज संवाददाता | गया

बिहार के गया जिले में एक हाई-प्रोफाइल भ्रष्टाचार कांड का पर्दाफाश हुआ है, जिसमें एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) के डीएसपी अजय प्रताप सिंह और उनके दो एजेंटों को सीबीआई ने 20 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह मामला जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी और उनके बेटे रॉकी यादव से जुड़ा है। इस पूरे घटनाक्रम ने बिहार की राजनीति और सुरक्षा एजेंसियों में भूचाल ला दिया है।

गुरुवार की देर रात, सीबीआई ने ऑपरेशन के तहत डीएसपी अजय प्रताप सिंह के दो एजेंटों को गया में 20 लाख रुपए की पहली किस्त लेते हुए गिरफ्तार किया। इसके साथ ही डीएसपी अजय प्रताप सिंह को पटना से गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने इस पूरे मामले की तह तक जाने के लिए डीएसपी के यूपी स्थित रिश्तेदारों के घरों पर भी छापेमारी की है। जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के पीए रविंद्र यादव ने इस पूरे मामले को लेकर एक नई दिशा में इशारा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनआईए

रॉयी यादव से 2.5 करोड़ मांगी गयी थी रिश्वत

रॉकी यादव, जो रमैया कंस्ट्रक्शन के मालिक हैं, ने आरोप लगाया कि एनआईए के डीएसपी अजय प्रताप सिंह ने उन्हें नक्सलियों से जुड़े मामलों में फंसाने की धमकी दी और उनसे 2.5 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग की। इस मामले में जब रॉकी यादव ने सीबीआई से शिकायत की, तो सीबीआई ने जांच शुरू की और यह पुष्टि की कि डीएसपी और उनके एजेंट रिश्वत लेने की कोशिश कर रहे थे।

की यह कार्रवाई राजद के एक बड़े नेता के इशारे पर की गई थी, ताकि मनोरमा देवी के बेटे रॉकी यादव को

19 सितंबर की छापेमारी, करोड़ों की नकदी और हथियार बरामद

यह मामला तब शुरू हुआ जब 19 सितंबर को एनआईए की टीम ने गया शहर के एपी कॉलोनी स्थित जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर पर छापेमारी की। एनआईए के डीएसपी अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में इस छापेमारी में 4.3 करोड़ रुपए नगद और कई हथियार बरामद किए गए थे। इस छापेमारी ने उस वक्त काफी सुर्खियां बटोरी थीं, लेकिन मामला तब और गहराया जब मनोरमा देवी के बेटे रॉकी यादव ने एनआईए के अधिकारियों पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया।

फंसाया जा सके। उनका कहना है कि 2.5 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगकर एनआईए ने रॉकी यादव को नक्सल गतिविधियों में फंसाने और फिर राहत देने की पेशकश की थी। इस छापेमारी और गिरफ्तारी में सीबीआई की टीम में 6 एसपी और 4 डीएसपी रैंक के अधिकारी शामिल थे, जो इस हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे हैं।

किसानों, शिक्षित बेरोजगारों के लिए स्वरोजगार के व्यापक अवसर

पटना (नि.सं.)। बिहार, जो एक कृषि प्रधान राज्य है, अब पशुपालन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन का विशेष योगदान है, और राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। पशुपालन और मत्स्य संसाधन विभाग के प्रयासों से बिहार में दुग्ध, अंडा और मांस उत्पादन में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो राज्य के आर्थिक विकास में एक अहम भूमिका निभा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में बिहार में दुग्ध उत्पादन 125.03 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया, जबकि अंडा उत्पादन 327.43 करोड़ और मांस उत्पादन 3.96 लाख मीट्रिक टन दर्ज किया गया। यह वृद्धि न केवल राज्य की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करती है, बल्कि पशुपालकों के लिए आय के नए स्रोत भी खोलती है। शुओं की देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी राज्य ने बड़े कदम उठाए हैं।

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में मुठभेड़ 30 से ज्यादा नक्सली ढेर

एजेंसी | नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर नक्सलियों के खिलाफ पुलिस ने नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया है। इस मुठभेड़ में अब तक नक्सलियों को भारी नुकसान होने की खबर मिल रही है। सूत्रों के अनुसार, अब तक 30 से ज्यादा नक्सली ढेर किए जा चुके हैं। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने मुठभेड़ जारी रहने की पुष्टि की है। साथ ही कहा कि मुठभेड़ में सभी जवान सुरक्षित हैं।

नारायणपुर और दंतेवाड़ा की सीमा पर अबुझमाड़ इलाके में जारी इस ऑपरेशन में नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के जवान संयुक्त रूप से भाग ले रहे हैं। मुठभेड़ के साथ साथ जवानों का सर्च अभियान भी जारी है। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ में 30 से ज्यादा नक्सलियों को अब तक जवानों द्वारा ढेर कर दिया गया है। मौके से एके 47, एसएलआर सहित कई अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार जवानों के संपर्क में हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में नारायणपुर के अबुझमाड़ के इलाके में प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। लिहाजा लगातार प्रदेश के उच्चाधिकारियों से लेकर बस्तर आईजी पी. सुंदरराज भी पूरे ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए हैं। खबर लिखे जाने तक ऑपरेशन जारी है।

सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

निज संवाददाता | पटना

राजधानी पटना में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में पिता पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। उनके साथ एक अन्य युवक भी मौत का शिकार हो गया। घटना घटना फतुहा के मकसूदपुर गांव स्थित गांधी टोला के पास पटना बख्तियारपुर स्टेट हाईवे की है। पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसी पटना भेज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दिया है। बाइक को जब्त कर लिया गया है जबकि ठोकर मारने वाली बड़ी गाड़ी फरार हो गई। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

बताया जा रहा है कि बाइक किसी बड़े वाहन की चपेट में बाइक आ गई। एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार होकर जा रहे थे। तीनों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई जिससे उनके परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। आस पास के लोगों ने पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची।

मरने वालों की पहचान कर ली गयी है। दुर्घटना के शिकार लोगों में 50 वर्षीय गंगा राय और उनका बेटा 22 वर्षीय राहुल कुमार हैं। ये लोग फतुहा के रुकनपुर गांव के रहने वाले थे वहीं बाइक पर सवार तीसरे व्यक्ति की पहचान 30 वर्षीय युवक रविशंकर प्रसाद के रूप में की गई है, रविशंकर महमदपुर गांव का रहने वाला था। राजमिस्त्री का काम करता था। काम के सिलसिले में वह पिता पुत्र के साथ जा रहा था। बाइक पर सवार तीनों लोगों की मौत हो जाने से इनके परिवारों में मातम छा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंगा राय किसान थे। गांव में ही उनका नया घर बन रहा है। उसके लिए ईंट लाने के लिए अपने बेटे और मिस्त्री के साथ खुसरूपुर जा रहे थे। इसी दौरान मकसूदपुर के पास यह बड़ा हादसा हो गया और तीन लोग अचानक मौत के मुंह में समा गया।

जमीन सर्वे पर रोक की मांग वाली याचिका खारिज, वापस लिया पिटीशन

निज संवाददाता | पटना

चीफ जस्टिस के. विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष इस याचिका पर सुनवाई हुई। इसके साथ ही कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। बिहार में चल रहे जमीन सर्वे पर रोक लगाने के लिए दायर जनहित याचिका को याचिकाकर्ता अधिवक्ता राजीव रंजन सिंह ने शुक्रवार को वापस ले लिया गया। शुक्रवार को पटना हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि याचिका में पर्याप्त ब्यौरा नहीं है। जिसके बाद याचिकाकर्ता ने इसे वापस ले लिया। इसके साथ ही कोर्ट ने इसे खारिज भी कर दिया।

चीफ जस्टिस के. विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष इस याचिका पर सुनवाई हुई। जमीन सर्वे पर रोक लगाने के लिए अधिवक्ता राजीव रंजन सिंह ने 18 सितंबर को पटना हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि वर्तमान सर्वे में बहुत खामियां हैं। कोई कानूनी तंत्र नहीं अपनाया गया

है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया था कि वर्तमान सर्वे से स्थिति और बदतर होगी, जिसकी वजह से भविष्य में मुकदमेबाजी बढ़ेगी। वर्तमान सर्वे में आने वाली कठिनाइयों की अनदेखी की गई है। याचिकाकर्ता ने 7 सितंबर, 2024 को राज्य के मुख्य सचिव, राज्य के राजस्व व भूमि सुधार विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को अभ्यावेदन देने का काम भी किया था। याचिकाकर्ता का यह भी कहना था कि बहुत से ऐसे मामले हैं, जिनमें जमीन पर अधिकार को लेकर अदालत में मामले लंबित हैं। याचिका में राज्य के चीफ सेक्रेटरी और राज्य के राजस्व व भूमि सुधार विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को प्रतिवादी बनाया गया ।

सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्रों की सूची पोर्टल पर होगी अपलोड

निज संवाददाता | पटना

शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा राज्य के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में पढ़ रहे बिना आधार नंबर वाले विद्यार्थियों की सूची भी ई-शिक्षाकोष पर अपलोड किया जा रहा है। राज्य के सरकारी एवं निजी स्कूलों के बच्चों की अलग-अलग सूची पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। गौरतलब है कि पहली से 12वीं कक्षा के सभी बच्चों के नाम शीघ्रतः अपलोड किया जाना है। इस पहल से सरकारी विद्यालयों के 01 करोड़ 76 लाख एवं निजी स्कूलों के 22 लाख बच्चों की सूची पोर्टल पर दर्ज किया जा चुका है। ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर दर्ज किए गए सरकारी स्कूल के 01 करोड़ 76 लाख बच्चों की सूची में 01 करोड़ 55 लाख ऐसे बच्चे हैं, जिनका विवरण आधार नंबर के साथ दर्ज हुए हैं। शेष बिना आधार

नंबर के हैं। विदित हो कि विभाग के पूर्व निदेशानुसार ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर बच्चों की सूची आधार नंबर के साथ ही अपलोड किया जाना था। इस संबंध में जिलों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 50 लाख बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने थे। बिना आधार कार्ड वाले बच्चों की सूची भी ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड करने के लिए विभाग की ओर से यह पहल किया गया है। साथ ही, विभाग द्वारा निर्देश दिया गया है कि जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं हैं, उनका आधार कार्ड बनवाया जाए ताकि विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों की वास्तविक संख्या विभाग को प्राप्त हो सके।

मुख्यमंत्री की पहल से शुरु हुआ थैलेसीमिया का मुफ्त इलाज,

थैलेसीमिया पीड़ित गरीब बच्चों का मुफ्त इलाज शुरू

- 13 बच्चों 13 डोनर्स एवं 26 अभिभावकों के साथ स्वास्थ्य मंत्री वेल्लोर के लिए हुए रवाना
- मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना गरीबों के लिए वरदान

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में ऊर्जा ऑडिटोरियम, शास्त्रीनगर, पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में थैलेसीमिया (12 वर्ष से कम उम्र के योग्य बच्चों) के स्थायी इलाज हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) वेल्लोर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ।

इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य के गरीब, पिछड़े और वंचित वर्ग को इस गंभीर बीमारी से बचाने की सरकारी पहल ऐतिहासिक है, जो किसी वरदान से कम नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच है कि हर गरीब को उचित स्वास्थ्य लाभ बिना किसी भेदभाव मिले। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने सीएमसी हॉस्पिटल वेल्लोर को 3 करोड़ का चेक इलाज के लिए प्रदान किया। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने एक ऐप 'सेहत और आरोग्य की जानकारी (साज) नाम से लॉन्च किया।

पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के तहत 15 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज सरकार कराएगी। थैलेसीमिया एक गंभीर आनुवंशिक रोग है, जिससे शरीर में स्वस्थ और प्रभावी लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण नहीं हो पाता है। इसके कारण बच्चों को बार-बार ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता होती है। थैलेसीमिया के मरीजों के लिए एकमात्र स्थायी इलाज बोन मैरो ट्रांसप्लांट है, जो न केवल महंगा है, बल्कि जटिल भी है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए 6 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना को स्वीकृति प्रदान की गई।

नीतीश कुमार नई राज्य कार्यकारिणी को आज पहली बार करेंगे संबोधित

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार शनिवार को पार्टी की नई राज्य कार्यकारिणी को पहली बार संबोधित करेंगे। मुख्य रूप से वह मिशन 2025 की तैयारी और इसकी रणनीति पर जदयू नेताओं-कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देंगे। जदयू प्रदेश कार्यालय में शनिवार को सुबह 11.30 बजे से राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। इसमें सभी मंत्री, सांसद, विधायक समेत करीब 400 नेता और पार्टी पदाधिकारी भाग लेंगे। जदयू के मिशन 2025 को देखते हुए यह बैठक बहुत ही अहम मानी जा रही है। इससे पहले 16 सितंबर को पार्टी प्रदेश कमेटी और जिलाध्यक्षों की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई थी। इसमें सभी नेताओं ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2005 और 2010 से भी बेहतर सफलता 2025 विधानसभा

चुनाव में प्राप्त करने का संकल्प लिया था। शनिवार की बैठक में जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत तमाम मंत्री, पार्टी सांसद-पूर्व सांसद, विधायक-पूर्व विधायक, राज्यकारिणी सदस्य और जिलाध्यक्ष भाग लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि मुख्य एजेंडा 2025 विधानसभा चुनाव है। बैठक में हमारे नेता नीतीश कुमार का जो भी निर्देश होगा, उसे पूरा करने में हम सभी जी-जान से जुट जाएंगे।

एशियाई महिला हॉकी चैम्पियनशिप की तैयारियां जोरों पर, मुख्य सचिव ने लिया जायजा

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार के मुख्य सचिव ने एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप की तैयारी को लेकर बैठक की। बैठक में प्रधान सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, महानिदेशक बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहित गया, नालंदा और पटना के जिलाधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री शनीतीश कुमार के ''खेल के माध्यम से पर्यटन'' के निदेश के आलोक में, राज्य के अधिकारी विभिन्न राज्यों से हॉकी महिला टीमों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक ने बताया कि तैयारियों के आलोक में बिहार के सभी 38 जिलों में बाकायदा ट्राफी टूर का आयोजन किया जाएगा। ब्रांड बिहार कार्यक्रम का थीम लोगो, थीम गीत और मैस्काट होगा जो जल्द ही सामने आएगा।

जहां तक कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा का सवाल है बिहार सरकार के गृह विभाग ने सूचित किया है कि 24 घंटे निगरानी के लिए आवासीय क्षेत्र के साथ साथ राजगीर खेल परिसर में भी सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेगें। सुचारु आवागमन के लिए आवश्यक जांच बिन्दुओं पर सुरक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

अग्नि सुरक्षा नोडल अधिकारी ने बताया कि नवम्बर में कार्यक्रम के दौरान आने वाले लोगों की संख्या को ध्यान में रखते हुए फायर ब्रिगेड और आग बुझाने के उपकरण कार्यक्रम स्थल के साथ साथ आवासीय क्षेत्र के नजदीकी स्थानों पर उपलब्ध रहेंगे। शौचालय (पुरुष एवं महिला) पीने के पानी और जल टावरों की व्यवस्था भी शुरु कर दी गई है। अक्टूबर के अंत तक इसे पूरा कर लिया जाएगा।

डीबीटी के माध्यम से 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष मिलेगा वित्तीय लाभ

पीएम आज जारी करेंगे पीएम-किसान योजना की 18वीं किस्त

एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के वाशिम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इससे देशभर के 9.4 करोड़ से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिलेगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मत्स्य पालन व पशुपालन और डेयरी मंत्री

ललन सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फड़नवीस तथा मृदा एवं जल संरक्षण व वाशिम और यवतमाल जिलों के संरक्षक मंत्री संजय राठौड़ उपस्थित रहेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को बताया गया कि इस कार्यक्रम में 732 कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), 1 लाख से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और देशभर के 5 लाख सामान्य सेवा केन्द्रों समेत लगभग 2.5 करोड़ किसान वेबकास्ट के माध्यम से शामिल होंगे। निधि जारी होने के दिन को पीएम-किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा तथा इसके लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री द्वारा 5 अक्टूबर को पीएम-किसान की 18वीं किस्त जारी होने के साथ ही इस योजना के तहत कुल संवितरण निधि 3.45 लाख करोड़ से अधिक हो जाएगी। महाराष्ट्र में पीएम किसान योजना की 17 किस्तों में 1.20 करोड़ किसानों को करीब 32,000 करोड़ रुपये अंतरित किए गए हैं। 18वीं किस्त में 91.51 लाख किसानों को 1,900 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा।

मंत्रालय के मुताबिक, पीएम-किसान किस्त वितरण के साथ प्रधानमंत्री नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना की 5वीं किस्त के तहत महाराष्ट्र के किसानों को लगभग 2,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी जारी करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

जम्मू-कश्मीर में पार्टी चार सीटों पर लड़ी है विधानसभा चुनाव : एमएलसी

गया। जम्मू-कश्मीर के प्रभारी सह जदयू एमएलसी अशफाक अहमद खां ने गुरुवार को सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं के समक्ष पत्रकारों से कहा कि जम्मू-कश्मीर में पार्टी चार सीटों पर मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ी है। उम्मीद है कि सार्थक परिणाम आएगा। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी पार्टी बेहतर करेगी। 2025 के विधानसभा चुनाव में पार्टी करीब एक सौ सीटों पर चुनाव जीतेगी। क्योंकि सूबे के मुखिया नीतीश कुमार ने राज्य के सभी वर्गों के लिए काम किया है। नाली से सड़क तक राज्य में जाल बिछा दिया गया है। घर-घर बिजली पहुंचा दी गई। महिलाओं के लिए कई योजनाएं सरकार चला रही है। जिससे बिहार की महिलाएं आर्थिक रूप से सबल हो रही है। इसके अलावा देश में बिहार ही ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा नौकरी युवाओं को दिया गया है। इसके एवज में यहां की जनता सीएम नीतीश कुमार को वोटों से पुरस्कृत करेगी।

बॉडी बिल्डिंग में मेघनाथ को स्वर्ण

गया। इंडियन बॉडी बिल्डिंग फिटनेस फेडरेशन के बैनर तले मुम्बई में आयोजित मिस्टर यूनिवर्स बॉडी बिल्डिंग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में गया के मेघनाथ को स्वर्ण पदक मिला। इस प्रतियोगिता में जीत के साथ ही मेघनाथ ने अब फरवरी 2025 में स्पेन में होने वाले अरनॉल्ड क्लासिक में क्वालीफाई कर लिया है।

परैया के प्रखंड लेखा सहायक को हटाने की अनुशंसा

गया। परैया के प्रखंड लेखा सहायक चंद्रशेखर शर्मा को हटाने की अनुशंसा की गई है। श्री शर्मा के विरूद्ध शिक्षकों ने कई आरोप लगाए थे। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, परैया सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योजना एवं लेखा, गया दुर्गा यादव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस बाबत पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि बार-बार मौखिक आदेश देने के बाद भी लेखा सहायक श्री शर्मा ने शिक्षकों की वेतन विसंगति का अंतर वेतन बनाकर प्रस्तुत नहीं किया।

बिहार शरीफ में 3 घंटे तक बिजली बाधित रहेगी, बड़ी पहाड़ी सब स्टेशन के दो फीडरों से होगा शट डाउन

नालंदा। बिहार शरीफ के निवासियों को आज सुबह कुछ असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। बिजली विभाग ने घोषणा की है कि शुक्रवार को शहर के बड़ी पहाड़ी पावर सब स्टेशन के रेलवे-वन और रेलवे-टू फीडर से तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग के एसडीओ संजीव कुमार ने बताया कि यह कटौती आगामी दुर्गा पूजा समारोह के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के कारण की जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि त्योहार के दौरान कोई बिजली संबंधी समस्या न हो। इसलिए यह नियोजित मेंटेनेंस बेहद जरूरी है। सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्र में रेलवे-वन और रेलवे-टू फीडरों से जुड़े सभी मोहल्ले शामिल हैं। विभाग ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस अवधि के लिए पहले से तैयारी कर लें। विशेष रूप से पर्याप्त पानी का भंडारण कर लें, जरूरी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चार्ज कर लें, लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का उपयोग करें।

पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्स. पर की पत्थरबाजी, टूटा शीशा

फतेहपुर। फतेहपुर गया-गोमो रेल सेक्शन के सरमाटांड़ और यदुडीह स्टेशनों के बीच पटना से टाटानगर जा रही 20894 डाउन पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस पर अज्ञात व्यक्ति ने पत्थरबाजी कर दी। इसमें पत्थर लगने से ट्रेन के एक कोच का एक शीशा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें किसी यात्री की चोट लगने की खबर नहीं है। इस घटना को अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज की गई। यह घटना गुरुवार की देर शाम की बतायी जा रही है। बताया गया है कि 20894 डाउन पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस गया से खुलने के बाद शाम में 5:15 बजे सरमाटांड और यदुडीह स्टेशनों के बीच से गुजर रही थी। इसी समय रेल किलोमीटर संख्या 368/24 पर सी/2-43, 44 और सी/5-63, 64 पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसपर पत्थर मारा दिया। पत्थर मारने से वंदे भारत एक्सप्रेस के एक कोच का शीशा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया।

20 लाख रुपये रिश्वत लेते NIA डीएसपी समेत 3 अरेस्ट

पूर्व MLC मनोरमा देवी के घर रेड को लेकर हुई थी डील, बेटे ने CBI को दिया इनपुट

निज संवाददाता। गया

गया में NIA के डीएसपी अजय प्रताप, उनके साले हिमांशु समेत 3 को 20 लाख रिश्वत लेते सीबीआई ने रंगेहाथ पकड़ा है। 19 सितंबर को पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी घर एनआईए ने छापेमारी की थी। छापेमारी को डीएसपी अजय प्रताप लीड कर रहे थे। वो यूपी के चंदौली के रहने वाले हैं। रेड के दौरान 4 करोड़ से ज्यादा कैश मिलने की बात सामने आई थी। बताया जाता है कि इस मामले को रफा-दफा करने के लिए मनोरमा देवी के बेटे रॉकी यादव से 20 लाख में डील हुई थी। लेकिन इसकी जानकारी सीबीआई को लग गई। सीबीआई की टीम ने बुधवार देर रात गया-डोभी रोड स्थित यूनिवर्सिटी के पास तीनों को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। सूत्रों का कहना है कि मनोरमा देवी के बेटे रॉकी यादव ने ही सीबीआई से शिकायत की थी। जांच के बाद कार्रवाई की गई है।

19 घंटे तक चली थी छापेमारी: दरअसल, 19 सितंबर को एनआईए ने पूर्व एमएलसी के यहां रेड की थी। कार्रवाई 19 घंटे तक चली थी। बताया जाता है कि टीम मनोरमा देवी और उनके दो बेटों

का नक्सल कनेक्शन तलाशने पहुंची थी। रेड के दौरान मनोरमा देवी के घर से 4 करोड़ से अधिक कैश बरामद हुए थे। इस दौरान एसबीआई बैंक से नोट गिनने वाली मशीन भी मंगवाई गई थी। रुपए सीज कर गया ट्रेजरी में जमा करा दिया गया था। पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी ने 19 सितंबर की रात अपनी सफाई में कहा था कि एनआईए ने छापेमारी की है और कुछ रुपए जब्त किए हैं, लेकिन रुपए कितने जब्त किए गए इस बात का खुलासा उन्होंने नहीं किया था। दूसरी ओर उसी रात एनआईए ने प्रेस रिलीज जारी कर खुलासा किया था कि कार्रवाई के दौरान 4 करोड़ से अधिक रुपए जब्त किए गए हैं।

अब जानिए क्यों हुई थी छापेमारी: मनोरमा देवी के दिवंगत पति बिंदेश्वरी यादव जिला पार्षद अध्यक्ष थे। उनके खिलाफ नक्सल गतिविधि और साठगांठ का केस था। नक्सलियों को कारतूस सप्लाई करने के आरोप में बिंदेश्वरी यादव की गिरफ्तारी भी हुई थी। उनकी गाड़ी से ही सैकड़ों की संख्या में कारतूस बरामद हुए थे। तब इनके खिलाफ देशद्रोह का केस भी दर्ज किया गया था। बीते दिनों टेकारी पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में NIA की रेड पड़ी थी। इसमें दो लड़कों से पूछताछ हुई थी। उन लड़कों ने जदयू नेता मनोरमा देवी के नाम का खुलासा किया था। उन लड़कों का नक्सली कनेक्शन जांच में उजागर हुआ था। NIA ने दोनों लड़कों को विशेष रूप से पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया था।

100 करोड़ की कंपनी है रमिया कंस्ट्रक्शन: बिंदेश्वरी यादव के नाम से रमिया कंस्ट्रक्शन कंपनी है, जो 100 करोड़ की है। अब यह कंपनी जदयू के पूर्व MLC मनोरमा देवी और उनके दो लड़के चलाते हैं। इस साल 14 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट कंपनी को हुई है। साढ़े 3 करोड़ रुपए इस साल इनकम टैक्स पे किया है। जिले में सबसे अधिक टैक्स पे करने वाली कंपनी है।

गया में कंपनी का एजेंट निकला लाइनर

लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 2 अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया के बुनियादगंज थाना क्षेत्र के खंजहापुर में निजी फाइनेंस कंपनी में हुई लूट के मामले पुलिस ने 2 डकैतों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधियों के पास से पुलिस ने एक बाइक, एक कट्टा और लूटी गई रकम में से 9 हजार से अधिक रुपए बरामद किए हैं। पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। खास बात यह है कि इस लूट की वारदात में कम्पनी के एक एजेंट की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। वहीं, लाइनर का काम कर रहा था और उसी ने वारदात को अंजाम देने के लिए साजिश रचा है। हालांकि, लाइनर अब तक गिरफ्तार नहीं हो सका है। लूट की वारदात को अपराधियों ने बुधवार को 11 बजे के आसपास अंजाम दिया था। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि लूट की हुई वारदात का खुलासा और अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए एसआईटी गठित की गई थी। उन्होंने बताया कि एसआईटी का वह खुद नेतृत्व कर रहे हैं। बीते 24 घण्टे

के अंदर पुलिस ने लूट की वारदात में शामिल अपराधियों में से 2 को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया अपराधी बबलू गांधीनगर का रहने वाला है। उसके खिलाफ पूर्व से लूट का केस बुनियादगंज में दर्ज है। पूर्व में लूटे गए मोबाइल का ही वह फाइनेंस कम्पनी लूट की वारदात में इस्तेमाल कर रहा था। वहीं दूसरा आरोपी झारखंड का रहने वाला है। लेकिन वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गेरे में रहने वाले एक अपने रिश्तेदार रहता था। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। गौरतलब है कि लूट की वारदात को अंजाम देकर भागने के दौरान अपराधियों ने तीन लोगों को गोली मार दी थी। तीनों लोगों का इलाज चल रहा है।

हथियार के साथ दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बहेरा थाने की पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक भाग गया। पकड़े गए अपराधी लूट की नीयत से हथियार लेकर निकले थे। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि बहेरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी मौलानगर गम्हरिया टांड के जंगल में हथियार सहित जुटे हैं। अपराधियों के पकड़ने कि लिए थाने की विशेष टीम तैयार की गई। जंगल में पुलिस जाल बिछाकर अपराधियों की तलाश में जुटी थी तभी दो अलग-अलग बाइक सवार कुछ युवकों को पुलिस ने देखा। पुलिस जैसे ही सक्रिय हुई बाइक सवार भागने लगे, लेकिन पुलिस ने एक बाइक पर सवार दो युवक को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए युवकों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा: पकड़े गए युवकों की तलाशी ली गई तो उनके पास से हथियार मिला। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बाइक से भागने वाले युवकों की जानकारी दी। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश में जुटी है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान सौरभ कुमार और राज कुमार के रूप में हुई है। दोनों जिले के बाराचट्टी थाने के रहने वाले हैं। इनका आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा।

(जिला समाजकल्याण शाखा)
ई–मेलआईडी :–awc12.monitoring@gmail.com
–: निविदा :–

वित्तीय वर्श 2024–25में राज्य योजनान्तर्गत गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी परियोजनाओं के आँगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकित03 से 06 वर्ष के बच्चों कोगर्मपोशाक(Winter Uniform: Sweater with Hoodie)उपलब्ध कराने हेतुप्राप्त आवंटन से गढ़वाजिला अन्तर्गतसभी 9 (नौ)परियोजनाओं में आपूर्तिहेतुअधिकृत आपूर्तिकर्त्ता/संस्थान/निर्माता से मुहरबन्द लिफाफेमेंनिविदा आमंत्रित की जा रहीहै।

निविदादाता द्वाराDouble Envelop systemपद्धति के अनुरूप मुहरबंन्दलिफाफे में तकनीकीबीड एवंवित्तीय बीड जिला समाजकल्याण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय मेंदिनांक 15.10.2024 को अपराह्न 01:00बजे तक प्राप्त की जाएगी। प्राप्तनिविदा को दिनांक 15.10.2024 कोही अपराह्न 03:00 बजे गठित जिला क्रय समिति/निविदा निस्तारणसमिति द्वारा नये समाहरणालय सभागार (ब्लॉक–ए)में निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि गर्मपोशाक(Winter Uniform: Sweater with Hoodie)के नमूने के साथ भाग लेंगे, जिसकी विवरणी निम्नवत है

Sl.	Particulars	Specification
01	Sweater Quality	Unisex
02	Colour	Maroon
03	Material (Blend Composition)	Acrylic – 100% (±2%)
04	Yarn	High Bulk Yarn
05	Neck Type	Hoodie
06	Sleeve	Full regular sleeve
07	Weight	225 gm & above
08	Shrinkage or elongation on Washing (max)	4% or Better
09	Colour fastness to Light	4% or Better
10	Colour fastness to Washing	Change in colour 3 or Better, Stain on Adajacent Fabric 3 or Better

PR 337944 Welfare(24-25)D
उपायुक्त, गढ़वा।

राष्ट्रीय बजरंग दल के शिविर का हुआ समापन

गया। रेलवे स्टेशन परिसर में पितृपक्ष मेला को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद सह राष्ट्रीय बजरंग दल के बैनर तले लगाए गए सेवा शिविर का समापन किया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल के दक्षिण बिहार प्रांत महामंत्री सह शिविर के प्रभारी शशिकांत मिश्रा ने बताया कि 15 दिनों तक संगठन के कार्यकर्ता तीर्थयात्रियों की सेवा में जुटे रहे। यहां पिंडदानियों के बीच शीतल जल, चाय एवं रात्रि में अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। सेवा देने वालों में कार्याध्यक्ष मुकेश शर्मा, जिला मंत्री मुकेश मिश्रा, सोनू सम्राट, राहुल कुमार, अक्षय कुमार, विश्वजीत चक्रवर्ती, रौशन कुमार, मुकुल कुमार, सौरभ सिंह, अंकित कुमार, नितिन उपाध्याय, रतन गायब, विशाल बारिक,अजातशत्रु होटल के मालिक प्रशांत कुमार, सविता अग्रवाल,मधु शर्मा, नीलम मिश्रा, अर्पणा मिश्रा, बीना गिरि,सरिता त्रिपाठी, ममता गिरि आदि शामिल है।

160 साल का हुआ गया जिला

गया। गया जिला के 160वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों, जिले के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार की अहले सुबह जिला प्रशासन द्वारा वॉक फॉर गया से की गई। शहर के टावर चौक से गांधी मैदान तक आयोजित वॉक फॉर गया में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं काफी संख्या में पदाधिकारी, नागरिक, स्वतंत्रता-सेनानी, युवा, शिक्षकों, बुद्धिजीवी वर्ग तथा जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर स्थापना दिवस का स्वागत किया। अल्पसंख्यक कल्याण के सहायक निदेशक राहुल कुमार, एनडीसी राजीव रंजन, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव एवं अन्य द्वारा संयुक्त रुप से वॉक फॉर गया को हरी झंडी दिखाकर टावर चौक से गांधी मैदान के लिए रवाना किया गया। साथ ही वॉक फॉर गया में भाग लेकर छात्र-छात्राओं को उत्साहित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने जिलावासियों को स्थापना दिवस की बधाई दी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11RI/2024-25/EE/RWD/DALTONGANJ
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

दिनांक–04.10.2024

1. कार्य का नाम :

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)		कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं0
			अंक में	अक्षर में		
1	EE/RWD/ DALTONGANJ /55/2024-25	जोगा फाटक से कल्याणपुर तक पथ निर्माण कार्य। 3. 60कि0मी0	385.96	तीन करोड़ पच्चासी लाख छियांबे हजार रू0 मात्र	12 माह	द्वितीय

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 07.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17.10.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 19.10.2024 पूर्वाहन 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 337997 (24-25)_D

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section II)
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण। हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– जोड़ा थानाः– सतबरवा, थाना नं0ः– 257
पत्रांक–749(D)/भू0अ0, दिनांक–27.09.2024

क्र0स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भूमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	जोड़ा	3	291	रैयती	मकान	0.0000	1	धर्मवीर कुमार पिता स्व0 महेन्द्र प्रसाद	
2		13	309	रैयती	हाता	0.0000	2	कबिता देवी पति नागेन्द्र प्रसाद	
3		13	313	रैयती	मकान	0.0000	3	मीना कुवंर पति स्व0 शिवगोविन्द साव	
4		13	309	रैयती	मकान	0.0000	4	प्रतीमा देवी पति राधेश्याम साव	
5		3	197	रैयती	हाता फर्श	0.0000	5	प्रमोद राम पिता स्व0 अधीन राम	
					कुल	0.0000			

कानुनगो
जिला भू–अर्जन कार्यालय पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 337966 (Palamu)24-25*D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, MEDININAGAR

Jailhata, Near Railway Crossing, Daltonganj, Dist.-Palamau-822101
Ph. No. 06562- 231237, E-mail Id- eenhmedini-jhr@nic.in, eenhmedini@gmail.com

Very Short Term Notice Invitation for Quotation
(4th Call)
Quotation Ref. No. NH/MEDININAGAR/01/2024-25 Dated : 04.10.2024

Name of work: Hiring of Commercial Vehicles of One No. of Innova (In well condition)/equivalent on monthly hire basis for the O/o Executive Engineer, National Highways Division, Medininagar officials - Reg.

Time Period:- One year likely to be extendable up to a maximum period for Two (02) years and on same terms and conditions.

Sealed Quotation are hereby invited from established, experienced and reputed individuals, firms/ Organizations and other agencies having adequate experience in execution of such works.

The blank BOQ and terms & conditions for the above may be obtained from the office of the undersigned on any working day from **07.10.2024 to 15.10.2024** on 05:00 PM office hours by submitting a copy of online receipt towards payment of cost of document of Rs. 500/- (Rupees Five Hundred only/-) on NTRP Portal-https://bharatkosh.gov.in/Ministry Info.aspx through Pay & Account Office Code : 034756- PAO(NH)- Kolkata and Drawing & Disbursing Office (DDO) Code : 202122-Regional Officer, Ministry of Road Transport Highways.

The duly filled quotation in sealed envelope can be submitted in the office of the undersigned up to 12:00 PM on **16.10.2024**. The quotation will be opened on **16.10.2024** at 12:30 PM in the presence of intending quotationers or its authorized representatives, who choose to remain present.

This office reserves the right to reject all Quotations and cancel the Quotations without assigning any unavoidable reasons.

Executive Engineer
National Highways Division, Medininagar
Ph: 9006954612

PR.NO.338045 Road(24-25):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01RV/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक–04.10.2024

1. कार्य का नाम :

क्र0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखंड		कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)		कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं0
					अंक में	अक्षर में		
1	RWD/DALTONGANJ/ STPKG/ 20/24-25	मनातु	1	कुसरी से सिकनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.90कि0मी0	1737.529	सतरह करोड़ सैतीस लाख बावन हजार नौ सौ रू0 मात्र	15 माह	द्वितीय
		मनातु	2	सेमरी से करैला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.00कि0मी0				
		मनातु	3	तेलडीहा से तिरौंधा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.50कि0मी0				
		मनातु	4	पचरूखिया से लालगढ़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.50कि0मी0				
		मनातु	5	सेमरी से बंषीखूर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.50कि0मी0				
		मनातु	6	पदमा पाटन पी0डब्लू0डी0 रोड से रबदा मनातू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 11.00कि0मी0				
		मनातु	7	गवही रोड पतिला से मंझौली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.20कि0मी0				

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 07.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 14.10.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.10.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 338001 Rural Development (24-25)_D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने आशा कार्यकर्ताओं के साथ किया बैठक

नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में शुक्रवार को आशा व आशा फैसिलेटरों की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने की। डा0 प्रेम सिन्हा, डा0 गजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा मोबाइल स्वास्थ्य सेवाएं किलकारी तथा मोबाइल एकडेमी को डिजिटल इंडिया के पहल के अंतर्गत शुरू की गई है। यह मुफ्त सेवाएं हैं। जो गर्भवती महिलाओं और एक वर्ष तक की बच्चों की मां को गर्भावस्था के दौरान देखभाल से जुड़ी जानकारियां दी जाएगी। इसके अलावा इस से सम्बंधित अन्य जानकारी दी गई। मौके पर हेल्थ मैनेजर राहुल कुमार, लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार, रेखा कुमारी, मिंटू कुमारी, रीना कुमारी समेत अन्य रहे।

भक्तों ने ब्रह्मचारिणी माता का किया दर्शन

नवादा (नि.सं.)। नगर के प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था सृजन आर्ट्स सह शकुंलता मेमोरियल कॉलेज के प्रांगण में नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी तपस्विनी रूप की पूजा अर्चना किया गया। संस्था के निदेशक विजय शंकर पाठक ने बताया की शास्त्रों के अनुसार, मां दुर्गा ने पार्वती के रूप में हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया था। नारद मुनि के कहने पर, उन्होंने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। हजारों वर्षों तक उनकी कठोर तपस्या के कारण ही उन्हें तपस्विनी या ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। इस कठिन तपस्या के दौरान, उन्होंने कई वर्षों तक बिना कुछ खाए-पिए कठोर तपस्या की और महादेव को प्रसन्न किया। उनके इसी तप के प्रतीक के रूप में नवरात्र के दूसरे दिन इनके इसी रूप की पूजा और स्तवन किया जाता है। उन्होने बताया कि नवरात्रि के दूसरे दिन, मां के इस रूप की पूजा उनके दृढ़ संकल्प और समर्पण के प्रतीक के रूप में की जाती है। यह दिन हमें सिखाता है कि सच्ची श्रद्धा और दृढ़ निश्चय से हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। माता ब्रह्मचारिणी के रूप में बाल कलाकार रिद्धि गुप्ता ने धारण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे डांस टीचर पुरुषोत्तम कुमार गोपाल कुमार सिंह पवन कुमार सिंह वंशिका रिंकू कुमारी पूनम कुमारी महेश कुमार इत्यादि ने सराहनीय योगदान दिया।

स्वच्छता ही सेवा के तहत कार्यक्रम आयोजित

काराकाट (रोहतास) (नि. सं1)। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत प्रखंड में हुए कार्यक्रम। बुधवार 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ्ता ही सेवा कार्यकर्म के अवसर पर नगर पंचायत काराकाट के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय गोरारी एवं रामरूप उच्च विद्यालय मे दो दिन पूर्व मे चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आजोयन किया गया था, जिसमे उत्तीर्ण हुए छात्रों एवं छात्राओं को प्रशस्ती पत्र और पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत कर करके मुख्य पार्षद रवि रंजन ने कहा कि नगर के सभी छात्र एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता हु एवं बधाई देता हु। मौके पर उपस्थित नगर पंचयात काराकाट के कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन, उप मुख्य पार्षद रविश रंजन, स्वच्छता पदाधिकारी पंकज कुमार, एवं वार्ड पार्षद संजय राम, विपिन कुमार सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष यादव और शाहरुख, रौशन कुमार साथ मे प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजीत कुमार सिंह एवं सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

डीडब्ल्यूओ एवं बीडीओ ने किया पंडाल का निरीक्षण

काराकाट (रोहतास) (नि.सं.)। नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी मे दुर्गा पंडाल का निरीक्षण-जिला कल्याण पदाधिकारी रोहतास एंव प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट के द्वारा किया गया।दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को पंडाल की मजबूती पर बिशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। सभी निर्देशों का पालन नियमानुसार करने हेतु निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में समस्याओं का त्वरित समाधान

निज संवाददाता | नवादा

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा के निदेश के आलोक में सिनियर डिप्टी कलेक्टर राजीव कुमार एवं लैंड रिफॉर्म डिप्टी कलेक्टर गौरव कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय सभागार में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनके द्वारा आम जनता से साक्षात्कार कर उनकी समस्याओं का सुनवाई/निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया और शेष आवेदनों का निपटारा करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आज जनता दरबार में कुल 31 आवेदन आये, जिसमें कई आवेदनों का निष्पादन वहीं कर दिया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल, राजस्व, विवाह, अनुकम्पा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। जनता दरबार में आवेदनकर्ता कैलाश प्रसाद, ग्राम-अकौना, वार्ड सं0-02, थाना-मुफस्सिल ने राशन से संबंधित, पो0-कादिरगंज, ग्राम-आंती के मो0 अफाक मंजर द्वारा जमीनी विवाद से संबंधित, थाना-नरहट, पो0-छोटा जमुआरा, ग्राम-भीम विगहा के अशोक कुमार द्वारा पेंशन से संबंधित, अंचल-कौआकोल, ग्राम-कहुआरा के स्वामी विमलानंद पुरी द्वारा घेराबंदी के संबंध में, थाना-मुफस्सिल, ग्राम-अकौना निजामत-2 के प्रगास महतो द्वारा राशन नहीं मिलने के संबंध में, थाना-काशीचक, ग्राम-पाली के रामाश्रय सिंह द्वारा नल-जल योजना से संबंधित, अंचल-नारदीगंज, थाना-हिसुआ, पो0-ओड़ो, ग्राम-महादेव विगहा के बालेश्वर यादव द्वारा जमीन विवाद के संबंध में अपना-अपना आवेदन समर्पित कर न्याय की गुहार की। जिसे वरीय उपसमाहर्त्ता ने संबंधित पदाधिकारियों से बात कर कुछ आवेदन को ऑन स्पॉट निष्पादन किया एवं अन्य आवेदनों को उन्होंने स्वयं संबंधित पदाधिकारियों से बात कर शिकायत का निपटारा कराने का निर्देश दिया साथ ही निष्पादन प्रतिवेदन मुख्यालय में भेजने को कहा गया। निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में सिनियर डिप्टी कलेक्टर-सह-प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, डीआरडीए डायरेक्टर धीरज कुमार, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्रीमती प्रतिभा कुमारी, साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बड़ों का अनुकरण नहीं, अनुसरण करना चाहिए : स्वामी रंगनाथाचार्य

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

प्रखंड के नंदपुर गांव में आयोजित चातुर्मास महायज्ञ के दौरान गुरुवार को रात में स्वामी रंगनाथचार्य ने कहा भगवान श्रीराम का चरित्र अतिशुद्ध है राम जी संपूर्ण रूप से एक पत्नी व्रतधारी हैं। महाराज दशरथ से थोड़ी भूल हुई है। दशरथ महाराज ने अनेक स्त्रियों से विवाह किया था। उनके राज्य में एक पुरुष अनेक स्त्रियों के साथ विवाह कर सकता था। भगवान श्रीराम को यह पसंद नहीं है। राम राज्य में एक पुरुष एक स्त्री के साथ विवाह कर सकता है, जगत के अन्य प्रत्येक स्त्री में मातृभाव रखना है। भगवान श्रीराम को बहूपत्नी प्रथा उचित नहीं लगा। परंतु मेरे पिताजी ने भूलकी है ऐसा रामजी ने कभी नहीं कहा, यह है रामजी की मर्यादा राम जी ने बहुत विवेक से सुधारा है। मैं एक पत्नीव्रत का पालन करूंगा। मेरी प्रजा भी एक पत्नीव्रत का पालन करें। अयोध्या में सरयू स्नान के लिए दो घाट थे एक राजघाट था जिस पर राज परिवार स्नान करता था और दूसरा प्रजाघाट था। जिस घाट पर प्रजा स्नान करती थी। जब भगवान श्रीराम राजगद्दी पर बैठे भगवान ने नियम बनाया अयोध्या में राजघाट और प्रजा घाट नहीं होगा।

5 अक्टूबर को होगा विज्ञान मेला का आयोजन

सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार जिला प्रशासन एवं नेहरू युवा केंद्र, रोहतास, सासाराम के सहयोग से विज्ञान मेला का आयोजन दिनांक 5 अक्टूबर 2024 को स्थान शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज सासाराम में किया जाएगा, जिसमें जिले भर के 15 से 29 वर्ष के युवा भाग लेंगे। निर्णायक मंडल द्वारा जो भी विज्ञान प्रोजेक्ट को सबसे अच्छा चुना जाएगा उसको प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। जिला कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, रोहतास के प्रभारी सह साइंस मेला, रोहतास के नोडल अधिकारी श्री पंकज कुमार ने बताया की यह सरकार द्वारा एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है जिसमें जिले भारत के जो भी युवा 15 से 29 वर्ष के भाग लेना चाहते हैं वह अपनी प्रतिभा इसमें अपने बेहतरीन विज्ञान प्रोजेक्ट के माध्यम से दिखा सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए रोहतास जिले के नोडल अधिकारी पंकज कुमार से 87096 64245 पर संपर्क कर सकते हैं।

शांति समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक में अधिकारीयों ने दुर्गा पूजा को लेकर दिया निर्देश

निज संवाददाता | नवादा

आशुतोष कुमार वर्मा जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में आज अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के द्वारा संयुक्त रूप से दुर्गा पूजा-2024 को शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पकरीबरावां, वारिसलीगंज और मुफस्सिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। शांति समिति के आयोजकों से दुर्गा पूजा विसर्जन आदि के संबंध में बारी-बारी से सभी से फिडबैक और सुझाव लिया गया। अपर समाहर्त्ता ने कहा कि यह संयम और सहनशीलता का पर्व है। सभी पर्वों को आपसी अनुभव और शांति माहौल में मनाने की अपील किया गया। उन्होंने कहा कि अच्छे व्यवहार से कार्य करें। मेला में आने वाले बच्चे और बृद्धजनों के पॉकेट में पता और मोबाईल नम्बर अवश्य रख दें। विषम परिस्थितियों में काम आयेगा। उन्होंने कहा कि जहां पर रावण वध होता है वहां अंधेरा होने के पूर्व रावण वध सम्पन्न करा लिया जाय। आतिशबाजी ना हो, घेराबंदी आवश्य कर लें। पर्याप्त संख्या में वोलेंटियर रखें। अपर समाहर्त्ता ने कहा कि दुर्गा पूजा में सभी कर्तव्यनिष्ठ होकर निर्धारित कार्य को अवश्य करें। पूजा में मानक संचालन की प्रक्रिया का अनुपालन करना आवश्यक होगा। स्थापित परंपरा तथा प्रक्रिया का अनुपालन अवश्य करें। शोभिया पर मूर्ति विसर्जन के लिए सभी प्रकार की आवश्यक तैयारी की जायेगी। साफ-सफाई और लाईटिंग की भी व्यवस्था होगी। मेला में सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में पुलिस पदाधिकारियों एवं पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक संपन्न हुई है। समस्याओं को समाधान करने के लिए कार्य किया जा रहा है। मेला में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ महिला तथा पुरूष पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह वाला मैसेज नहीं फैलायें अन्यथा प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई की जायेगी। नवयुवक अति उत्साह में कोई गलत कार्य न करें। अविभावक इसपर अवश्य ध्यान दें। भीड़ वाले स्थलों पर पर्याप्त संख्या में सिविल ड्रेस में पुलिस बल तैनात रहेगा। पुराने रूट चार्ट का अनुपालन करना होगा। सभी पूजा पंडालों में माईक से आवश्यक सूचना प्रसारित करेंगे। नवमी और दशमी को पर्याप्त भीड़ को देखते हुए काफी संख्या में बाहर से भी पुलिस की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। सभी थाना परिसर में कार्यक्रम का संचालन अखिलेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि वारिसलीगंज में चांदनी चौक और पटेल चौक पर ड्रॉप गेट लगाया जायेगा। सभी पूजा पंडाल के आयोजकों को शर्तों का अनुपालन करना होगा। जिला नियंत्रण कक्ष भीड़ वाले स्थलों पर संचालित होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अश्लील गाना नहीं बजाना है और बिना लाईसेंस का सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होगा। मेला में सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सभी थाना क्षेत्रों के पूजा समिति और शांति समिति के सदस्यों से बारी-बारी से फिडबैक लिया गया। अपर समाहर्त्ता ने अनुमंडल पदाधिकारी नवादा, एसडीपीओ, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी को शोभिया के पास मूर्ति विसर्जन कराने के लिए सभी प्रकार के आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि हमलोग जिला प्रशासन के द्वारा दिये गए शर्तों और रूट चार्ट का अनुपालन अवश्य करेंगे। अच्छे कार्य करने वाले समाज सेवियों को सम्मानित भी किया जायेगा।

प्रसूता की मौत मामले में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित दस गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा

जिले के पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय बाजार बाजार स्थित पटना क्लीनिक में बुधवार को थाना क्षेत्र के एरुरी गांव के मनीष कुमार मांझी की पत्नी शोभा देवी की मौत मामले में कार्रवाई की गई है। नर्सिंग होम से पुलिस ने कई कागजात जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार, आदित्य रंजन, हिसुआ की श्वेता कुमारी, बाजितपुर के शशिकांत उर्फ सन्नी कुमार, एम्बुलेंस के ड्राइवर गौतम को गिरफ्तार किया गया है। दूसरी ओर, चौकीदार के बयान पर दर्ज प्राथमिकी के आधार पर क्लीनिक में तोड़फोड़ करने एवं हल्ला हंगामा करने के आरोप में एरुरी के उपेन्द्र मांझी, मुफ्फसिल थाना के सिंघौल के छोटू मांझी एवं कादिरगंज थाना के ओहारी के नागा मांझी, इन्द्र मांझी, राजेन्द्र मांझी को गिरफ्तार किया है। एक पक्ष से मृतका के भाई नागा मांझी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष से चौकीदार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित होने वाले नर्सिंग होम में हड़कंप मच गया है। मेडिकल ऑफिसर की टीम ने की मामले की जांचः- दरअसल, पकरीबरावां प्रखण्ड के एरुरी गांव के मनीष कुमार मांझी की पत्नी शोभा देवी की ऑपरेशन के बाद हुई मौत मामले के बाद पदाधिकारियों ने नर्सिंग होम की जांच की। सूचना मिलते ही एसडीओ अखिलेश कुमार, एसडीपीओ महेश चौधरी, सीओ राजेश कुमार एवं थानाध्यक्ष ने नर्सिंग होम पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इसके बाद मेडिकल ऑफिसर ने मामले की जांच की। टीम में शामिल डॉ. एसकेपी चक्रवर्ती अपर उपाधीक्षक सह सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल नवादा के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ.अजय कुमार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामकुमार ने संयुक्त रूप से मामले की जांच की। जांच के दौरान बात सामने आई कि पटना क्लीनिक में फर्जी चिकित्सक के द्वारा ऑपरेशन आदि किया जाता था। नर्सिंग होम के संचालक बहला-फुसलाकर नर्सिंग होम ले जाते थे। नर्सिंग होम के संचालक मो. जसीम आलम, सुरेंद्र कुमार यादव सहित अन्य पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस बीच नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। नर्सिंग होम से जांच टीम को किसी भी प्रकार का वैध कागजात नहीं मिला है। परिजनोंनेप्रजातंत्रचौककोकियाजामः- पकरीबरावां के निजी अस्पताल में महिला व उसके नवजात शिशु की मौत से आक्रोशित परिजनों ने सुबह शहर के प्रजातंत्र चौक को जाम कर दिया। परिजनों ने मृतका का शव सड़क के बीचो बीच रखकर आवागमन को बाधित कर दिया। परिजन मृतका व उसके शिशु की मौत के मामले में कार्रवाई व मुआवजे की मांग कर रहे थे। इस दौरान प्रजातंत्र चौक के चारों ओर वाहनों का आवागमन ठप हो गया और काफी दूर तक पूरे शहर में जाम लग गया। नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने वहां पहुंच कर परिजनों को शांत कराने की कोशिश की। थानाध्यक्ष ने परिजनों को उचित कार्रवाई व मुआवजे का भरोसा दिलाया। इसके बाद थानाध्यक्ष के द्वारा तत्काल वाहन की व्यवस्था कर शव सदर अस्पताल लाया गया।

गिरफ्तार लोगों के नाम

- उपेंद्र मांझी- पिता रामबली मांझी, ग्राम एरुरी
- नागा मांझी- पिता बुशिनेश मांझी ग्राम ओहारी थाना कादिरगंज
- राहेद्र मांझी- पिता कृष्णा मांझी ग्राम खरी थाना कादिरगंज
- लाल मांझी- पिता लखन मांझी ग्राम खरी थाना कादिरगंज
- छोटू मांझी- पिता झूलन मांझी ग्राम सिंघाल थाना मुफस्सिल
- शशिकांत कुमार उर्फ सनी पिता टमाटर राम ग्राम बाजितपुर थाना कौआकोल
- आदित्य कुमार- पिता स्व. अनिल सिंह ग्राम राजेंद्र नगर नवादा
- गौतम कुमार- पिता श्रीसिंह ग्राम मेघीपुर थाना पकरीबारावां
- डॉ पंकज कुमार- पिता स्व अवधेश कुमार ग्राम पटना बहादुरपुर
- श्वेता कुमारी' पति मनोज कुमार,सा–नाला पर हिसुआ, थाना– हिसुआ

पुलिस अधीक्षक ने शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में त्यौहार को मनाने की किया अपील

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने आम लोगों से शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील किया।उन्होंने पर्व को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने के लिए शांति समिति की बैठक में आये नागरिकों से कहा कि पर्व/त्याहारों के दृष्टिकोण से नवादा जिला संवेदनशील रहा है। दुर्गा पूजा की अवधि 03 से 12 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित है। पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विसर्जन जुलूस के मार्ग का भौतिक सत्यापन ससमय कर लें। सभी पूजा पंडालों के आयोजकों को शर्तों के अधीन कार्य करना होगा। बिना लाईसेंस के जुलूश की अनुमति नहीं होगी। सरकार के मानक का संचालन करना अनिवार्य होगा। डीजे पर प्रतिबंध रहेगा, अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग नहीं होगा, सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी, मूर्ति की उॅचाई 20 फीट एवं पंडाल की उॅचाई 40 फीट से अधिक न हो। मेला में ट्रैफिक व्यवस्था संधारण करने के लिए अधिकारियों को दिये कई आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेले के अवसर पर काफी भीड़ लगने की संभावना है। मेला में प्रायः बच्चे और वृद्धजनों के भूल जाने की समस्या आती है। उन्होंने कहा कि सभी अविभावक अपने-अपने बच्चों और वृद्धजनों के पैकेट में पूरा पता और मोबाईल नम्बर लिखकर डालना न भूलें। इससे यदि कोई बच्चा/वृद्धजन रास्ता भटक जाते हैं तो उन्हें स्थानीय प्रशासन उनके मोबाईल नम्बर और पते के माध्यम से उनके घरों तक पहुंचाने के लिए हर संभव कदम उठायेगा। मेला में अपने-अपने बच्चों का हाथ ना छोड़ें, भीड़- वाले स्थलों पर जिला प्रशासन के द्वारा सिविल ड्रेस में महिला एवं पुलिस बलों की काफी संख्या में प्रतिनियुक्ति की जा रही है। छतों के उपर से भी निगरानी की जायेगी। अफवाह फैलाने वाले एवं अश्लील हरकत करने वाले व्यक्तियों पर सख्ती से निपटा जायेगा। बैठक में उपस्थित सदर अनुमंडल पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। शहर की ट्रैफिक पर भी ध्यान रहेगा। संवेदनशल स्थलों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों से दुर्गा पूजा मेला में कंधे से कंधे मिलाकर कार्य करने का अपील किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की मॉनेटरिंग की जायेगी। वाईकर्स पर पैनी नजर रहेगी, जिसके लिए स्पेशल ड्राईव चलायी जायेगी। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रत्येक पूजा पंडाल पर चार सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करें, पूजा समिति के आयोजकों एवं पदाधिकारियों का नम्बर का सूची पूजा पंडाल में चिपकाया जायेगा तथा किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए बालू, पानी, आदि की व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम की अनुमति के लिए सूचना पूर्व ही देनी होगी। बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा जाम की समस्या को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया गया। मौके पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी महेश चौधरी, थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा, सीओ, गोविन्द तिवारी, विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, रणविजय कुमार,मुखिया राजकुमार सिँह,अरूंजय मेहता, अजय कुमार सहित विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास के तहत भी होगा कार्य

रोहतास (सासाराम) (नि. सं.)। जिले के सभी नगर निकायों में नाली, गली, रोड, वेंडिंग जोन, बस स्टैंड और टेंपो स्टैंड का भी मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला योजना पदाधिकारी तनवीर आलम ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत रोहतास जिले के सभी नगर निकायों में कई कार्य करवाए जाएंगे, जिसमें नाला निर्माण, रोड निर्माण, वेंडिंग जोन निर्माण, बस स्टैंड और टेंपो स्टैंड शामिल है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत रोहतास नगर पंचायत में 13, दिनारा नप में 6, चेनारी नप में 13, नासरीगंज नगर पंचायत में 13, बिक्रमगंज नगर परिषद में 13, डेहरी नगर परिषद में 3, नोखा नगर परिषद में 15 एवं नगर निगम सासाराम में 30 योजना शमिल है।

मनीष आनंद बने बिहार अंडर-19 क्रिकेट टीम के प्रबंधक

निज संवाददाता | नवादा

बीसीसीआई द्वारा आयोजित बिनू मांकड अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए नवादा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनीष कुमार आनंद को बिहार टीम का प्रबंधक नियुक्त किया है। बीसीसीआई द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में मनीष पिछले 4-5 वर्षों से लगातार विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए काम कर रहे हैं। उनके शानदार कार्य को देखते हुए बीसीसीआई ने प्रमोट करते हुए बिहार राज्य अंडर-19 टीम की जवाबदेही सौंपी है। बता दें कि पहली बार नवादा से इस टीम में दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। नवादा क्रिकेट मनीष आनंद के नेतृत्व में स्वर्णिम दौर से गुजर रहा है। आने वाले कुछ ही दिनों में नवादा के 1-2 खिलाड़ियों का और चयन बिहार टीम में होने की पूरी संभावना है। मनीष आनंद के नेतृत्व में बिहार की टीम ने बंगाल, उड़ीसा, झारखंड, दिल्ली जैसी बड़ी टीमों को हराया है। मनीष आनंद को बिहार के प्रबंधक बनाए जाने पर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोपाल बोहरा, जिला क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष रोहित सिन्हा, अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, उपाध्यक्ष यशवंत सिन्हा, कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे, संयुक्त सचिव सुरेश यादव, क्लब प्रतिनिधि अरुण यादव, वरीय पत्रकार रवीन्द्र नाथ भैया आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

हाजीपुर में पर्यावरणीय स्थिरता पर सेमिनार का आयोजन

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

हाजीपुर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के महाप्रबंधक सम्मेलन कक्ष में अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सुरेश कुमार पासवान की अध्यक्षता में पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी तथा सभी मंडलों के पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग के अधिकारी और प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में बिहार प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक नलिनी मोहन सिंह और सिपेट (सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी) हाजीपुर के निदेशक संजय चैधरी ने क्रमशः प्रजेंटेशन के माध्यम से संबंधित विषयों और कचरे के प्रबंधन से संबंधित भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों पर उपस्थित लोगों का ज्ञानवर्धन किया। पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग, हाजीपुर द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण के लिए किए जा रहे विभिन्न उल्लेखनीय कार्यों के बारे में भी प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया।

दो दिवसीय डाक टिकट महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिता में न्यू इरा एकेडमी के छात्र/छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

निज संवाददाता | नवादा

नगर के प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय डाक महोत्सव सह प्रदर्शनी में डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। जिसमें जिले के दर्जनों विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया था। पार नवादा स्थित न्यू इरा एकेडमी के छात्र - छात्राओं ने नृत्य कला में प्रथम स्थान रश्मि (IXth) की छात्र, चित्रकला में प्रथम नाबिहा नियाजी(VIth), डाक स्टंप में प्रथम कणक कुमारी(VIIth), एंव क्विज प्रतियोगिता में सुमित कुमार(Xth) ने तृतीय स्थान लाकर स्कूल का नाम रौशन किया। एकेडमी के निदेशक प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि हमारे विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों पर भी बेहतर फोकस किया जाता है। साथ ही साथ बच्चों के सर्वागीन विकास के लिये विद्यालय प्रबंधन पूरी निष्ठां के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने डाक विभाग के द्वारा आयोजित किये गए समारोह की सराहना करते हुए कहा की ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का उत्साह वर्धन होता है। तथा डाक प्रदर्शनी से बच्चों को ऐतिहासिक जानकारी भी मिलती है। वहीं उपस्थित एकेडमी के प्राचार्य अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि इस प्रकार के महोत्सव में बच्चों को बहुत कुछ देखने और सीखने को मिलता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को विद्यालय परिसर में सम्मानित करते हुए उनका हौसला आफजाई किया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकायें एवं सभी बच्चे मौजूद थे।

कचरा निस्तारण केंद्र का घोसिया खूर्द में हुआ उद्घाटन

बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)। बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के घुसियां खुर्द पंचायत में एसडीएम बिक्रमगंज अनिल बसाक ने शुक्रवार को कचरा निस्तारण केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान एक सभा आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन मुखिया विनय प्रकाश चौधरी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत सरकार जब जनता के लिए इतना कुछ कर रही है तो आम जनता का भी कर्तव्य बनता है कि स्वक्षता के प्रति सजग रहें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

गड़हनी में 3 घंटे बिजली नहीं, लोगों की बढ़ी समस्या

गड़हनी। उमस भरी गर्मी में गुरुवार दोपहर में करीब 3 से 4 घंटे बिजली गुल रही। बिजली नहीं रहने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। गुरुवार को दोपहर करीब एक बजे बिजली काट दी गई थी। दोपहर करीब 4 बजे बिजली दी गई। उपभोक्ताओं के अनुसार बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी बढ़ गई है। बिना कोई सूचना का मेंटेनेंस को ले बिजली अचानक काट दी जाती है। बिजली एक।दो घंटे नहीं आने और उपभोक्ताओं के पूछने विभाग में मेंटेनेंस काम चलने की बात बताई जाती है। नागरिक प्रमोद गुप्ता ने बताया कि मेंटेनेंस के नाम पर जब देखो, बिजली काट दी जाती है। बिजली बढ़िया से मेंटेनेंस कार्य नहीं करती, इसलिए बार-बार यह नौबत आती है। पूरे गर्मी के मौसम बिजली विभाग का यही रवैया था।इस संबंध में बिजली विभाग के कनीय अभियंता निर्मल कुमार ने बताया कि जगदीशपुर और गड़हनी पावर सब-स्टेशन में मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा थे।

महतवनिया हॉल्ट पास रेललाइन पर मिला युवक का शव

आरा। आरा दानापुर-दीनदयाल जंक्शन रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के बगल में महतवनिया रेलवे हॉल्ट के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला। मृतक 37 वर्षीय पंकज कुमार था। वह धोबहां ओपी थाना क्षेत्र के पवट गांव के निवासी असनी सिंह का पुत्र था। शव मिलने की सूचना यात्रियों द्वारा जीआरपी को दिया गया। सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने घटना-स्थल पर पहुंच शव को लेकर पोस्ट मार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज घटना की सूचना परिवार के लोगों को दिया। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक पंकज कुमार तीन भाई में छोटा था। दो भाई अरुण सिंह और पंकज हैं। अरुण और पंकज बाहर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। पंकज कुमार गांव पर ही रहकर खेती-बाड़ी करता था। परिजनों के अनुसार पंकज बुधवार को सुबह घर से बोलकर निकला था। कहा था कि घूमकर आ रहे है। शाम तक नहीं आने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन भी किया, कहीं पता नहीं लग सका। जिसके बाद पंकज के बड़े भाई अरुण ने धोबहां ओपी में गुमशुदगी का आवेदन दिया। गुरुवार को 11 बजे पुलिस द्वारा सूचना मिली कि पंकज कुमार का शव महतवनिया रेलवे हॉल्ट के पास रेलवे लाइन पर पड़ा है। जिसके बाद परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराकर परिजन को सौंप दिया।

पूजा समितियों को बताए गए एहतियाती उपाय

बक्सर। नगर में दुर्गा पूजा के दौरान अग्नि सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से अग्निशमन विभाग ने गुरुवार को विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस अभियान के तहत अग्नि से बचाव के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि पूजा पंडालों में कोई दुर्घटना न हो। गुरुवार को जिला अग्निशमन पदाधिकारी विनोद कुमार यादव एवं सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी सत्यदेव सिंह के नेतृत्व में बक्सर अनुमंडल क्षेत्र के 17 पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान अग्निशमन कर्मी राज कुमार, पिंटू कुमार और निशा कुमारी भी मौजूद थे। टीम ने पंडालों की संरचना का गहन निरीक्षण किया और पंडाल आयोजकों को अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करने का निर्देश दिया। अग्निशमन विभाग की टीम ने पंडालों के अध्यक्ष, सचिव और अन्य सदस्यों को अग्नि सुरक्षा के उपायों पर दिशा-निर्देश दिए। उन्हें पंडाल निर्माण के समय अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और आवश्यक उपकरण जैसे अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करने की सलाह दी गई। इसके अलावा, सभी पंडालों को एक घोषणा पत्र भी दिया गया जिसमें सुरक्षा मानकों का पालन करने की शपथ ली गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने पंडाल आयोजकों से अपील की है कि वे भीड़भाड़ वाले स्थानों में विशेष ध्यान दें और आग से बचाव के सभी उपाय पहले से सुनिश्चित करें ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

अवैध बालू खनन में वैशाली व सारण के 17 मजदूर गिरफ्तार

कोईलवर। कोईलवर बाढ़ का फायदा उठाकर सोन नदी और गंगा नदी के जल मार्ग से अंतरजिला बालू तस्करी करने वालों की शातिर चाल इस वर्ष सफल नहीं हो पा रही है। इस सीजन में बालू तस्कर और पुलिस-प्रशासन के बीच तू डाल-डाल, मैं पांत-पांत की जोर-आजमाइश चल रही है। हालांकि, प्रशासन व पुलिस इसमें बालू तस्करों पर भारी पड़ रही है। लगातार छापेमारी और गिरफ्तारी कर उनकी कमर तोड़ी जा रही है। इस संदर्भ में पुलिस ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्री राज के सख्त निर्देश पर सोन नदी क्षेत्र में ताबड़-तोड़ छापेमारी किया। आरा सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान कोईलवर थानान्तर्गत अवैध बालू लदा 2 नाव बरामद। इसमें संलिप्त 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपी वैशाली और सारण जिला के रहने वाले हैं। छापेमारी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 रंजीत कुमार सिंह, जिला खनन कार्यालय के सहायक निदेशक राजेश कुमार कुशवाहा एवं कोईलवर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल सहित बीएमपी सशस्त्र बल के द्वारा सोन नदी के कचरा फैक्ट्री, कमालूचक, धनडीहाँ एवं बहियारा आदि इलाके में मोटर बोट से सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इनमें 16 आरोपी को जेल भेजा गया। नाबालिग होने के कारण एक गिरफ्तार को नोटिस देकर छोड़ा गया।

कार्यक्रम : गांधी जी आज भी भारतीयों के दिलों में जिंदा हैं

आरा। पुनर्जागरण अभियान सभा द्वारा बुधवार की देर रात तक गांधी जिंदा हैं कार्यक्रम कराया गया। इस क्रम में गोष्ठी एवं संगीत सभा, ओलिविया होटल के सभागार में हुई। शुभारंभ बिहार के प्रसिद्ध गायक मो मंजूर, रघुपति राघव राजा राम गीत सुनाकर किया। इस दौरान कई गीतों की भी प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के अध्यक्ष अरशद रिज़वी ने कहा कि गांधी जी अभी जिंदा हैं। गांधी जी की सत्य, अहिंसा, त्याग, प्रेम और सहिष्णुता की विचारधारा 99 प्रतिशत भारतीयों के दिलों -दिमाग़ में आज भी बस्ती है। उनके विचारधारा को जिंदा रखने के लिए जिले में "बापू हार्मोनी क्लब " की स्थापना होनी चाहिए। मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी डॉ अजय कुमार सिंह एवं कृषि विज्ञान केंद्र भोजपुर के प्रमुख डॉ प्रवीण कुमार द्विवेदी ने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। मंच संचालन संस्था के महासचिव परवेज सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम के अवसर पर श्रद्धांजलि देते लोग।

स्टैंड संचालक बुजुर्ग की संदेहास्पद स्थिति में मौत

कोईलवर। कोईलवर चांदी थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया स्टेशन के समीप दशकों से साइकिल स्टैंड चला रहे बुजुर्ग की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई।मृतक की पहचान भदवर गांव निवासी महाबीर पाण्डेय के रूप में की गई है जो स्व.ठाकुर पांडेय के 75 वर्षीय पुत्र था। परिवारवालों ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट कर उनकी हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के पुत्र संजय पांडेय ने बताया कि कुल्हड़िया स्टेशन के पास उनकी निजी जमीन है जिस पर उसके पिता बीते कई वर्षों से साइकिल स्टैंड चलाते आ रहे हैं। बगल में ही गांव के ही प्रेम यादव ने भी अपना साइकिल स्टैंड खोल रखा है। उसी के साथ बीते दो वर्षों से उस जमीन पर जबरन कब्जा करने और साइकिल स्टैंड हटाने के लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार की शाम करीब चार बजे के करीब उन लोगों के द्वारा साइकिल स्टैंड पर आकर गाली-गलौज किया गया और स्टैंड हटाने की बात कही थी। सोची समझी साजिश के तहत बुधवार की देर शाम सभी लोग लाठी-डंडा लेकर आ धमके और उन लोगों ने उनके पिता की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई जिसके कारण उनके पिता की मौत हो गई। दबे मुंह से रात में ही हत्या किए जाने की बात चर्चा में है। गुरुवार की सुबह अचेतावस्था में उन्हें आरा सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। मृतक के शरीर पर दाहिने हाथ के कोहनी के पास काला दाग का निशान पाया गया है।

दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, 1 घायल

निज संवाददाता। आरा



◆ भोजपुर में दो दोस्त खेत में गए थे छिड़काव करने, घर लौटने के दौरान हादसा

भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के घाघर गांव स्थित बिंद टोली के समीप गुरुवार को दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि दूसरा जख्मी हो गया। जख्मी युवक को आरा सदर अस्पताल लाया गया। मृतक सिन्हा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी अनिल यादव का 16 वर्षीय बेटा सूरज यादव है। जो 10वीं का छात्र था। वहीं, घायल इसी गांव के निवासी लालदास यादव का 18 वर्षीय बेटा करण यादव है। करण और सूरज दोनों दोस्त हैं। करण ने कहा कि सूरज खेत में खाद का छिड़काव करने के लिए मुझे अपने साथ बाइक से लेकर सरैया बाजार आया था। खाद लेकर हम दोनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान घाघर गांव स्थित बिंद टोली के समीप विपरीत दिशा से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। **मुआवजे की उठाई मांग:** करण ने कहा कि हादसे के बाद सूचना परिजनों को दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और अपनी संतुष्टि के लिए सूरज को सरैया बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर जानकारी पुलिस को दी गई। समाजसेवी रघुपति यादव सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। रघुपति ने बताया कि दोनों दोस्त खाद लाने जा रहे थे। तभी दो बाइक की सीधी भिड़ंत में किशोर की मौत हो गई। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिवार वालों को उचित मुआवजा दे, ताकि गरीब परिवार का पालन–पोषण हो सके। बताया जाता है कि मृत किशोर अपने चार भाई व तीन बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां माधुरी देवी, तीन भाई धनंजय कुमार, सूरज कुमार, मंजी कुमार और तीन बहन मंजू देवी,राजमुनि देवी व प्रतिमा कुमारी है।

3 मंजिल बिल्डिंग से गिरकर किशोरी की मौत

निज संवाददाता। आरा

आरा शहर में गुरुवार की रात तीन मंजिल बिल्डिंग की छत से गिरकर 13 साल की सुप्रिया कुमारी की गिरकर मौत हो गई। सुप्रिया 9वीं की छात्रा थी। जो अपने परिवार के साथ किराए के फ्लैट में रहती थी। नवरात्र की पूजा के लिए मां और भाई रात करीब 9 बजे मंदिर गए थे। सुप्रिया छत पर टहलने के लिए गई थी। इसी दौरान वो 40 फीट की ऊंचाई से गिर गई। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाया गया, पर उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जब हादसा हुआ तब पूरे बिल्डिंग में एक-दो लोग ही थे। घटना नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर बैंक कॉलोनी मोहल्ले की है। मृतका सिकरहटा गांव निवासी शैलेश राय की बेटी है। करीब तीन साल से बैंक कॉलोनी मोहल्ले में अपने पूरे परिवार के साथ रहती थी।

मृतका के रिश्तेदार ऋषिकेश राय ने बताया कि सुप्रिया असंतुलित होकर छत से गिर गई। आवाज सुनकर जब बाहर निकले तो देखा कि वह खून से लथपथ थी। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

आज से चलेगी दानापुर-आरा के बीच स्पेशल ट्रेन

◆ जयनगर-दानापुर एक्सप्रेस के रेक का होगा इस्तेमाल, 18 कोच के साथ चलेगी गाड़ी

निज संवाददाता। आरा

पर्व-त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दानापुर और आरा के बीच 3 अक्टूबर से 1 जनवरी तक एक जोड़ी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 03303/03304 का परिचालन किया जाएगा। स्पेशल का परिचालन गाड़ी सं. 13225/13226 जयनगर-दानापुर एक्सप्रेस के रेक से किया जाएगा। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी का 01 कोच, एसी चेयरकार का 01 कोच, चेयरकार के 03 कोच, साधारण श्रेणी के 11 कोच और एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 18 कोच होंगे। जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी है।

दानापुर से 18.45 में खुलेगी गाड़ी: गाड़ी सं. 03303 दानापुर-आरा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 3 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन दानापुर से 18.45 बजे खुलकर 18.58 बजे बिहटा, 19.11 बजे कुलहड़िया रुकते हुए 19.40 बजे आरा पहुंचेगी। गाड़ी सं. 03304 आरा-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 4 अक्टूबर से 1 जनवरी तक प्रतिदिन आरा से 05.40 बजे खुलकर 05.50 बजे कुलहड़िया और 06.03 बजे बिहटा रुकते हुए 06.50 बजे दानापुर पहुंचेगी।

स्मार्ट मीटर के विरोध मे बसपा ने दिया धरना

बक्सर में प्रदर्शनकारियों ने किया पैदल मार्च, आंदोलन की दी चेतावनी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में स्मार्ट मीटर को लेकर बसपा ने जिला मुख्यालय के अंबेडकर चौक के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बसपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरना की अध्यक्षता अभिन्यू सिंह कुशवाहा ने किया है। बता दें कि शुक्रवार की दोपहर पुलिस चौकी से हाथ में झंडा लिए लोगों ने अंबेडकर चौक तक पहले पैदल मार्च किया। उसके बाद अंबेडकर चौक के पास पहले से लगाए गए टेंट में सभी बैठ कर सरकार के खिलाफ भाषण दिया। कहा गया कि अगर सरकार स्मार्ट मीटर लगाना बंद नहीं किया जाता है, तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

बिजली बिल के नाम पर गरीबों का शोषण: धरने में शामिल बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव अभिमन्यु सिंह कुशवाहा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारे प्रदेश के नेता अनिल कुमार ने चार दिन पहले स्मार्ट मीटर के खिलाफ धरना प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसको लेकर आज हम सभी लोग धरने पर बैठे हुए है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल के नाम पर गरीबी का शोषण किया जा रहा है।उनके घरों में स्मार्ट मीटर जबरन लगाए जा रहे है, जो दो गुनी बेग से चल रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि शराब बंदी से पैसा सरकार को नहीं मिल रहा है, तो गरीबों का पैसा स्मार्ट मीटर के नाम पर लेने का काम कर रहे है। इसका विरोध बक्सर जिले से बहुजन समाज पार्टी ने शुरू किया है, जो पूरे बिहार में चलेगा। हालांकि, जब सवाल किया गया कि सरकार बता रही है कि स्मार्ट मीटर सही है, तो उन्होंने कहा कि अगर सही होता तो इसके आने से पहले इस पर एफआइआर नहीं हुआ होता।

बता दें कि बिहार सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य जल्द से जल्द पूरा हो जाए।

दूसरी तरफ विपक्ष को मुद्दा मिल गया है। इसको लेकर विपक्ष लगातार स्मार्ट मीटर को गरीबों के हित में नहीं बताते हुए विभिन्न तरीके से विरोध जता रहे है। दूसरी तरफ लगातार लोगों को जागरूक कर इस मीटर को लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

मेले की गाड़ियों से अब जाम नहीं होगा किला मैदान, पार्किंग का निर्माण शुरू

निज संवाददाता। बक्सर

शहरवासियों के लिए अच्छी खबर है। नगर परिषद ने नगर में बढ़ती जाम की समस्या को देखते हुए ठोस पहल शुरू की है। किला मैदान के पश्चिमी बाउंड्री से सटे लगभग 70 फीट चौड़ा और 550 फीट लंबाई के दायरे में पार्किंग स्थल का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इस पहल के तहत स्थल की घेराबंदी और जमीन को समतल बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसमें कार, जीप, ट्रैक्टर, बस, ट्रक समेत अन्य वाहन पार्क किया जा सकेगा। इसके निर्माण से शहर में पार्किंग की व्यवस्था को नियंत्रित करने में सुविधा होगी। नगर परिषद की सभापति कमरून निशा ने बताया कि पार्किंग स्थल की घेराबंदी के साथ ही पिलर लगाते हुए पेवर ब्लॉक बिछाकर संरक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाहन पार्क करने के लिए नप की ओर से शुल्क निर्धारित किया जाएगा। बताया कि तीन माह में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। जमीन की समतलीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। वहीं पेवर ब्लॉक व निर्माण सामग्री भी निर्माण स्थल पर स्टोर करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस नई पहल से नगर में पार्किंग की स्थिति बेहतर होने की उम्मीद है। गाड़ियां खड़ी करने से मैदान खराब हो रहा किला मैदान से सटे पश्चिम तरफ पार्किंग स्थल बनने से किला का मैदान भी सुरक्षित हो जाएगा। बता दें कि आए दिन धार्मिक एवं राजनीतिक आयोजनों पर किला मैदान में बस, ट्रक, ट्रैक्टर, जीव समेत अन्य बड़े वाहन खड़े कर दिये जाते हैं। यूं कहे कि मैदान पार्किंग स्थल में तब्दील हो जाता है। इससे किला का मैदान में हवाखोरी करने वाले और खिलाड़ियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। बड़े वाहन खड़ा किये जाने के चलते मैदान खराब हो जाता है, जिससे खिलाड़ियों को खेलने लायक मैदान नहीं रह जाता है।

भाइयों को गोली मारने वालों पर केस दर्ज

आरा। भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के बजरेयां गांव में बुधवार देर शाम चचेरे भाइयों को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। मामले में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। घायल कन्हैया यादव के बयान पर केस दर्ज हुआ है। जिसमें पुरानी रंजिश के कारण 2 नामजद और 3 अज्ञात को आरोपित किया गया है।

बैंक से निकाले रुपए, एक लाख 85 हजार की छिनतई

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में बैंक से पैसा निकाल कर ट्रेजरी ऑफिस जा रहे रिटायर्ड आदेश पाल की पत्नी के हाथों से 1 लाख 85 हजार रुपए से भरे झोले की छिनतई हो गई। बाइक सवार झपट्टा मार ने वारदात को अंजाम दिया है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के समाहरणालय के पिछले गेट पर शुक्रवार की दोपहर की है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आदेश पाल,उनकी पत्नी व भतीजा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। पुलिस अधीक्षक से मिल कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। सूचना पाकर स्थानीय थाना फौरन घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस उस इलाके के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार पीड़ित सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी स्व.राज नंदन शर्मा का बेटा शत्रुघन शर्मा है। वह सहार प्रखंड के बालिका उच्च विद्यालय में आदेश पाल के पद पर थे। साल 2021 में रिटायर्ड हुए थे।

पैर का ऑपरेशन कराने जा रहे थे बनारस: आदेश पाल शत्रुधन शर्मा ने बताया कि वो पैर का ऑपरेशन कराने के लिए बनारस जा रहे थे। इसको लेकर शुक्रवार की सुबह अपनी पत्नी लीलावती व भतीजा कुंदन के साथ कार से आरा शहर के कतीरा स्थित एसबीआई बैंक पहुंचे। वहां से उन्होंने एक लाख पचासी हजार रुपए की निकासी की। उसे झोले में रखा। इसमें पहले से साढ़े छह हजार रुपए पड़े थे। वह अपना लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिए अपनी पत्नी लीलावती देवी व भतीजा कुंदन के साथ कार से ट्रेजरी ऑफिस जा रहे थे।

मामले की जांच में जुटी पुलिस: ट्रेजरी ऑफिस जाने के क्रम में वह समाहरणालय के पिछले गेट पर कार रोकी और पहले उनकी पत्नी उतरी। तभी उन्होंने पैसे का झोला उनके हाथों में पकड़ा दिया। वह कार से उतर रहे थे। उसी दौरान पीछे से आ रहे एक बाइक पर सवार दो झपट्टा मार गिरोह ने उनकी पत्नी के हाथों से पैसा भरा झोला झपट्टा मार लिया। इसे छीनकर भाग निकले। उन्होंने बताया कि उस झोले में कुल एक लाख इकानबे हजार पांच सौ रुपए थे। इसके अलावा पेंशन बुक और अन्य कागजात रखे हुए थे। बहरहाल, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या: एफ-वैगन-बीओएक्सएनआर-रिहैब-24-25, दिनांक: 30.09.2024। उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन)/जमालपुर वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला: मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर में कार्य की अनुसूची के अनुसार 200 अदद बीओएक्सएन से बीओएक्सएनआर वैगनों में क्रमोन्नयन एवं पुनर्बहाली। **मात्रा:** 200 अदद वैगन। **कार्य का स्थान:** लोकोमोटिव वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर। **निविदा मूल्य:** ₹ 21,98,21,830। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **प्रस्ताव की वैधता:** 90 दिन। **बोली शुरू होने की तारीख:** 10.10.2024। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.10.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **पूरा करने की अवधि:** 24 महीना। विवरण जहाँ उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in।**

(MISC-188/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-निविदा संख्या: ईएल-एमएलडीटी-आरएफपी-02, दिनांक : 03.10.2024 के लिए खुली मैनुअल निविदा सूचना। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, पो.ऑ. -झलझलिया, जिला: मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा दस्तावेज के अनुसार अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: ईएल-एमएलडीटी-आरएफपी-02। कार्य का नाम:** एसएसई/ई/जी/भागलपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन टर्नकी के आधार पर भागलपुर-500 केडब्ल्यूपी तथा सुल्तानगंज-100 केडब्ल्यूपी पर सोलर पावर डेवलपर मॉडल के अधीन ग्रिड रूफटॉप/शेड टॉप/रेलवे वैकेंट लैंड सोलर पावर प्लांट पर नेट मीटरिंग सुविधा सहित 600 केडब्ल्यूपी की स्थापना। **बयाना राशि:** ₹ 6,40,800। **निविदा जमा करने की एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** जमा: 09.09.2024 से 14.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। खुलना : 14.10.2024 को दोपहर 12.30 बजे वरिष्ठ डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, डीआरएम बिल्डिंग, झलझलिया, मालदा के कार्यालय में। **निविदा पेटी:** निविदा पेटी 09.09.2024 से 14.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक वरिष्ठ डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, डीआरएम बिल्डिंग, झलझलिया, मालदा, 732102 (पश्चिम बंगाल) के कार्यालय में रखी जाएगी। **वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है: www.er.indianrailways.gov.in।** हड़ताल, बंद, छुट्टी आदि जैसे अपरिहार्य कारणों के मामले में निविदा दस्तावेज डालना एवं निविदा का खुलना अगले कार्य दिवस को किया जायेगा।

(MLD-108/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

मुंगेर में आइसक्रीम शॉप पर रेड हिरासत में 2 युवक एक युवती

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में आइसक्रीम की दुकान पर पुलिस ने रेड की है। वहां से आपत्तिजनक हालत में एक युवक और युवती को हिरासत में लिया गया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की दो नंबर गुमटी के पास की है। बताया गया कि यह जगह थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर है। मोहल्ले के लोगों ने ही शुक्रवार को पुलिस को बुलाया था। उनका आरोप है कि यहां आइसक्रीम शॉप की आड़ में सेक्स रैकेट चल रहा है। बताया गया कि यहां एक मकान में आइसक्रीम दुकान की आड़ में अवैध तरीके से दुकानदार युवक युवती

को बुलाता था। यहां से सेक्स रैकेट चला रहा था। इसकी सूचना जब आसपास के लोगों को लगी तभी पहले स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। दुकानदार ने उनकी बात नहीं मानी जिसके बाद शुक्रवार को पुलिस को बुलाकर मौके पर रेड कराया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के बेकापुर निवासी पिता-बेटा दो नंबर गुमटी के पास एक मकान में आइसक्रीम की दुकान चला रहे थे। 6 महीने पहले ही शॉप खोली थी। वहीं पर एक माह से बाहर से युवक युवती को बुलाता था। जब इसकी सूचना आसपास के लोगों को लगी तो मोहल्ले वासियों ने इसका विरोध किया। दुकानदार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस तरह का धंधा यहां पर करोगे तो पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई करवाएंगे।

एक वीक पहले पिता-बेटे को पीटा गया था: स्थानीय सुप्रिया वर्मा ने बताया कि एक सप्ताह पहले चेताया गया था। ऐसा मत कीजिए। विरोध के दौरान एक सप्ताह पहले ही मारपीट हुई है। ये दुकान पिता-बेटा दोनों चलाते हैं। उस वक्त दोनों को पीटा गया था जिस पर उन्होंने कहा था कि आगे से ऐसा नहीं करेंगे। आज फिर यहां युवक युवती मिले हैं। दुकानदार और आसपास के लोगों के बीच कई बार इस बात को लेकर झड़प भी हुई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि आज भी दुकानदार दुकान के अंदर एक युवक युवती को बुलाया था, जिसके बाद कोतवाली थाने की पुलिस को सूचना दी। घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से दुकान को सील करने की मांग की है। सदर डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि अभी-अभी इसकी जानकारी लगी है।

रजिस्ट्रार ने पहले सेवा विस्तार को लिखा शोकॉज के बाद कहा- नहीं मिलना चाहिए

निज संवाददाता। भागलपुर

टीएमबीयू में संविदा पर बहाल मैकेनिकल इंजीनियर मुरारी मिलनारुण के मामले में रजिस्ट्रार डॉ. विकास चंद्रा की कार्यशैली सवालों में आ गई है। रजिस्ट्रार ने हटाए गए मैकेनिकल इंजीनियर को लेकर पहले नोट शीट पर लिखा कि उन्हें सेवा विस्तार दिया जा सकता है। पर जब कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने शोकॉज किया तो रजिस्ट्रार ने कहा- सेवा विस्तार नहीं दिया जा सकता है। पूरे मामले में तथ्य सामने आया है कि नियुक्ति के लिए विज्ञापन बिना पद के ही जारी किया गया था और विज्ञापन की फाइल विवि से गायब है। नियुक्ति के विज्ञापन से जुड़ी फाइल गायब होना साजिश की ओर इशारा कर रहा है। इसके पीछे एक बड़े अधिकारी का हाथ बताया जा रहा है। रजिस्ट्रार डॉ. चंद्रा के सुर 24 दिन में बदल गए। डॉ. चंद्रा ने पांच सितंबर को नोट शीट पर लिखा कि मुरारी मिलनारुण को सेवा विस्तार दिया जा सकता है। इसका कारण उन्होंने यह बताया कि मुरारी मिलनारुण की बहाली विवि से जारी विज्ञापन के आधार पर की गई थी। हालांकि बिना पद के विज्ञापन निकाला गया, जो विवि की भूल है।

संतनगर में 11 हजार केवीए का तार गिरा, लोगों को पानी की दिक्कत

भागलपुर। संतनगर, वाटर सप्लाई के पास गुरुवार को 11 हजार केवीए का तार गिरने से अफरातफरी मच गयी। इस बीच स्थानीय लोगों ने तार गिरने की सूचना बिजली कर्मी को दी। इसके बाद बिजली आपूर्ति बंद की गई। हालांकि थोड़ी ही देर में मौके पर पहुंचे कर्मियों ने तार को किनारे कर जोड़ने का काम शुरू किया। तार गिरने से वाटर सप्लाई फीडर भी बंद हो गया। इससे लोगों को पानी का संकट झेलना पड़ा। तार सुबह के लगभग 9.15 बजे गिरा। तार गिरने से इलाके में लगभग दो घंटे बिजली बाधित रही। वहीं सुरखीकल इलाके में सुबह छह बजे से फॉल्ट के कारण लगभग सात घंटे बिजली गुल रही। इससे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। तुलसीनगर के पास फेज उड़ने लगभग दो घंटे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

नए भवन में एमबीए की कक्षाएं आज से होंगी शुरू

भागलपुर। टीएमबीयू के एमबीए की कक्षाएं शुक्रवार से नए भवन में होगी। यह पहला मौका है जब एमबीए की कक्षाएं अपने भवन में चलेंगी। 21 साल पहले शुरू हुआ यह कोर्स तब पीजी कॉमर्स विभाग में चल रहा था। नौ साल पहले इसके भवन का शिलान्यास हुआ था। उद्घाटन पूर्व कुलपति नीलिमा गुप्ता के समय 2021 में हुआ था। तब भी कोर्स भवन में शिफ्ट नहीं हो सका था। अब कुलपति प्रो. जवाहर लाल के निर्देश पर इसे अपने भवन में शिफ्ट कर कक्षा शुरू कराई जा रही है।

सीबीएसई का निर्देश- परीक्षा फॉर्म भरने के बाद दोबारा करें नाम-पता की जांच

भागलपुर। सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा फॉर्म और नौवीं-11वीं के पंजीयन फॉर्म जमा करने से पहले एक बार गंभीरता से अवश्य उसे देख लें। नहीं तो फॉर्म जमा करने के बाद किसी प्रकार के बदलाव में परेशानी हो सकती है। बोर्ड के मुताबिक बच्चों के नाम, सरनेम, जन्मतिथि, पता आदि का सही तरीके से उल्लेख जरूरी है। अगर बच्चा बाद में विदेश जाना चाहता है तो सरनेम देना जरूरी होता है।

डेंगू के 5 संभावित मरीजों को किया गया है भर्ती

मुंगेर। जिले में गुरूवार को डेंगू संक्रमण के एक भी एलाइजा पॉजीटिव मरीज नहीं मिले। हालांकि गुरूवार को सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में 5 नये डेंगू संभावित मरीजों को इलाज के भर्ती किया गया जिनका एनएस-1 पॉजीटिव पाया गया है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार को एलाइजा जांच में डेंगू के एक भी पॉजिटिव मामले नहीं मिले हैं। जबकि 5 नये संभावित मरीजों को इलाज के लिये वार्ड में भर्ती किया गया है।

कुंवारी पूजन का विशेष महत्व, नौ वर्ष तक की कन्याएं हैं दुर्गा स्वरूपा

भागलपुर। मां दुर्गा को नारी शक्ति स्वरूपा कहा गया है। नवरात्र में नारी शक्ति की पूजा होती है। इस पूजा में 10 वर्ष से कम उम्र की कन्याओं की पूजा होती है। मां भगवती की आराधना में नवरात्र पर कुंवारी पूजन का विशेष महत्व है। नवरात्र पर कुंवारी पूजन लोग अलग-अलग ढंग और सुविधा के अनुसार करते हैं। कुछ लोग 10 दिनों तक कन्याओं को भोजन कराते हैं, तो कोई अष्टमी, नवमी और दशमी को कुंवारी पूजन करते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि नेपाल में कुंवारी कन्याओं को सोलहों श्रृंगार कराकर मां दुर्गा के रूप में पूजा करते हैं। शास्त्रों में वर्णित है कि एक कन्या के पूजन से ऐश्वर्य की कामना पूर्ण होती है।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो०) सं०- (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section II)**
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण। हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– खामडीह थानाः– सतबरवा, थाना नंः– 240
पत्रांक–749(G)/भू0अ0, दिनांक–27.09.2024

क्र0स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भूमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	**खामडीह**	116	789	रैयती	मकान	0.0000	1	आमना बीबी पति स्व0 मो0 अजिज अंसारी	
2		108	342	रैयती	मकान	0.0000	2	अनिल यादव पिता जयश्री यादव	
3		49	347,348	रैयती	मकान	0.0000	3	अरविन्द कुमार पिता स्व0 रामप्यारी साहु	
4		119	173	रैयती	चापाकल	0.0000	4	बाल कुवंर चौधरी पिता स्व0 करीमन चौधरी	
5		48	157	रैयती	मकान	0.0000	5	विन्दा देवी पति हिरालाल चौधरी	
6		48	157	रैयती	मकान	0.0000	6	चम्पा देवी पति प्रदिप चौधरी	
7		119	173	रैयती	मकान	0.0000	7	दलबीर चौधरी पिता करीमन चौधरी	
8		111	55	रैयती	मकान	0.0000	8	देवन्ती देवी पति राजाराम चौधरी	
9		57	346	रैयती	मकान	0.0000	9	देवनाथ साव पिता स्व0 शिवनन्दन साव	
10		48	157	रैयती	मकान	0.0000	10	धमेन्द्र नोनीया पिता स्व0 रामबली नेनीया	
11		48	157	रैयती	मकान	0.0000	11	गंगा चौधरी पिता स्व0 सवारथ चौधरी	
12		69	94	रैयती	मकान	0.0000	12	गोरखनाथ चौधरी पिता रामविशुन चौधरी	
13		70	93	रैयती	मकान	0.0000	13	गोरकी देवी चौधरी पति चंदन चौधरी	
14		89	131	रैयती	चापाकल	0.0000	14	सरकारी चापाकल	
15		98	142	रैयती	चापाकल	0.0000	15	सरकारी चापाकल	
16		116	789	रैयती	मकान	0.0000	16	कमाल अंसारी पिता स्व0 गफुर मियां	
17		48	157	रैयती	मकान	0.0000	17	क्रांती देवी पति रामाशंकर चौधरी वो राजदेव चौधरी पिता कैलाश चौधरी	
18		35	85	रैयती	मकान	0.0000	18	लालसाहेब चौधरी वो मोती लाल चौधरी पिता गोरखनाथ चौधरी	
19		98	104	रैयती	मकान	0.0000	19	लीलावती देवी पति स्व0 प्रेम चौधरी	
20		66	129	रैयती	मकान	0.0000	20	मदन साहु वो किशोर साहु पिता स्व0 नन्दु साहु	
21		73	84	रैयती	मकान	0.0000	21	ममता देवी पति स्व0 मिथलेश चौधरी	
22		111	55	रैयती	मकान	0.0000	22	मंजु देवी पति स्व0 उमेश चौधरी	
23		114	172	रैयती	मकान	0.0000	23	मनोज कुमार साव पिता स्व0 रामलक्ष्मण साव	
24		11	170	रैयती	मकान	0.0000	24	मोती लाल चौधरी पिता गोरखनाथ चौधरी	
25		111	55	रैयती	मकान	0.0000	25	मुकेश चौधरी पिता कामेश चौधरी	
26		51	134	रैयती	मकान	0.0000	26	मुखन साव पिता स्व0 वृक्ष साव	
27		66	129	रैयती	मकान	0.0000	27	मुनेश्वर साव वो राम किशन साव वो विष्णु साव पिता स्व0 दादु साव	
28		89	131	रैयती	मकान	0.0000	28	मुरारी यादव वो रामधनी यादव वो सिधानी यादव पिता बैजनाथ महतो	
29		48	157	रैयती	मकान	0.0000	29	नागेन्द्र चौधरी पिता विन्देश्वरी चौधरी	
30		48	157	रैयती	मकान	0.0000	30	नागेन्द्र चौधरी वो जिबन चौधरी पिता विन्देश्वरी चौधरी	
31		1	121	बकास्त	मकान	0.0000	31	पनचम कुमार वो कंचन कुमार पिता स्व0 शिबन साव	
32		1	121	बकास्त	मकान	0.0000	32	पनचम कुमार वो कंचन कुमार पिता स्व0 शिबन साव	
33		98	104	रैयती	मकान	0.0000	33	पानपती देवी पति अवधेश चौधरी	
34		51	134	रैयती	मकान	0.0000	34	प्रमेश्वर साव पिता स्व0 बृक्ष साव	
35		48	157	रैयती	मकान	0.0000	35	पुष्पा देवी पति अजय चौधरी	
36		49	347,348	रैयती	मकान	0.0000	36	राजकुमार प्रसाद पिता स्व रामप्यारी साव	
37		98	104	रैयती	मकान	0.0000	37	राजेश कुमार पिता प्रभुनाथ चौधरी	
38		116	789	रैयती	मकान	0.0000	38	राजु अंसारी पिता स्व0 मोगल मियां	
39		2	46	रैयती	मकान	0.0000	39	रामकेवल चौधरी पिता स्व0 मोहन चौधरी	
40		73	102	रैयती	मकान	0.0000	40	रामाशिष चौधरी पिता स्व0 रामजन्म चौधरी	
41		73	84	रैयती	मकान	0.0000	41	रामाशिष चौधरी पिता स्व0 रामजन्म चौधरी	
42		73	102	रैयती	मकान	0.0000	42	रामाशिष चौधरी वो रविन्द्र चौधरी वो शिवनारायण चौधरी वो मिथिलेश चौधरी वो गितलेश चौधरी पिता स्व0 रामजन्म चौधरी	
43		73	84	रैयती	मकान	0.0000	43	रामबनेश्वर चौधरी पिता स्व0 जयलाल चौधरी	
44		120	787	रैयती	मकान	0.0000	44	रामबिलास साहु पिता स्व0 नन्हक साहु	
45		51	134	रैयती	मकान	0.0000	45	रमेश साव पिता स्व0 वृक्ष सावु	
46		66	129	रैयती	मकान	0.0000	46	रामकिशुन साव पिता स्व0 ददु साहु	
47		114	172	रैयती	मकान	0.0000	47	रामनाथ साव पिता भुनेश्वर साव,	
48		102	345	रैयती	मकान	0.0000	48	रविन्दा देवी पति सरेश साव	
49		48	157	रैयती	मकान	0.0000	49	रेखा देवी पति धिरेन्द्र चौधरी	
50		116	789	रैयती	मकान	0.0000	50	रेयाज मियां पिता स्व0 गफुर मियां	
51		2	46	रैयती	मकान	0.0000	51	रीता देवी पति स्व0 कामेश्वर चौहान	
52		102	345	रैयती	मकान	0.0000	52	सबाना प्रवीण पति मो0 अजीमुदीन	
53		48	157	रैयती	मकान	0.0000	53	सबीता देवी पति काशिनाथ चौधरी	
54		120	787	रैयती	मकान	0.0000	54	समसुदीन मिया पिता स्व0 कुसु मिंया	
55		120	787	रैयती	मकान	0.0000	55	संतोष कुमार मेहता पिता योगेन्द्र मेहता	
56		73	84	रैयती	मकान	0.0000	56	सरीता देवी पति गितलेश चौधरी	
57		108	342	रैयती	मकान	0.0000	57	सरहुली यादव पिता जयश्री यादव	
58		97	95	रैयती	मकान	0.0000	58	सरीता देवी पति कमलेश चौधरी	
59		108	342	रैयती	मकान	0.0000	59	शंभु यादव पिता स्व0 यदुवर यादव	
60		98	104	रैयती	मकान	0.0000	60	शारदा देवी पति शिवनारायण चौधरी	
61		48	157	रैयती	मकान	0.0000	61	श्यामदेव साव पिता स्व0 ध्रुप साव	
62		98	104	रैयती	मकान	0.0000	62	श्रीमती देवी पति रविन्द्र चौधरी	
63		100	127,349	रैयती	मकान	0.0000	63	सुदेश्वर सिंह पिता स्व0 अलियार सिंह	
64		100	127	रैयती	मकान	0.0000	64	सुदेश्वर सिंह पिता स्व0 अलियार सिंह	
65		98	104	रैयती	शौचालय	0.0000	65	सुरेन्द्र चौधरी पिता स्व0 धुरा चौधरी	
66		111	55	रैयती	मकान	0.0000	66	सुरजीत चौधरी पिता स्व0 रामलाल चौधरी	
67		98	104	रैयती	मकान	0.0000	67	सुषमा देवी पति स्व0 शिवनारायण चौधरी	
68		70	93	रैयती	मकान	0.0000	68	उर्मिला देवी पति नन्दकुमार चौधरी	
69		73	84	रैयती	मकान	0.0000	69	विद्यार्थी चौधरी पिता स्व0 द्वारिका चौधरी	
70		73	84	रैयती	मकान	0.0000	70	विद्यार्थी चौधरी वो अमरेश चौधरी पिता स्व0 द्वारिका चौधरी	
71		48	157	रैयती	मकान	0.0000	71	यश्वंत चौधरी पिता स्व0 शालीग्राम चौधरी	
					कुल	**0.0000**			

कानुनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 337971 Palamu (24-25)_D

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,पलामू (जिला भू–अर्जन शाखा)

दूरभाष (मो0) सं0– **Email {dlaopalamau@gmail.com}**

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section II)**
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण। हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– लहलहे थानाः– मेदिनीनगर, थाना नंः– 239
पत्रांक–749 (A)/भू0अ0, दिनांक–27.09.2024

क्र0 स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भूमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	लहलहे	46	107	रैयती	मकान	0.0000	1	बृजमोहन तिवारी पिता स्व0 जमुना तिवारी	
2		46	107	रैयती	मकान	0.0000	2	चम्पा देवी पति गुप्तेश्वर तिवारी	
3		38	106	रैयती	मकान	0.0000	3	भुपतिया देवी पति स्व0 मुनीश राम	
4		38	105	रैयती	मकान	0.0000	4	मंदीप चौधरी पिता स्व0 नारायण चौधरी	
5		57	561	रैयती	मकान	0.0000	5	पुष्पा देवी पति रामलाल तिवारी	
6		38	105	रैयती	मकान	0.0000	6	संजय चौधरी वो संतोष चौधरी पिता स्व0 बिन्दा चौधरी	
7		38	106	रैयती	मकान	0.0000	7	विजय कुमार पाल पिता जयराम पाल	
					कुल	**0.0000**			

कानुनगो जिला भू–अर्जन कार्यालय पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 337960 Palamu(24-25).D

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला भू–अर्जन शाखा)

दूरभाष (मो0) सं0– **Email {dlaopalamau@gmail.com}**

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (**Section II**)
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण। हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– ठेमी थानाः– सतबरवा, थाना नंः– 122
पत्रांक–**749(Q)**/भू0अ0, दिनांक–27.09.2024

क्र0स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भूमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	ठेमी	116	77	गै0मा0	मकान	0.0000	1	सरकारी वाटर पम्प घर	
					कुल	**0.0000**			

कानुनगो जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 337995 Palamu(24-25).D

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला भू–अर्जन शाखा)

दूरभाष (मो0) सं0– **Email {dlaopalamau@gmail.com}**

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT , 3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section II)**
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण। हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– रजडेरवा थानाः– सतबरवा, थाना नंः– 251
पत्रांक–749(O)/भू0अ0, दिनांक–27.09.2024

क्र0 स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भूमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	**रजडेरवा**	9	40	रैयती	चापाकल	0.0000	1	सरकारी चापाकल	
2		9	40	रैयती	मकान	0.0000	2	किशोर कुमार पिता जनेश्वर महतो	
3		9	12	रैयती	कुआ	0.0000	3	संत कुमार महतो पिता स्व0 राम सुन्दर महतो	
4		9	40	रैयती	मकान	0.0000	4	रवि प्रकाश कुमार पिता संतोष मेहता	
5		22	39	रैयती	मकान	0.0000	5	संत कुमार महतो पिता स्व0 राम सुन्दर महतो	
6		45	19	रैयती	मकान	0.0000	6	बालेश्वर महतो पिता सुदेश्वर महतो	
7		45	19	रैयती	मकान	0.0000	7	सरकारी आगनबाड़ी	
8		45	23	रैयती	मकान	0.0000	8	सुदेश्वर महतो पिता स्व0 केश्वर महतो	
9		6	27	रैयती	मकान	0.0000	9	गिरिवर महतो पिता स्व0 विशुनधारी महतो	
10		45	20	रैयती	मकान	0.0000	10	राजदेव कुमार पिता स्व0 भुनेश्वर महतो	
11		6	18	रैयती	मकान	0.0000	11	अखिलेश राम पिता स्व0 मुनेश्वर राम	
12		9	186	रैयती	मकान	0.0000	12	विन्देश्वरी महतो पिता स्व0 केश्वर महतो	
13		34	44	रैयती	मकान	0.0000	13	विनोद कुमार पिता राम नरेश महतो	
14		9	186	रैयती	मकान	0.0000	14	बिरबल महतो पिता स्व0 मधेश्वर महतो	
15		6	27	रैयती	मकान	0.0000	15	बृजकेश्वर महतो पिता स्व0 विशुनधारी महतो	
16		34	5	रैयती	कुआ	0.0000	16	बुधदेव महतो पिता स्व0 मधेश्वर महतो	
17		34	44	रैयती	मकान	0.0000	17	बुधदेव महतो पिता स्व0 मधेश्वर महतो	
18		34	44	रैयती	मकान	0.0000	18	गणेश महतो पिता राजेन्द्र महतो	
19		45	185	रैयती	मकान	0.0000	19	गोरखनाथ तिवारी पिता स्व0 लक्ष्मण तिवारी	
20		34	44	रैयती	चापाकल	0.0000	20	सरकारी चापाकल	
21		34	44	रैयती	चापाकल	0.0000	20	सरकारी चापाकल	
22		34	44	रैयती	बोरिंग	0.0000	20	सरकारी बोरिंग	
23		34	5	रैयती	मकान	0.0000	23	सरकारी स्कुल	
24		9	12	रैयती	मकान	0.0000	24	जयराम महतो पिता स्व0 सुबेशर महतो	
25		34	43	रैयती	मकान	0.0000	25	नारेन्द्र कुमार मेहता पिता सुबेश महतो	
26		30	189	रैयती	मकान	0.0000	26	राजकपुर मेहता पिता स्व0 जितेन्द्र महतो	
27		34	44	रैयती	मकान	0.0000	27	रामबिलास महतो पिता रामराहु महतो	
28		34	44	रैयती	मकान	0.0000	28	रविन्द्र कुमार पिता उग्रिव महतो	
29		37	198	रैयती	मकान	0.0000	29	संजीत चौधरी पिता स्व0 जयगोविन्द चौधरी	
30		34	44	रैयती	मकान	0.0000	30	सरयु महतो पिता राम सुन्दर महतो	
31		34	44	रैयती	मकान	0.0000	31	सत्यानन्द कुमार पिता स्व0 बालदेव महतो	
32		9	186	रैयती	मकान	0.0000	32	सुदेशर महतो पिता स्व0 केश्वर महतो	
33		45	23	रैयती	मकान	0.0000	33	बिन्देश्वरी महतो वो सुदेश्वर महतो पिता स्व0 केश्वर महतो	
34		9	186	रैयती	मकान	0.0000	34	सुदेश्वर महतो पिता स्व0 केश्वर महतो	
35		9	12	रैयती	मकान	0.0000	35	सुरेन्द्र महतो पिता रामेश्वर महतो	
36		34	44	रैयती	मकान	0.0000	36	सुरेन्द्र महतो वो मुखलेखार कुमार पिता रामेश्वर महतो	
37		15	16	रैयती	कुआ मकान	0.0000	37	वासमती देवी पति विश्वनाथ महतो	
38		37	198	रैयती	चापाकल	0.0000	38	सरकारी चापाकल	
					कुल	**0.0000**			

कानुनगो जिला भू–अर्जन कार्यालय पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 337993 Palamu(24-25)#D

21 घंटे से कम सप्लाई में बिल पर मिलेगी छूट

कनेक्शन कटा तो पुश बटन दबाइए बिजली आ जाएगी, रात में अचानक नहीं कटेगी लाइट

पटना,एजेंसी। बिहार में स्मार्ट बिजली मीटर पर पॉलिटिक्स जारी है। लोगों का आरोप है कि बिजली बिल पहले से ज्यादा आ रहा है। विपक्षी दल भी इसके खिलाफ लगातार आंदोलन कर रहे हैं। आरजेडी, कांग्रेस, भाकपा-माले का आरोप है कि इसके जरिए आम जनता को लूटा जा रहा है। पैसा नहीं रहने पर बिजली काट दी जाती है। क्या सच में स्मार्ट मीटर से बिजली बिल बढ़ गया है? क्या बैलेंस नहीं रहने पर बिजली काट दी जाएगी। ये पारदर्शी है या नहीं? क्या बिजली बिल के नाम पर साइबर फ्रॉड भी हो रहे हैं? ऐसे तमाम सवालों के जवाब पटना के डीएम डॉ. चंद्रशेखर और बिजली विभाग के अधिकारियों ने दिए हैं...

नवंबर तक पटना में सभी घरों में लग जाएंगे स्मार्ट मीटर

नवंबर तक पूरे पटना जिले में 100त्न उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगा दिए जाएंगे। 21 घंटे से कम बिजली मिलने पर बिल में छूट दी जाएगी। हर घर में स्मार्ट मीटर लगाना जरूरी है। आप जितनी राशि का रिचार्ज कराएंगे, उतना ही इस्तेमाल कर सकेंगे। पटना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 12 लाख उपभोक्ता हैं। करीब 7.25 लाख लोगों के यहां स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। नवंबर अंत तक 100त्न लोगों के घरों में इस नए मीटर को लगा दिया जाएगा।

पुश बटन 20 सेकेंड तक दबाने पर सप्लाई चालू हो जाएगी

कनेक्शन कटने के बाद पुश बटन 20 सेकेंड तक दबाने पर सप्लाई चालू हो जाएगी। बैलेंस नहीं रहने या माइनस में होने पर भी 3 दिन तक बिजली नहीं कटेगी। आपको रिचार्ज के लिए एक सप्ताह का समय मिलेगा। रात में अब अचानक बिजली नहीं कटेगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच ही कटेगी।

डीएम ने आगे कहा कि मीटर में लगे पुश बटन के माध्यम से उपभोक्ता पैसा नहीं रहने या बैलेंस माइनस में रहने के बाद भी एक सप्ताह तक इस्तेमाल कर सकते हैं। कनेक्शन कटने के बाद मीटर में लगे पुश बटन को 20 सेकेंड तक दबाए रखिए। कनेक्शन रिस्टोर हो जाएगा। एक महीने में एक ही बार ही इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

मीटर बंद रहने पर भी पैसे कटते हैं ये अफवाह है

डीएम डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि स्मार्ट मीटर की खूबियों को जाने बिना अफवाह फैलाई जा रही है। जैसे स्मार्ट मीटर तेज चलता है। बिल ज्यादा आ रहा है। बंद रहने पर भी पैसा कटता है। कभी भी बिजली काट दी जाती है। बिल के जरिए साइबर फ्रॉड हो रहा है। इन सब बातों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। ये पूरी तरह से पारदर्शी है।

पुराने मीटर में शिकायतें मिल रही थीं, इसलिए लाया गया स्मार्ट मीटर

ऐसी चर्चा है कि नए और पुराने दोनों मीटर एक ही तरह का रीडिंग करता है। अब सवाल उठता है कि आखिर जब सब कुछ एक जैसा ही है तो इसकी जरूरत क्या है। इस पर डीएम ने कहा कि पहले बिल में गड़बड़ी की शिकायतें बहुत आ रही थी। लोग कहते थे कि हमारा घर बंद था, फिर भी बिल ज्यादा आ गया। इस समस्या को दूर करने के लिए नए मीटर को लगाया जा रहा है। ताकि सब कुछ पारदर्शी रहे। पुराने मीटर के रीडिंग में बहुत मैन फोर्स लग रहा था। घर बंद रहने पर दोबारा कर्मियों को रीडिंग के लिए जाना पड़ता था। इसके बाद भी कोई नहीं मिलने पर पुराने बिल के आधार पर ही नया बना दिया जाता था। पुराने मीटर में टेम्परिंग की भी शिकायत रहती थी। तमाम समस्याओं को दूर करने के लिए स्मार्ट मीटर लाया गया है।

21 घंटे से भी कम बिजली सप्लाई तो बिल में मिलेगी छूट

स्मार्ट मीटर लगने के बाद अगर किसी उपभोक्ता को 21 घंटे से भी कम बिजली दिया जा रहा है, तो उन्हें बिल में कुछ छूट भी दी जाएगी। पुराने मीटर में ऐसी कोई सुविधा नहीं थी, लेकिन नए मीटर में ये सुविधा मौजूद है। साथ ही लोड बढ़ने पर लगने वाले फाइन को भी 6 महीना तक के लिए बढ़ा दिया गया है। मतलब तत्काल फाइल नहीं लगेगा। इसके लिए विभाग आपको 6 महीने का समय देगी। 6 महीने में आप लोड कम कर लीजिए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग बिल का प्रावधान है। शहरी इलाकों में 100 यूनिट तक 4.57 प्रति यूनिट और 100 से ऊपर 6.06 पैसा प्रति यूनिट रखा गया है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में 50 यूनिट तक प्रति यूनिट 2.90 रुपए और 50 से ऊपर प्रति यूनिट 3.10 रुपए चार्ज रखा गया है।

स्मार्ट मीटर तेज क्यों चलता है

बिहार में सितंबर 2019 से इसकी शुरुआत की गई थी। टेस्टिंग के लिए सबसे पहले बिजली ऑफिस, बिजली बोर्ड के कर्मचारी, बिजली विभाग से जुड़े लोगों के यहां लगाया गया। नॉर्मल मीटर में जितना बिल आता था, उतना ही बिल नए मीटर में भी आ रहा था। इसके बाद ही इसको आम उपभोक्ताओं के यहां लगाया गया।

उपभोक्ता के यहां लगाने से पहले इसकी टेस्टिंग की जाती है। इसके बाद इसे इन्स्टॉल किया जाता है। इसके बावजूद अगर लोगों को लगता है कि उनका मीटर तेज चल रहा है तो एनएबीएल और बीओआईएस जैसे लैब में मीटर की रैंडम टेस्टिंग करा सकते हैं। साथ ही उपभोक्ता जांच के लिए कुछ दिनों तक नए मीटर के साथ पुराने मीटर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

कटिहार के लाभा स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी में लगी आग:देखने गया युवक झुलसा

कटिहार,एजेंसी। कटिहार-मालदा रेल खंड के लाभा स्टेशन पर गुरुवार को प्लेटफार्म 3 पर खड़ी एक मालगाड़ी में अचानक आग लग गई। स्टेशन मास्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मालगाड़ी कटिहार से क्रॉसिंग के लिए रुकी थी, तभी आग लग गई, जिससे अफरातफरी मच गई। आग की सूचना मिलने पर रेल प्रशासन ने फायर ब्रिगेड को बुलाया, जिसने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

इस घटना से कई ट्रेनें घंटों लेट हो गईं। आग देखने गए लाभा गांव के युवक मोहम्मद फैसल आग की चपेट में आकर झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेजा गया। बताया गया कि मालगाड़ी में डीजल लदा था, जो ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। आग से क्षतिग्रस्त बोगियों को ट्रेन से अलग कर दिया गया। घटना के बाद स्थानीय यात्री और ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। रेलवे के वरीय अधिकारियों को सूचित कर ट्रेन परिचालन बहाल कर दिया गया है।

पुलिस टीम पर हमला करने में शामिल पांच आरोपितों ने किया आत्मसमर्पण

गया,एजेंसी। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रेलवे ओवरब्रिज के पास डायल 112 की पुलिस टीम पर हमला कर पिस्टल छिनने के मामले में गुरुवार को पांच आरोपियों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है। पुलिस की दबिश बढ़ने के बाद आरोपियों ने आत्मसमर्पण किया। इसकी जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम हमला मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका था। अन्य पांच फरार चल रहे थे। इनलोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिसिया दबिश बढ़ने के बाद अन्य पांच आरोपियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वालों में रघु कुमार, कारू मांझी, बबलू मांझी, शिवा मांझी व भोला मांझी शामिल है। बतादें कि बीते 10 सितंबर की देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रेलवे ओवर ब्रिज के पास 10 की संख्या में रहे अपराधियों ने डायल 112 के टीम पर हमला कर दिया था। इस क्रम में अपराधियों ने पुलिस की बाइक और सर्विस पिस्टल छीनी ली थी।

तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दंपति को रौंदा:पत्नी की मौत, पति गंभीर

पोठिया, एजेंसी। कटिहार के पोठिया थाना क्षेत्र में एसएच-77 सड़क पर गुरुवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। घटना नरहिया पेट्रोल पंप के पास की है। बताया जा रहा है कि चंदन कुमार मंडल और उनकी पत्नी सरिता देवी रहटा से समेली जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समेली लाया गया, जहां चिकित्सकों ने सरिता देवी को मृत घोषित कर दिया। चंदन कुमार मंडल गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे थे विधायक :सीतामढ़ी में लोगों ने घेरा

सीतामढ़ी,एजेंसी। सीतामढ़ी में बागमती नदी का तटबंध टूटने से लगभग 40 गांवों की दो लाख से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में आ गई है। बेलसंड और रुन्नीसैदपुर प्रखंड के कई गांवों में तटबंध टूटने से बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। इससे सैकड़ों परिवारों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। प्रभावित लोग एनएच-77 या ऊंचे स्थानों पर रहने को मजबूर हैं।

बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों को मवेशियों के चारे और सुरक्षित स्थान की समस्या हो रही है। सड़कों पर पानी भरने से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। प्रशासन की तरफ से राहत कार्य शुरू होने में देरी के कारण लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। रुन्नीसैदपुर से जेडीयू विधायक पंकज मिश्रा जब बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे तो नाराज ग्रामीणों ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायक के सामने ही मुर्दाबाद के नारे लगाए गए, जिसके बाद उनका वहां से कटते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय लोग राहत सामग्री और प्रशासनिक सहायता की कमी से परेशान हैं।

एनसीईआरटी का प्लान -कोचिंग-ट्यूशन का चक्कर खत्म, घर बैठे पोर्टल पर मुफ्त पढ़ाई

भागलपुर,एजेंसी। अब पोर्टल से घर बैठे बिहार के विद्यार्थी निशुल्क पढ़ाई करेंगे। इससे उनकी कोचिंग और ट्यूशन की निर्भरता खत्म हो जाएगी। इसकी पहल राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने की है। इस बाबत देशभर के 25 केंद्रीय विद्यालय और 25 अन्य स्कूलों के शिक्षकों को मुक्त शैक्षिक संसाधन (ओईआर) का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों की मदद से स्कूलों में बच्चों को सभी मुक्त शैक्षिक संसाधनों के बारे में बताया जाएगा।

मुक्त शैक्षिक संसाधन का मतलब सीखने और पढ़ाने की ऐसी सामग्री, जो किसी के भी उपयोग के लिए ऑनलाइन निशुल्क उपलब्ध हो। इनमें निष्ठा, स्वयं व दीक्षा समेत सभी पोर्टल की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण पानेवालों में बिहार के केन्द्रीय विद्यालयों के पांच शिक्षक भी शामिल हैं। इन्हें मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। पटना रीजन के छह क्लस्टर के पांच-पांच शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। ये पांच शिक्षक अब पटना रीजन के छह क्लस्टर से पांच-पांच शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे।

बीते 30 अगस्त को पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम केन्द्रीय विद्यालय कंकड़बाग में हुआ। इसमें पटना रीजन के कुल छह क्लस्टर बरौनी, कटिहार, मुजफ्फरपुर, पटना, सोनपुर और गया से कुल 30 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उन्हें एनसीईआरटी के सभी ऑनलाइन पोर्टल के बारे में बताया गया, जिस पर बच्चे पढ़ाई कर सकते हैं।

इंटरनेट से बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे

इस मामले में केन्द्रीय विद्यालय कहलगांव की प्राचार्य डॉ. जया पांडे मिश्रा ने बताया कि इंटरनेट के माध्यम से बच्चे अच्छे तरीके से पढ़ाई कर सकेंगे। एनसीईआरटी के ऐसे कई पोर्टल हैं, जो घर बैठे बेहतर तैयारी कराते हैं। अन्य माध्यमों से पाठ्य सामग्री ढूंढ़ने में उन्हें परेशानी नहीं होगी। शिक्षक बच्चों के स्वअध्ययन के लिए मार्गदर्शन करेंगे। विशेषज्ञ शिक्षक बच्चों की आवश्यक मदद करेंगे। उन्हें कोचिंग की जरूरत नहीं होगी। एनसीईआरटी की कोशिश है कि बच्चों की सभी जरूरतें पोर्टल पर या विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से पूरी की जाएंगी।

नालंदा में 6 अक्टूबर को सम्मानित होंगे सैकड़ों खिलाड़ी

बिहार अवार्ड सेरेमनी का होगा आयोजन, राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर कार्यक्रम

आई ग्लैम के दसवें वार्षिकोत्सव पर भव्य आयोजन

एवं दशमोत्सव आयोजन होने जा रहा है। वहीं 24वां बिहार अवार्ड सेरेमनी 2024 का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों पैरालंपिक और सामान्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में योगेंद्र सिंह (निदेशक, माध्यमिक शिक्षा), विजय प्रकाश मीणा (निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग), शशांक शुभंकर (जिलाधिकारी, नालंदा), भारत सोनी (पुलिस अधीक्षक, नालंदा) और पूर्व निशक्त आयुक्त डॉ. शिवाजी कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति शिरकत करेंगे। यह संभवतः आजादी के बाद पहली बार है जब हरनौत में बिहार स्तरीय इतना बड़ा खेल का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन के माध्यम से दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मानित करके उनके हौसले को बढ़ावा दिया जाएगा और उन्हें प्रेरित किया जाएगा।

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है

आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन ने पूरी तरह से तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। आयोजन स्थल को साफ-सुथरा रखने के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह आयोजन दिव्यांगों के लिए एक मंच प्रदान करेगा जहां वे अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे और सम्मानित हो सकेंगे। यह आयोजन दिव्यांगों के प्रति समाज के नजरिए को बदलने में भी मदद करेगा।

ये करेंगे कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम का आयोजन बिहार स्पोर्ट्स एसोसिएशन, स्पेशल ओलंपिक भारत-बिहार, बिहार डिसएबल स्पोर्ट एकेडमी, बिहार दीफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन, बिहार ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन, इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ सेरेबरल पलसी, इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ ऑटिस्म, बिहार एसोसिएशन ऑफ पीडब्ल्यूडी, पाटलिपुत्र पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ समर्पण और एक्शन फॉर ऑल चाइल्ड कंसर्न के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

गंडक के जलस्तर में कमी से बाढ़ पीड़ितों को राहत :मोतिहारी में किसानों ने मुआवजे की मांग की

- **बोले-सैकड़ों एकड़ में लगी फसल हुई बर्बाद**

मोतिहारी,एजेंसी। मोतिहारी के संग्रामपुर प्रखंड के पूछरिया गाँव में पांच दिनों तक बाढ़ का पानी कम होने के बाद तबाही का मंजर सामने आया है। बाढ़ से खेतों और घरों में भारी मलवा जमा हो गया है। किसानों के घर टूट गए हैं, और उनकी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं।

किसानों ने नाव पर टीम से बातचीत में बताया कि प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिली है, और उनकी सारी उम्मीदें अब बह गई हैं। खेतों में बाढ़ ने तीन बार कहर ढाया है, जिससे फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। अब किसानों के सामने यह सवाल है कि आने वाले दिनों में वे क्या खाएंगे। किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है ताकि उनकी फसल बर्बादी की भरपाई हो सके।

सौ एकड़ में लगी फसल बर्बाद: जगदेव साह और नीरज सिंह ने कहा कि सरकार को न केवल मुआवजा देना चाहिए, बल्कि नदी से होने वाले कटाव पर भी तुरंत काम शुरू करना चाहिए, जिससे भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके। लगभग सौ एकड़ से अधिक धान और गन्ने की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं।

मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया और पटना के बीच वंदे भारत चलाने का प्लान

- **त्योहारों में बिहारियों का घर आना होगा आसान**

मुजफ्फरपुर,एजेंसी। बिहार के लोगों के लिए खुशखबरी है। त्योहार पर उत्तर बिहार के रेलयात्री वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेन में सफर का मजा ले सकते हैं। दीपावली और छठ के मौके पर दिल्ली से बिहार के लिए चार वंदे भारत या अमृत भारत पूजा स्पेशल चलाने की तैयारी रेलवे कर रहा है। यह दोनों गाड़ियां बिहार की पटरियों पर कब से दौड़ेगी, रेलवे बोर्ड ने फिलहाल यह तय नहीं किया है। इसमें एक सप्ताह से अधिक का समय लग सकता है।

त्योहार पर नई दिल्ली से बिहार खासकर मुजफ्फरपुर और दरभंगा बड़ी संख्या में लोग आते हैं। ऐसे में उत्तर बिहार आने वाली ट्रेनें ओवरलोड होती हैं। सामान्य रिजर्वेशन में टिकट मिलना तो दूर तत्काल टिकट भी नहीं मिल पाता है। ऐसे में रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की सहूलियत के लिए दिल्ली से मुजफ्फरपुर, दरभंगा के साथ गया और पटना के बीच एक-एक वंदे भारत या अमृत भारत त्योहार स्पेशल चलाने की तैयारी की है। इसे लेकर संबंधित जोन को रेलवे बोर्ड की ओर से तैयारी करने को कहा गया है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि रेलवे की ओर से नहीं की गयी है।

मुजफ्फरपुर में गोदाम सील शराब की बोतलें होती थी पैक

मुजफ्फरपुर,एजेंसी। मुजफ्फरपुर में उत्पाद विभाग की टीम ने एक गोदाम सील किया है। यहां शराब पैकिंग होती थी। टीम ने मौके से भारी मात्रा में स्प्रिट से तैयार शराब, अर्द्ध निर्मित शराब, विदेशी शराब की बोतलें, पैकेट, रैपर, ढक्कन, मुहर, बॉटलिंग मशीन और वाटर प्लांट जब्त किए गए हैं।

टीम ने शराब तस्कर धीरज कुमार को भी गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। अन्य की धंधेबाजों की पहचान की जा रही है। विभाग ने लदौरा के पास डुमरी पुल के पास कार्रवाई की है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर शिवेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार शराब धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि विदेशी शराब की बोतल पैकेजिंग का काम चल रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद उत्पाद विभाग की विशेष टीम ने मौके पर छापेमारी की। इस दौरान एक की गिरफ्तारी हुई है।

बाइक के धक्के से महिला की मौत, बाइक छोड़कर भागा

छपरा,एजेंसी। छपरा-मशरक मुख्य मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेंनुआ गांव के समीप तेज गति से जा रहे बाइक सवार ने एक महिला को धक्का मार दिया। गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। मृतका स्थानीय थाना क्षेत्र की चंदा देवी बताई जाती है। शव का पोस्टमार्टम छपरा सदर अस्पताल में हुआ। घर के रहने वाले महेश राय ने बताया कि वह बाजार से घर आ रही थी तभी बाइक सवार में टक्कर मार दी और वह गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। ? बाइक सवार तेजपुरवा गांव का रहने वाला बताया जाता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

उधर घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख पुकार और कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार को ढांढस आसपास के महिलाओं ने घर पर पहुंचा कर दिया। लोगों का कहना था कि बाइक सवार तेज गति से गाड़ी चला रहा था। यही वजह है कि महिला की जान चली गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

सीआरपीएफ जवान ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

रांची, एजेंसी। सीआरपीएफ के एक जवान ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. यह घटना नगड़ी थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित सेंबो स्थित सीआरपीएफ कैंप में गुरुवार सुबह घटी. यहां ड्यूटी पर रहे सीआरपीएफ के जवान ने अपनी इंसास राइफल से खुद को गोली मार ली. मौके पर ही उसकी मौत हो गयी घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के वरीय अधिकारी समेत नजदीक के थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. सीआरपीएफ के जवान ने किस वजह से गोली मारी है, अब तक इसकी आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने नहीं आयी है. बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से वह मानसिक रूप से तनाव में था. मृतक जवान की पहचान राहुल कुमार के रूप में हुई है, वह मूल रूप बोकारो जिले का रहने वाला था. गौरतलब है,कि इससे एक दिन पहले बुधवार की सुबह चाईबासा में एक एएसआई ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी.

झारखंड में एक साल में 12 से अधिक जवानों ने की आत्महत्या: झारखंड में बीते एक साल में पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना के 12 से अधिक जवानों ने आत्महत्या की है. इनकी आत्महत्या की मुख्य वजह या तो वर्क प्रेशर है, नहीं तो उनकी निजी जिंदगी में चल रही परेशानियां. बता दें कि ड्यूटी पर तनाव, ओवरटाइम और छुट्टी ना मिलना पुलिसकर्मियों की जिंदगी का हिस्सा बन गया है. इसका असर उनकी लाइफस्टाइल पर भी पड़ने लगा है. काम के दबाव के कारण उन्हें स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं. इन परेशानियों से तंग आकर पुलिसकर्मी आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं. पुलिसकर्मियों द्वारा समय से पहले रिटायरमेंट लेने के पीछे भी शायद यही वजह है।

ईश्वर का दूसरा रूप है स्वच्छता : अंजनी कुमार

धनबाद , एजेंसी। डीवीसी मैथन परियोजना में बुधवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनायी गई. परियोजना प्रधान अंजनी कुमार दुबे ने बापू की तस्वीर पर फूल-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. साथ ही परियोजना में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि ईश्वर का दूसरा रूप स्वच्छता ही है. आप अपने कार्य स्थल व घर के आसपास स्वच्छ रखें, ताकि आप स्वस्थ रह सकें. वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने पखवाड़े की रूपरेखा प्रस्तुत की. समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों और कार्मियों ने पुष्प अर्पित कर दोनों महापुरुषों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की. कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (मानव संसाधन) पिंकी ने किया. मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक राम स्नेह शर्मा, महाप्रबंधक सुरेंद्र साहू, शैलेश गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक दीपनारायण पटेल, संजीव कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे.

झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को

रांची, एजेंसी। विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस को चुनाव मोड में लाने की तैयारी शुरू हो गयी है. जल्द ही झारखंड में आचार संहिता लग सकती हैं. इसे देखते हुए चार अक्टूबर(शुक्रवार) को सभी रेंज के डीआईजी और जिलों के एसपी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम चुनाव आयोग के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा हैं. धुर्वा स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम दिन के 11 बजे से शाम के 5.15 बजे तक चलेगा. निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार और आईजी अभियान एवी होमकर पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे.

निर्वाचन आयोग के मैनुअल के तहत प्रशिक्षण दिया जायेगा: विधानसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में कराया जाना है. इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग नयी दिल्ली से जारी मैनुअल के तहत ही प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों को मतदानकर्मियों की सुरक्षा से लेकर बूथ की निगरानी तक की रणनीति से अवगत कराया जायेगा।

झारखंड से दिल्ली के लिए चलेगी नई एक्सप्रेस ट्रेन, उड़ीसा रूट पर बनेंगी 3 रेलवे लाइन

रांची, एजेंसी। रेलवे ने दिल्ली रूट के लिए गोड्डा स्टेशन से एक नई एक्सप्रेस ट्रेन का ऐलान किया है। इसकी समय सारिणी भी रेलवे द्वारा जारी कर दी गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड और ओडिशा की तीन नई लाइन का शिलान्यास कर सकती हैं। उनका 23 अक्तूबर को रायरंगपुर स्थित पैतृक गांव ऊपरबेड़ा में आगमन प्रस्तावित है। इससे ओडिशा मयूरभंज जिला प्रशासन रायरंगपुर स्टेशन से 18 किमी और ऊपरबेड़ा गांव के आधा किमी दूर खेत में हैलीपेड बनवा रहा है।

पिछले महीने प्रधानमंत्री ने भी चाकुलिया-बुरामारा, बादामपहाड़-क्योंझर और गुरुमाहिसानी-बांगडीपोसी नई लाइन को मंजूरी दी है। रेलवे करीब 57 सौ करोड़ से 227 किमी नई चाकुलिया-बुरामारा, बादामपहाड़-क्योंझर व गुरुमाहिसानी-बांगडीपोसी के बीच नई लाइन बिछाएगा। तीनों नए रेल मार्ग पर 18 स्टेशन बनेंगे, जबकि तीन सुरंग के साथ 447 छोटे-बड़े पुल व ओवरब्रिज बनाने की तैयारी है। रेलवे का मानना है कि तीनों नई लाइन शुरू होने से टाटानगर समेत हावड़ा-मुंबई और ओडिशा रेल मार्ग पर लाइन जाम की समस्या खत्म हो जाएगी और यात्री ट्रेनों के परिचालन में भी सुधार होगा।

गोड्डा से दिल्ली ट्रेन को रेल मंत्रालय की स्वीकृति: गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस परिचालन को रेल मंत्रालय की स्वीकृति मिल गई है। इस बाबत रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा द्वारा पत्र जारी किया गया है। इसमें ट्रेन परिचालन की समय सारिणी दी गई है। ट्रेन परिचालन की तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।

गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस साप्ताहिक चलेगी। ट्रेन दिल्ली से सोमवार दोपहर 3 बजे (14050) खुलेगी। गोड्डा मंगलवार दोपहर 3 बजकर 45 मिनट पर पहुंचेगी। गोड्डा से यह ट्रेन (14049) बुधवार पूर्वाह्न 10 बजे खुलेगी। गुरुवार सुबह 9 बजकर 10 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी।

इन जगहों से होकर गुजरेगी ट्रेन दिल्ली गोड्डा एक्सप्रेस : दिल्ली से खुलकर टुंडला, कानपुर, प्रयागराज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, गया, कोडरमा, जमुआ, न्यू गिरिडीह, मधुपुर, जसीडीह, देवघर, ककनी और हंसडीहा होते हुए गोड्डा पहुंचेगी। गिरिडीह से ट्रेन का परिचालन लगभग 150 साल पहले शुरू हुआ था। गिरिडीह से मधुपुर या पारसनाथ जाकर ही गिरिडीहवासी दिल्ली के लिए ट्रेन पकड़ पाते थे।

की सवारी कर पाते थे। 150 साल बाद राजधानी दिल्ली के लिए ट्रेन की स्वीकृति मिलने पर गिरिडीहवासियों में हर्ष है। इसके लिए दक्षिण-पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, रेल मंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है।

टाइगर जयराम महतो का ऐलान, डुमरी विधानसभा सीट से लड़ेंगे विधानसभा चुनाव; 6 और प्रत्याशी घोषित

रांची, एजेंसी। झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले झारखंड क्रांतिकारी लोकतांत्रिक मोर्चा ने छह विधानसभा सीटों से अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी अध्यक्ष जयराम महतो डुमरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने डुमरी, जमुआ, राजमहल, तमाड़, सरायकेला और छतरपुर सीट से प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। गुरुवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी अध्यक्ष जयराम महतो ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि बुधवार को पारसनाथ में आयोजित केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से छह प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई। जयराम ने बताया कि अगले एक-दो दिनों में पार्टी की दूसरी सूची भी जारी की जाएगी। छह प्रत्याशियों में से दो महिलाओं को उन्होंने टिकट देकर आधी आबादी का

भी सम्मान किया है। अपनी दूसरी सीट के बारे में जयराम ने कहा कि वह टुंडी, बाघमारा, मांडू, गोमिया या बेरमो में से किसी एक सीट पर और चुनाव लड़ेंगे।

सिल्ली से अमित को प्रत्याशी बनाने का प्रयास जयराम महतो ने कहा कि सिल्ली को लेकर वह विशेष रणनीति तैयार कर रहे हैं। वहां से पूर्व विधायक अमित महतो को जेकेएलएम से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है। वह चाहते हैं कि झारखंडी हित की बात करनेवाले नेता मिलकर चुनाव लड़ें तो बेहतर है।

खतियान आधारित नियोजन नीति समेत स्थानीय मुद्दों पर लड़ेंगे जयराम महतो ने कहा कि वह स्थानीय मुद्दे पर लड़ेंगे। झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति की मांग पार्टी करती आ रही है। इस मुद्दे को वह जनता के बीच में ले जाएंगे। साथ ही विस्थापन, कोल एरिया में मजदूरों की समस्या को लेकर चुनाव में जाएंगे। झारखंड की लगभग सभी पाटियों ने उनसे गठबंधन के लिए ऑफर दिया है,पर वह किसी से गठबंधन नहीं करने वाले हैं। जयराम ने कहा कि संताल में बांग्लादेशी घुसपैठियों का वह विरोध करते हैं। घुसपैठियों की वजह से आदिवासियों की संख्या घट रही है। इससे झारखंड की डेमोग्राफी बदल जाएगी।

70 सीटों पर लड़ेगी पार्टी, छह पर प्रत्याशी तय: जयराम ने कहा कि उत्तरी छोटानागपुर की सभी सीटों समेत लगभग 70 सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुकी है। बाकी सीटों पर आवेदन आए तो सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। जयराम महतो ने जमुआ से रोहित कुमार दास, राजमहल से मोतीलाल सरकार, तमाड़ से दमयंती मुंडा, सरायकेला से प्रेम मार्डी, छतरपुर से प्रीति राज को जेएलएलम का प्रत्याशी घोषित किया है।

कतरास में जनशक्ति दल के कार्यालय के पास झाड़ियों में बम मिलने से सनसनी

धनबाद/कतरास, एजेंसी। रामकनाली ओपी क्षेत्र के 8 लाइन सड़क किनारे जन शक्ति दल के प्रधान कार्यालय के समीप झाड़ियों में गुरुवार को एक जिंदा बम बरामद किया गया. जन शक्ति दल व जदयू समर्थकों के बीच जमीन विवाद के बाद बम मिलने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई. मामले को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं. खबर पाकर रामकनाली ओपी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर मौके पर पहुंचे और बम को डिफ्यूज कराया. इसके बाद लोगों ने राहत की सांसें ली. बताया जाता है कि आठ लेन सड़क के किनारे दल के प्रधान कार्यालय जाने वाले मार्ग की झाड़ियों की साफ-सफाई दल के सुप्रीमो सूरज महतो के भाई करा रहे थे. साफ-सफाई कर रहे मजदूरों ने झाड़ियों में बम देख कर लोगों को जानकारी दी. देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई.

मालूम हो कि बीते दिनों उदलबनी मौजा की जमीन को लेकर जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह व जन शक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो के समर्थकों के बीच मारपीट की घटना हुई थी. इस दौरान गोली चलने की बात भी कही जा रही थी. घटना के बाद एक ओर जहां दल के सुप्रीमो सूरज महतो ने जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह, उनके भतीजे सूरज सिंह, प्रिंस सिंह सहित अन्य पर हत्या की नियत से गोली चलाने का आरोप लगाया था. वहीं, दीप नारायण सिंह के भतीजे सूरज सिंह ने दल के सूरज महतो को अपराधी बताते हुए कहा था कि खमारगोडा की जमीन के एवज में उन लोगों से 50 लाख की रंगदारी मांग रहे थे. नहीं देने पर जमीन की बाउंड्री वॉल क्षतिग्रसत कर मारपीट की गई।

दुर्गा पूजा के बीच सेलकर्मियों की हो गई बल्ले-बल्ले, मिलेगा 26,500 रुपये बोनस

बोकारो, एजेंसी। सेल कामगारों के बोनस पर एक अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रबंधन व एनजेसीएस नेताओं की वार्ता विफल होने के बाद प्रबंधन ने निर्णय किया है कि संयंत्रकर्मियों को इस मद में 26,500 रुपये तथा प्रशिक्षुओं को 21,200 रुपये देगा। यह राशि दुर्गापूजा से पहले कर्मियों के खाते में भेज दी जाएगी।

गुरुवार को सेल कॉरपोरेट ऑफिस से आदेश जारी कर दिया गया है। इस्को बर्नपुर स्टील प्लांट की तरफ से सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। बोकारो एवं अन्य स्टील प्लांट की ओर से शुक्रवार की सुबह आदेश जारी होने की संभावना है।

हालांकि, सेल प्रबंधन के आला अधिकारी एनजेसीएस के वरीय नेताओं से लगातार संपर्क कर रहे है। गत वर्ष भी समझौता नहीं होने की स्थिति में प्रबंधन ने 23 हजार रुपये का भुगतान कर दिया था।

एनजेसीएस स्टेयरिंग कमेटी के समन्वयक सह सीटू के वरिष्ठ नेता ललित मोहन मिश्र ने साफ कहा कि बोनस के मसले पर प्रबंधन के साथ कोई समझौता नहीं किया है, ना ही समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ है। ऐसे में यदि संयंत्रकर्मियों के बैंक खाते में प्रबंधन अपनी ओर से बोनस राशि भेज रहा है तो यह मनमानी है।

पिछले साल भी प्रबंधन ने बोनस के समय ऐसा ही किया था। ऐसे में सेल में नवंबर के बजाय अक्टूबर में ही हड़ताल हो जाएगी जो 30 जून, 2021 की ऐतिहासिक हड़ताल से भी घातक परिणाम देने वाली होगी। प्रबंधन ने बोनस मद में 26,500 रुपये का प्रस्ताव दिया, जबकि हम 52 हजार रुपये की मांग कर रहे है।

इस मुद्दे पर प्रबंधन यदि अगली बैठक बुलाता है तो हम जरूर जाएंगे, लेकिन कर्मचारियों की मेहनत व कंपनी का लाभ देखते हुए 40,500 रुपये से कम बोनस पर समझौता नहीं होगा।

वहीं, इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीवा रेड्डी ने कहा कि सेल में हड़ताल ही अब एकमात्र विकल्प रह गया है। प्रबंधन यदि कामगारों के बैंक खाते में राशि भेज भी देता है तो हमारा निर्णय नहीं बदलेगा। एनजेसीएस की पांचों यूनियन की ताकत कर्मचारियों को उनका हक दिलाकर रहेगी।

कंपनी के पूर्व अधिकारियों का 11 माह का बकाया पर्क्स तथा सेवारत अफसरों के पीआरपी भुगतान पर पेंच फंस गया है। सेल प्रबंधन कंपनी की वित्तीय स्थिति का हवाला देकर ज्यादा बोनस देने को तैयार नहीं है।

ऐसे में बगैर बोनस समझौता अधिकारियों को पीआरपी व पर्क्स दिया जाना आग में घी का काम करेगा। हालांकि माना जा रहा है कि कर्मचारियों को भुगतान के बाद अधिकारियों को लेकर भी निर्णय होगा।

चंपई सोरेन का दावा, कहा- अंग्रेजों की तरह बांग्लादेशियों से खाली कराएंगे आदिवासियों की जमीन

पाकुड़, एजेंसी। भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठ पर हेमंत सोरेन की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने खून बहाकर अंग्रेजों को भगाया और उससे आदिवासियों की जमीन खाली कराई।

इसी तरह हम बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाकर अपनी जमीन खाली कराएंगे। हम आदिवासी बहन और बेटियों के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे। हमें जाहेर थान और मांझी थान को बचाना है। इसके लिए हमें एक और लड़ाई लड़नी पड़ी तो हम लड़ेंगे।

वे गुरुवार को पाकुड़ के बाजार समिति मैदान में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि संताल परगना में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण कई गांव ऐसे हैं, जहां आज कोई आदिवासी नहीं बचा।

हम इस मामले में आदिवासी समाज को जगाएंगे। कहा कि हम सम्मेलन के माध्यम से आदिवासियों को जगाने आए हैं। उन्हें यह बताने आए हैं कि किस प्रकार उनके अस्तित्व को मिटाने का काम किया जा रहा है। उनकी सभ्यता, संस्कृति पर हमला किया जा रहा है।

यहां के बाद गांव-गांव जाकर आदिवासियों को जगाने का काम करेंगे। कहा कि आदिवासियों की परंपरागत कानून व्यवस्था के तहत यह काम किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आदिवासी समाज की जमीन है। जब इस जमीन को बेचने का कोई कानून नहीं है।

एसपीटी एक्ट में कोई इसे खरीद नहीं सकता तो फिर जमीन की बिक्री कैसे हो गई। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा हम एक-एक जमीन वापस लेकर रहेंगे। उन्होंने सीतापहाड़ी, पत्थर घट्टा, नसीपुर आदि गांव का नाम लेते हुए कहा यह आदिवासी गांव था। आज इस गांव में एक भी आदिवासी नहीं बचे।

पीजी मेडिकल कॉलेज में राज्य कोटा की 117 सीटों पर होगा नामांकन, लिस्ट भी हुई जारी

रांची, एजेंसी। राज्य के सरकारी मेडिकल कालेजों में पीजी मेडिकल पाठ्यक्रम के लिए राज्य कोटा की कुल 117 सीटों पर नामांकन होगा। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने नामांकन के लिए उपलब्ध सीटों की कालेजवार एवं विभागवार सूची जारी कर दी है।

इसके तहत रिम्स, रांची में 18 विभागों में कुल 90 सीटों पर नामांकन होगा, जिनमें सभी ओपेन सीटें हैं। एमजीएम, जमशेदपुर के 14 विभागों में कुल 21 सीटों पर नामांकन होगा, जिनमें 19 ओपेन तथा दो इन सर्विस कोटे की सीटें सम्मिलित हैं।

एसएनएमसीएच, धनबाद के दो विभागों में कुल पांच सीटों पर नामांकन होगा जो ओपेन सीटें हैं। रांची सदर अस्पताल के एक विभाग में एक सीट पर नामांकन होगा, जो इन सर्विस श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए आरक्षित है।

बताते चलें कि इस बार राज्य के मेडिकल कालेजों में पीजी मेडिकल में नामांकन की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। इसके तहत अब सभी राउंड की काउंसलिंग के लिए एक बार ही आनलाइन पंजीकरण होना है।

पंजीकरण की समय सीमा एक अक्टूबर को खत्म हो चुकी है। आनलाइन पंजीकरण करानेवाले अभ्यर्थियों से राज्य मेधा सूची तैयार होगी, जिसके आधार पर ही पहली, दूसरी तथा तीसरी काउंसलिंग के साथ-साथ स्ट्रे राउंड की काउंसलिंग होगी।

राज्य में संचालित बीएड संस्थानों में बड़ी संख्या में सीटें अभी भी रिक्त हैं। तीन-तीन राउंड की काउंसलिंग के बाद भी सीटें रिक्त हैं। कई संस्थानों में 50 से अधिक सीटों पर अभी तक नामांकन नहीं हो सका है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने कुल 136 संस्थानों में रिक्त सीटों की सूची जारी कर दी है।

चुनाव से पहले प्लस और मानइस का खेल, भाजपा को भी बनना पड़ेगा खतरों की खिलाड़ी

रांची, एजेंसी। राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक दलों में विरोधी को परास्त करने के लिए बैठकों, रैलियों व घोषणाओं के साथ ही उठापटक और कूदफांद भी चल रही है। ऐसे में एक दल को छोड़कर दूसरे दलों में जाने वाले नेताओं की संख्या भी बढ़ गई है।

सबसे ज्यादा नेता फिलहाल भाजपा की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि, इससे भाजपा के सामने भी एक मुश्किल आकर खड़ी हो गई है। चुनाव से पहले अन्य दलों से प्रभावी नेताओं के आने का क्रम जारी है।

इनके लिए सीटें सुरक्षित होने से पार्टी में पहले से सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है। पलामू में यह सामने भी आया। हुसैनाबाद के एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह भाजपा में शामिल होने वाले हैं।

इससे पूर्व से वहां सक्रिय नेताओं ने विरोध में संगठन पर दबाव बनाया। इस्तीफे की धमकी तक दी गई। नेताओं के साथ-साथ उनके समर्थकों के आने से स्थानीय स्तर पर राजनीति भी बड़े पैमाने पर प्रभावित होती है।

अन्य क्षेत्रों से भी इससे संबंधित शिकायतें पार्टी के प्रदेश नेतृत्व को मिल रही है। संभवतः ऐसी ही परिस्थिति से निपटने के लिए कुछ दिन पूर्व पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि आने वालों की सूची अधिक है, लेकिन पार्टी विचार करने के बाद ही इस पर निर्णय करेगी।

भाजपा की यही दिक्कत गठबंधन के मोर्चे पर भी है। पार्टी ने जदयू के साथ तालमेल किया है। इस तालमेल से जो सीटें निकल रही हैं, उसपर भाजपा के प्रत्याशी चुनाव लड़ते रहे हैं। सीट जदयू के पाले में जाने का नुकसान दल को उठाना पड़ सकता है।

जदयू का संगठनात्मक ढांचा मजबूत नहीं है। ऐसे में उसकी अधिकाधिक निर्भरता भाजपा पर होगी। अन्य दल के पाले में सीट जाने से पार्टी के कार्यकर्ता शिथिल भी हो सकते हैं। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को इसका अहसास है। एक वरीय पदाधिकारी ने कहा कि तालमेल के तहत चुनाव लड़ने के अपने फायदे-नुकसान हैं। गठबंधन का निर्णय शीर्ष नेतृत्व के जिम्मे हैं। केंद्रीय नेतृत्व से निर्देश प्राप्त होने के बाद कार्यकर्ताओं से बेहतर समन्वय का प्रयास किया जाएगा।

विचार-मंथन

संपादकीय

बिहार में तबाही की कल्पना डरा रही

विडंबना यह है कि जब भी नेपाल में बारिश और बाढ़ अधिक होती है, तो इसकी मार अनिवार्य रूप से बिहार पर पड़ती है। अगर बांधों के दरवाजे न खोले जाएं, तो बांध के ही टूटने का खतरा बढ़ जाएगा, जिसके बाद की तबाही की कल्पना भी डरा देती है। यह आशंका पहले से थी कि नेपाल में भारी बरसात का बिहार पर भी व्यापक असर पड़ सकता है। अब नेपाल में बांधों से बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने के बाद बिहार में जैसी तबाही मची है, उससे गहरी चिंता पैदा हो गई है। बिहार के कई जिलों की नदियों में उफान आ गया है और अब बाढ़ का पानी जितने बड़े दायरे में फैल गया है, उसे देखते हुए राज्य में अतीत में आई बाढ़ की त्रासद स्मृतियां ताजा हो गई हैं। गौरतलब है कि नेपाल में इस बार की बरसात का दबाव इतना ज्यादा है कि वहां कोसी बांध के कई दरवाजे खोलने की नौबत आ गई।नतीजतन, बिहार में कई नदियों के तटबंध टूट गए और अब उन्नीस जिलों में बाढ़ का पानी का फैल चुका है, सैकड़ों गांवों में पानी भर गया है और दस लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इससे पहले 2008 में समूचे कोसी क्षेत्र में भयावह बाढ़ आई थी, जिससे हुई व्यापक तबाही को इस बार याद किया जा रहा है, लेकिन बताया जा रहा है कि 1967 के बाद कोसी में और 2003 के बाद गंडक नदी में इतना पानी पहली बार आया है।विडंबना यह है कि जब भी नेपाल में बारिश और बाढ़ अधिक होती है, तो इसकी मार अनिवार्य रूप से बिहार पर पड़ती है। अगर बांधों के दरवाजे न खोले जाएं, तो बांध के ही टूटने का खतरा बढ़ जाएगा, जिसके बाद की तबाही की कल्पना भी डरा देती है। करीब सात दशक पहले भारत और नेपाल के बीच बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए कोसी नदी परियोजना की शुरुआत की गई, मगर अब भी यह त्रासदी कायम है।बरसात के मौसम में उफन कर जानमाल को व्यापक नुकसान पहुंचाने वाली नदियों को तटबंध बना कर नियंत्रित करने की कोशिश की गई, लेकिन बाढ़ के पानी के दबाव में जब ये तटबंध टूटते हैं, तब कई बार सामने पड़ने वाली समूची बस्तियां बह जाती हैं। सवाल है कि कई दशकों से कायम इस समस्या के समाधान के लिए सरकारों की ओर से कब कोई ऐसी योजना सामने आएगी, जिससे इतने बड़े इलाके में थोड़ी राहत महसूस की जा सके।

भारत ने पश्चिमी एशियाई देशों को भेजा अमन का पैगाम

पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर हमारे प्रधानमंत्री ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि दुनिया में आतंकवाद का किसी भी रूप में समर्थन नहीं किया जा सकता, पर पश्चिम एशिया में शांति को लेकर भारत प्रतिबद्ध है। बंधकों की सुरक्षित रिहाई भी सुनिश्चित होनी चाहिए। भारत सदा से आतंकवाद के विरुद्ध रहा है। अमेरिका के विश्व व्यापार केंद्र पर आतंकी हमले के बाद जब दुनिया के अनेक देशों ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध छेड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की थी, तब भारत उनमें अगली कतार में शामिल था। मगर अभी तक दुनिया भर में चले अभियानों का इस दिशा में कोई उल्लेखनीय नतीजा नजर नहीं आया है। मगर भारत जहां भी मौका मिलता है, इस जरूरत को रेखांकित करता रहता है।पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय मंचों से कह चुके हैं कि कुछ देश अपनी विदेश नीति में आतंकवाद का समर्थन करते और कुछ देश आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई रोकने का परोक्ष प्रयास करते हैं। दरअसल, भारत खुद आतंकवाद से पार पाने की कोशिशों में जुटा हुआ है। इजराइल को उसके पड़ोसी फिलिस्तीन, लेबनान और यमन के आतंकी संगठनों से चुनौती मिलती रही है। इन दिनों वह उनसे आरपार की लड़ाई में जुटा हुआ है।मगर जिस तरह इजराइल हमास, हिजबुल्लाह और हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमले कर रहा है, उसमें बहुत सारे बेगुनाह लोग मारे गए हैं और मारे जा रहे हैं। उसमें अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों की भी अनदेखी हो रही है। अस्पतालों, स्कूलों तक को निशाना बनाया जा रहा है। बहुत सारे रिहाइशी इलाके ध्वस्त किए जा चुके हैं। बीमार और लाचार लोगों तक जरूरी सुविधाएं भी नहीं पहुंच पा रहीं। हिजबुल्लाह के कमांड हसन नसरल्लाह को मार गिराने के बाद इजराइल ने अपना रुख यमन के हूती विद्रोहियों की तरफ केंद्रित कर दिया है।वहां भी वैसी ही तबाही की आशंका है, जैसी फिलिस्तीन के गाजा पट्टी और लेबनान के बेरूत में देखने को मिली है। इसमें सारी दुनिया की चिंता मानवाधिकारों के हनन को लेकर पैदा हो गई है।

भ्रष्टाचारियों की ढाल बनी केंद्र और राज्यों की सरकारें

(योगेंद्र योगी)

केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों ने 212 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए 543 अफसरों व कार्मिकों पर अभियोजन स्वीकृति लंबित है। भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक दल बड़े-बड़े दावे करते हैं। वादे हैं वादों क्या, भ्रष्टाचार को लेकर कुछ ऐसी ही हालत भारत की है। भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक दल बड़े-बड़े दावे करते हैं। भाजपा गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। इसी तरह विपक्षी दलों ने भी केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार को निशाने पर रखा था। सत्ता पक्ष और विपक्ष के भ्रष्टाचार पर एक-दूसरे पर जबरदस्त प्रहार के बावजूद यह मुद्दा सुरसा के मुंह की तरह लगातार फैलता ही जा रहा है। भ्रष्टाचार की इस गंगोत्री से कोई अछूता नहीं है। भ्रष्टाचार का जड़ से खात्मा करना तो दूर बल्कि सत्तातंत्र भ्रष्टाचारियों की ढाल बन कर खड़ा है। इसमें कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं हैं। देश को खोखला करने वाले इस धीमे जहर को संरक्षण देने में केंद्र और राज्यों की सरकारों पीछे नहीं हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों ने 212 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए 543 अफसरों व कार्मिकों पर अभियोजन स्वीकृति लंबित है। सीबीआई के कामकाज पर निगरानी रखने वाले केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक इनमें राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) की सरकारों में अभियोजन स्वीकृति के 41 मामले शामिल हैं जिनमें 149 अधिकारी भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे अधिक शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गईं। इसके बाद दिल्ली के स्थानीय निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के खिलाफ शिकायतें मिलीं। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सभी श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 66,373 का निपटारा कर दिया गया और 7,830 शिकायतें लंबित हैं। सीवीसी की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार में वित्त मंत्रालय के विभिन्न विभागों में अभियोजन स्वीकृति के सबसे ज्यादा 75 मामले लंबित हैं जिनमें 197 भ्रष्ट अफसर-कार्मिक फंसें हैं। इनमें वित्तीय सेवा विभाग के 53 मामलों में मुकदमा चलाने की अनुमति लंबित है। वित्त मंत्रालय के बाद रक्षा, रेल, शिक्षा तथा कार्मिक मंत्रालयों में लंबित मामलों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा है। राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में भ्रष्टाचार के मामलों में सैकड़ों अफसरों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। राज्यों/केंद्रशासित राज्यों में कुल 41 भ्रष्टाचार के मामलों 149 अधिकारी आरोपित हैं। इनमें महाराष्ट्र में 3 मामलों में 41 अधिकारी, उत्तर प्रदेश में 10 मामलों में 31, प.बंगाल में 4 मामलों 25, केंद्रशासित जम्मू-कश्मीर में 4 में 19, पंजाब में 4 में 6, मध्यप्रदेश में 1 भ्रष्टाचार के प्रकरण में एक अधिकारी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक नियमों के अनुसार सीबीआइ से प्रस्ताव भेजे जाने के बाद अधिकतम तीन माह में अभियोजन स्वीकृति देने का प्रयास किया जाना चाहिए लेकिन लंबित मामलों में 249 अधिकारियों के खिलाफ 81 मामले तीन माह की अवधि से अधिक पुराने हैं। सीवीसी की रिपोर्ट में उन मामलो का भी जिक्र किया है जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दरकिनार कर दिया गया। इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केंद्र सरकार के अधीन संस्थाएं (पीएसयू-बैंक आदि) शामिल हैं। सीवीसी केंद्रीय मंत्रालयों और पीएसयू-बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) के जरिये भ्रष्टाचार व अनियमितताओं पर नजर रखता है। सीवीसी ने कहा है कि कुछ संगठन आयोग की सलाह पर अमल करने और आरोपी अधिकारी को चार्जशीट जारी करने में देरी करते हैं। इससे कई मामलों में दोषी अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाता है और समय सीमा चूकने के कारण कोई भ्रष्ट अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। गौरतलब है कि सरकारी विभागों में विषबेल की तरह बढ़ते भ्रष्टाचार पर भारत विश्व में कलंकित हो रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के लिए भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 93वें स्थान पर रहा। जबकि वर्ष 2022 में भारत की रैंक 85 वीं थी। अर्थात भारत में भ्रष्टाचार की रफ्तार थमी नहीं है। इसमें तेजी आई है। इस सूचकांक में भारत आठ पायदान आगे बढ़ गया। वर्ष 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण एशिया में पाकिस्तान (133) और श्रीलंका (115) अपने अपने कर्ज के बोझ तले दबे हैं और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि हालांकि दोनों देशों में मजबूत न्यायिक निगरानी है, जो सरकार को नियंत्रण में रखने में मदद कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन (76) ने पिछले दशक में भ्रष्टाचार के लिए 37 लाख से अधिक सार्वजनिक अधिकारियों को दंडित करके अपनी आक्रामक भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई से सुर्खियां बटोरीं। भ्रष्टाचार से देश एक भी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश अछूता नहीं है। केंद्र हो या राज्यों में चाहे किसी भी राजनीतिक दल की सरकारें हों, किन्तु एक भी सत्तारुढ़ दल यह दावा नहीं कर सकता की कोई भी एक विभाग पूर्णत~ भ्रष्टाचार से मुक्त हो सका है। देश की तरक्की मे बाधक बना यह मुद्दा सिर्फ शोर-शराबे तक ज्यादा सीमित है। जमीनी स्तर पर कोई भी राजनीतिक दल इसके जड़ सहित खात्मे की दिशा को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार के मामलों सिर्फ नौकरशाह ही शामिल हैं। राजनेता भी इसमें पीछे नहीं हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो दोनों के गठजोड़ के कारण ही भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जा रहा है। केंद्र और राज्यों की सरकारें विकास और पारदर्शिता के चाहे जितने दावे कर लें, जब तक भ्रष्टाचार मौजूद है तब तक देश इस मुद्दे पर शर्मसार होता रहेगा।

> *सीवीसी की रिपोर्ट में उन मामलो का भी जिक्र किया है जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दरकिनार कर दिया गया। इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केंद्र सरकार के अधीन संस्थाएं (पीएसयू-बैंक आदि) शामिल हैं। सीवीसी केंद्रीय मंत्रालयों और पीएसयू-बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) के जरिये भ्रष्टाचार व अनियमितताओं पर नजर रखता है।*

संभावना से भरी पहाड़ी सड़कों पर आपदाओं की आशंका

(वीरेंद्र कुमार पैन्यूली, पर्यावरण कार्यकर्ता)

किसी भी देश-समाज में सड़कें विकास की निशानी होती हैं, मगर हमारे देश में पहाड़ की सड़कों को, कम से कम स्थानीय लोगों के परिप्रेक्ष्य में, आपदाओं की उत्प्रेरक के रूप में भी देखा जाता है। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के कई जिलों और उत्तराखंड के चमोली, टिहरी, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, बागेश्वर के अनेक गांवों में गिरते शिलाखंडों, धंसती जमीनों और मलबों से लोग भयभीत हैं। इन जिलों के सौ से भी अधिक भयभीत गांवों के लोग अन्यत्र पुनर्वासित होने पर विचार करने लगे हैं। अपने कष्ट का कारण ये लोग गांव के ऊपर या नीचे से जाने वाली सड़कों को मानते हैं, विडंबना यह है कि वे इन सड़कों के करीब रहने के लोभ से बच भी नहीं पाते। निस्संदेह, सड़कें बेहतर भविष्य की आस जगाती हैं और उनके बनने के बाद आस-पास की जमीनों के भाव भी बढ़ जाते हैं। मगर पहाड़ों में सड़कें जब चौड़ी की जाने लगती हैं, तो इसके लिए चट्टानों को ज्यादा गहराई तक काटना पड़ता है। विस्फोट से पहाड़ों के हिस्से उड़ाने पड़ते हैं। ऐसे में, सड़क संबंधी आपदाएं भी ज्यादा गहराने और पसरने लगती हैं। आप खुद देख सकते हैं कि जगह-जगह ऐसे बोर्ड लगे हैं, जिन पर लिखा है, सड़क के इन हिस्सों में रुकना खतरनाक है। ऐसी कई घटनाएं घट चुकी हैं, जब खड़े वाहनों या सड़क पर चलते लोगों के ऊपर पहाड़ से मलबा-पत्थर आ गिरा और लोग मारे गए। पहाड़ों में तीर्थयात्रियों व पर्यटकों के फंसने के क्रम में ही प्राय~ सड़कें खबर बनती हैं। उन सड़कों के कारण आने वाली आपदाओं पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। विडंबना यह है कि सड़कों को जल्द से जल्द खोलने के जो उपाय किए जाते हैं, उनसे भी कई बार समस्याएं बढ़ जाती हैं। बड़ी-बड़ी मशीनों का इस्तेमाल कर गहराई तक पहाड़ों को काटकर रास्तों को तत्काल साफ तो कर दिया जाता है, लेकिन इससे जो स्थिर ढालें अस्थिर हो जाती हैं, उनको स्थिर करने की आवश्यकता पर काम नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में भारी बोल्डर्स लुढ़कते रहते हैं। सड़कों के समीप बसे अधिकांश ग्रामीणों का यही कहना है कि सड़कों पर रोक दीवार अवश्य बनाई जानी चाहिए। आखिर पहाड़ों में सड़क बनाने का उद्देश्य क्या है? वे यहां के निवासियों की जरूरतें पूरी कर रही हैं या फिर बढ़ा रही हैं? पहाड़ों में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं व चिंतकों को एक सवाल दशकों से बेचैन किए हुए है कि ऐसा क्यों होता है कि पहाड़ों में अंतराल तक तो छोटे-बड़े मालवाहक वाहन भर-भरकर पहुंचते हैं, परंतु वहां से लौटते हुए अधिकांश खाली ही होते हैं? यह इस बात का भी संकेत है कि पहाड़ प्रमुखत~ खरीदार है, विक्रेता नहीं। यह किसी भी क्षेत्र की अनुकूल आर्थिक दिशा नहीं हो सकती। पहाड़ों के संदर्भ में एक विडंबना यह भी है कि जरूरी नहीं, मोटर सड़कों से दूरियां कम हो गई हों। ऐसे अनेक उदाहरण आपको यहां मिल जाएंगे, जहां दो गांवों के बीच की पैदल दूरी आधा किलोमीटर है, किंतु मोटर सड़कों से सात किलोमीटर हो गई है। अब इन्हीं सड़कों के अवरोधित होने पर उन दूरियों को पैदल तय करने के बजाय घंटों सड़क खुलने का इंतजार करते लोग मिल जाएंगे। सड़कों पर अति-विश्वास के कारण पहाड़ी किसानों व बागवानी करने वालों को कई बार भारी नुकसान उठाना पड़ जाता है। ऐसी खबरों से स्थानीय अखबार भरे रहते हैं कि जब फल या खेती की अन्य नगदी फसलें तैयार हैं और उनको बेचने का समय है, तब ऐन उसी समय मोटर सड़कें कई-कई दिनों तक अवरुद्ध रहीं। प्रख्यात गांधीवादी व पर्यावरण कार्यकर्ता चण्डी प्रसाद भट्ट चमोली जिले में सड़कों के निर्माण के बाद भूस्खलन में बढ़ोतरी की बात तस्वीरों और आंकड़ों के जरिये बताते रहे हैं। उनका कहना है कि सड़कें कहां और कैसे बनाई जानी चाहिए, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। भू-वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ी सड़कें आधा कटान-आधा भरान की पद्धति से बननी चाहिए और नदी-नालों व खेतों में उनका मलबा बेतरतीब ढहा देने की जगह उसका रचनात्मक उपयोग होना चाहिए।

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5512

			7		9		2	
		9	2	1	6			5
5			8		4			
	6					4		
3	7			4			6	1
		2					5	
			9					3
7			3	8	5	2		
	3		4		1			

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5511

8	5	3	2	4	1	6	9	7
9	4	2	6	5	7	8	1	3
1	7	6	9	8	3	2	4	5
5	6	9	4	7	2	1	3	8
2	3	4	8	1	5	9	7	6
7	8	1	3	6	9	4	5	2
6	9	7	5	2	4	3	8	1
4	2	5	1	3	8	7	6	9
3	1	8	7	9	6	5	2	4

आज का राशिफल

मेष

आज भाग्य में वृद्धि का दिन है। आपको करियर में धन लाभ होगा और कारोबार में अच्छी कमाई होने से आपका मन खुश रहेगा। आपको जबर्दस्त सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। भौतिक विकास के अच्छे योग हैं और आपके लिए कारोबार में अच्छा मुनाफा हासिल होगा।

वृष

आज दिन सामान्य रहेगा और आपको पार्टनरशिप के काम में लाभ होगा। पार्टनरशिप के बिजनस में लाभ होगा और आपको घरेलू कामों को निबटाने के लिए सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। शाम के वक्त आपको मंगल उत्सव में शामिल होने का मौका मिलेगा। समाज में धन का खर्च करने से आपकी छवि सुधरेगी।

मिथुन

आज काफी बिजी रहेंगे और दिन भर भागदौड़ करते रहेंगे। पूरा दिन दौड़भाग करनी पड़ेगी। धर्म आध्यात्म में मन लगेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में रुकावट डाल सकते हैं। रात का समय मांगलिक कार्य में समय बीतेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

तुला

आज लाभ होगा और कारोबार में मनचाही सफलता प्राप्त होगी। आपकी तरक्की के शानदार योग बन रहे हैं और आपको खुशी होगी। हर काम में आपको सफलता प्राप्त होगी। अधूरे काम निपट जाएंगे और कारोबार से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में आपके मन के अनुसार खुशी का माहौल रहेगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। रात में कहीं समारोह में जाने से आपका मन खुश होगा।

वृश्चिक

आज दिन सफलता से भरा होगा और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन खुश होगा। आपको खुशी होगी और भाग्य का साथ मिलेगा। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट के मामले में आपके काम सफल हो सकते हैं। पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपके ऊपर इन बातों का कोई असर नहीं होगा।

धनु

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आप खुश होंगे। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है वह करने को मिलेंगे और आपकी तरक्की होगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और ऑफिस में सीनियर से आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। धन में वृद्धि होगी और कारोबार में सफल होंगे।

कर्क

आज लाभ और सफलता प्राप्त होगी और आपका दिन आनंद में बीतेगा। खानपान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन लाभ से भरा होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझकर करें, वरना नुकसान हो सकता है। किसी काम में मन नहीं लगेगा और दौड़भाग अधिक करनी पड़ेगी।

सिंह

आज लाभ होगा और कारोबार में सफलता के योग बन रहे हैं। कारोबार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य से सुलझाएं तो आपको लाभ होगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप सब कुछ अपने हित में कर सकते हैं। आप यदि किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की मदद करें तो अच्छा होगा। कई काम एक साथ हाथ में लेने से आपकी बेचैनी बढ़ सकती है।

कन्या

आज आपसी व्यवहार में संयम से काम लेने की सलाह है। आसपास के लोगों से किसी मामले में उलझने से बचें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात के समय आपकी योजनाएं सफल होंगी और आपके शुभ कार्य की योजनाएं पूर्ण होंगी।

मकर

आज लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। दिन काफी मजबूत है और आपको दिन भर कमाई के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता लाएं तो आपको अच्छा लगेगा और लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। आपके पास पैसा कमाने के कई मौके आएंगे और आपको लाभ होगा।

कुंभ

आज दिन सावधानी और सतर्कता से भरा होगा और आपको बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाने से बड़ा लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम में हाथ डालने से आपको नुकसान हो सकता है। किसी अपने के लिए कुछ आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है। नए मौके को पहचानना आपके हाथ में है। आपके सुख में वृद्धि होगी।

मीन

आज लाभ होगा और आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने से आपको खुशी होगी और आपकी तरक्की होगी। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन की बात हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा और आपका मन काफी खुश रहेगा।

वर्ग पहेली 5512

1		2		3	■	4	5
	■		■	6			
7			8	■	■	9	
	■	10		11	12	■	
■	13		■	14		■	
15	■	16	17		■	18	■
	■	19		■	20		
21		■	22				■

संकेत: बाएं से दाएं

1. भारत के इस राज्य की सीमा एक ओर चीन से तथा दूसरी ओर पाकिस्तान से मिलती है (5)
4. इस देश की राजधानी मेड्रिड है (2)
6. विनाथ या विध्वंस करने वाला (4)
7. देवस्थान, मंदिर वह स्थान जहां ईश्वर का निसास हो (4)
9. रदपट, अधर, ओंठ (2)
10. शत्रुता रखने वाला (4)
13. सात महाडियों का नगर कहलाने वाला यह नगर, देह के बाल (2)
14. न्यायाधीश को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
16. जलता हुआ, प्रदीप्त, चहल-पहल (3)
19. एक बहुमुल्य रत्न, नर-रत्न (2)
20. संग, समेत, के साथ, युक्त (3)
21. श्रीराम के भाई भरत के ज्येष्ठ का नाम जिन्होंने गांधार में तक्षशिला नगरी स्थापित की थी (2)
22. यह यशस्वी मुगल सम्राट अकबर के प्रसिद्ध रत्न थे (4)

ऊपर से नीचे

1. प्रसिद्ध कृति गीत गोविंद के रचयिता (4)
2. ट्रेजिडी क्वीन केनाम से प्रसिद्ध रही अभिनेत्री के पति (7)
3. भास्कर, दिनपति, दिनकर (2)
4. विशेष, खास (3)
5. दीवार में छेद करके होने वाली चोरी (5)
8. जिस समय, जहां, जब (2)
11. भार, बोझ, भार का परिणाम, तौल (3)
12. प्रत्येक पक्ष की तीसरी तिथि, तृतीया (2)
15. विश्व में दुग्ध उत्पादन के लिए इस देश का प्रथम स्थान है (3)
17. अति मद्यपान करने वाला (2)
18. किनारा, तट (3)
20. सकल, समस्त, वर्तमान दौर का एक प्रसिद्ध मनोरंजक टीवी चैनल (4)

वर्ग पहेली 5511 का हल

प	श्चि	म	बं	गा	ल	■	रा
क्ष	■	न	■	धि	ग	■	ह
ध	न	वा	न	■	भ	ग	त
र	म	ना	■	न	ग	ज	■
■	क	■	ब	दी	■	ब	द
से	ह	त	■	म	द	द	■
ह	रा	र	त	■	म	न	न
रा	म	■	वा	म	न	■	बी

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



तुलसी की माला और रुद्राक्ष को एक साथ पहना जा सकता है

हिन्दू धर्म में कई तुलसी और रुद्राक्ष माला का महत्व होता है। मन को शांत रखने और जीवन में सुख-समृद्धि बनाए रखने के लिए हम कई उपाय करते हैं। वहीं हम गले में रुद्राक्ष या तुलसी की माला पहनते हैं। हालांकि कुछ लोग इसके ब्रेसलेट भी बनवाकर गले में पहनते हैं। इन दोनों ही माला को गले में धारण करने के अनेक फायदे होते हैं। वहीं यह भी कहा जाता है कि इन दोनों को एक साथ में नहीं पहनना चाहिए। तो आइये जानते हैं क्या तुलसी की माला और रुद्राक्ष को एक साथ में पहनना चाहिए या नहीं

तुलसी की माला और रुद्राक्ष को क्यों पहना जाता है

तुलसी की माला और रुद्राक्ष को हिन्दू धर्म में महत्त्व अधिक होता है। तुलसी के पौधे की पूजा भी की जाती है। वहीं तुलसी को मां लक्ष्मी का प्रतीक भी माना जाता है। रुद्राक्ष की माला पहनने से मन को शान्ति मिलती है। इन दोनों को पहनने के कई नियम भी होते हैं, जिनका पालन करना बेहद जरूरी होता है। मानसिक तनाव से लेकर जीवन में सुख-समृद्धि को बनाए रखने के लिए तुलसी की माला और रुद्राक्ष को धारण करना शुभ माना जाता है। रुद्राक्ष आपके शरीर में सकरात्मक उर्जा को बरकरार रखने में भी मदद करता है।

क्या है एक्सपर्ट की राय

सेलिब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी के अनुसार, भगवान शिव का एक रूप होता है, जिसे हरिहर के नाम से जाना जाता है। इस रूप में भगवान नारायण और भगवान शिव दोनों हीविराजमान होते हैं। कहा जाता है कि हरिहर में इनकी छवि नजर आती है। हरिहर रूप के आधार पर आप तुलसी की माला और रुद्राक्ष को एक साथ में पहन सकते हैं। इसमें किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं है।

कलयुग में इस रूप में अवतार लेंगे भगवान गणेश, पुराणों में मिलता है वर्णन

मान्यता है कि भगवान विष्णु के कल्कि अवतार लेने के बाद कलयुग का अंत हो जाएगा। इतना ही नहीं, भगवान विष्णु के साथ-साथ भगवान गणेश का भी नए अवतार में जन्म होगा। भगवान गणेश का कलयुग में जो अवतार होगा, उसका नाम 'धूम्रकेतु होगा। वे अपनी सेना के साथ पापियों का नाश करेंगे।

धर्म ग्रंथों के अनुसार, जब-जब संसार में अन्याय और अधर्म फैलने लगा, तब-तब भगवान विष्णु ने नया अवतार लेकर धर्म की पुन- स्थापना की। इनमें से श्रीहरि का 'कल्कि अवतार' अभी होना बाकी है। इसी तरह जब पृथ्वी पर पाप, अत्याचार और अधर्म अपने चरम पर पहुंच जाएंगे, तब भगवान गणेश मनुष्यों को धर्म का मार्ग दिखाने के लिए अवतार लेंगे।

पहले भी अवतार ले चुके हैं भगवान गणेश

पुराणों के अनुसार, जब पृथ्वी पर कलयुग अपने चरम पर होगा और हर तरफ बुराई का साम्राज्य होगा, तब गणपति जी पृथ्वी पर अवतरित होंगे। इससे पहले भी भगवान गणेश कई अवतार ले चुके हैं। वे हर युग में अवतरित हुए हैं और उन्होंने दुष्टों का नाश किया है। सतयुग में वे महोत्कट विनायक के रूप में प्रकट हुए, त्रेतायुग में वे मयूरेश्वर के नाम से जाने गए और द्वापर युग में वे शिवपुत्र गजानन के नाम से जाने गए।

अन्याय का नाश करने के लिए जन्म लेंगे भगवान गणेश

गणेश पुराण में वर्णन किया गया है कि जब ब्राह्मणों का मन वेदाध्ययन की बजाय अन्य कार्यों में लगने लगेगा। जब वे तप, यज्ञ और शुभ कर्म करना बंद कर देते हैं। जब लोग बारिश न होने के कारण नदी के किनारे खेती करने लगेंगे, तब भगवान गणेश कलयुग में अवतार लेंगे। जब लोग लालच के कारण एक-दूसरे को धोखा देने से नहीं हिचकिचाएंगे। विद्वान और धार्मिक लोग भी लोभ के कारण धन कमाने के प्रयास में मूर्ख बन जाएंगे। उनके पास जो कुछ भी है वह भी खो जायेगा। जब लोग पराई स्त्रियों पर बुरी नजर रखेंगे और ताकतवर लोग कमजोर को परेशान करेंगे, तब इस धरती से अन्याय का नाश करने के लिए भगवान गणेश का जन्म होगा। जब कलयुग में लोग धर्म का मार्ग छोड़कर अधर्म के मार्ग पर चलने लगेंगे या लोग अपने लालच को पूरा करने के लिए देवताओं की जगह आसुरी शक्तियों की पूजा करने लगेंगे। ब्राह्मण अपने अच्छे कर्म छोड़कर लालच के कारण अपना पेट भरने लगेंगे।

'धूम्रकेतु' रूप में अवतार लेंगे गणेश जी

जब वैश्य समाज के लोग मेहनत से धन कमाने की बजाय बुरे आचरण से धन कमाने लगेंगे, स्त्रियां अपने पति की भक्ति छोड़कर पाप का मार्ग अपना लेंगी। लोग अपने माता-पिता और बड़ों का अपमान करने लगेंगे, ऐसे में भगवान गणेश को धरती पर आना होगा और अवतार लेना होगा। कलयुग में भगवान गणेश के अवतार को 'धूम्रकेतु' कहा जाएगा। भगवान गजानन इस अवतार में लोगों को ज्ञान देने और कलयुगी समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए अवतरित होंगे। यह भविष्यवाणी गणेश पुराण में की गई है।

नवरात्रि के 9 दिनों में क्या-क्या खरीदें

क्या आप जानते हैं कि नवरात्रि के पवित्र त्योहार पर ऐसी कौन-कौन-सी चीजें खरीदें जिससे सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाए। अगर नहीं तो आप भी जानिए और अवश्य खरीदें नवरात्रि में इन चीजों को.

- आरोग्य पाना चाहते हैं तो नवरात्रि के प्रथम दिन से लेकर अंतिम दिन तक कभी भी गाय का घी लाकर रखें।
- अपना घर चाहते हैं तो मिट्टी का छोटा सा घर लाकर पूजा स्थल में रखें।
- अगर विदेश यात्रा करना चाहते हैं तो 9 दिनों में कभी भी पताका (ध्वजा या परचम) खरीद कर नौ दिनों तक पूजा करें और नवमी के दिन किसी देवी मंदिर में अर्पित करें।
- आर्थिक कष्टों से मुक्ति के लिए चांदी की कोई भी शुभ सामग्री लाकर देवी को समर्पित करें।
- नौकरी में पदोन्नति चाहते हैं तो 3 नारियल लाकर पहले घर में रखें और नवमी के दिन मंदिर में चढ़ाएं।
- आकर्षण बढ़ाना चाहते हैं तो धूप, सुगंध, अगरबत्ती, रूई या चमकीली सफेद सामग्री खरीदें।
- नवरात्रि के दिन मौली खरीद कर उस पर नौ गांठ लगा कर देवी को समर्पित करें और फिर उसे सदा अपने पास रखने से हर कार्य में सफलता मिलती है।
- अपार धन संपत्ति के लिए इन नौ दिनों में किन्नर से पैसा लेकर तिजोरी या पर्स में रखें।
- सौभाग्य में वृद्धि के लिए समस्त सुहाग श्रृंगार सामग्री (कांच, काजल, कुमकुम, मंगलसूत्र, चूड़ी, कंघी, बिछिया, चुनरी) खरीदें और काली मां को नवमी के दिन चढ़ाएं।

नागकेसर पौधे की पूजा किस विधि से करनी चाहिए

हिंदू धर्म में सभी पेड़-पौधे की पूजा के बारे में विस्तार से बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि पेड़-पौधों में देवता वास करते हैं। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि नागकेसर पौधे की पूजा किस विधि से करनी चाहिए।

हिंदू धर्म में पेड़-पौधों को सदियों से पवित्र माना जाता है और इनकी पूजा की जाती है। पेड़-पौधे पंचतत्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश का प्रतिनिधित्व करते हैं। इनकी पूजा करने से व्यक्ति को ग्रहदोष से छुटकारा मिल सकता है। कई पेड़ों को देवी-देवताओं का वास माना जाता है। जैसे पीपल का पेड़ भगवान विष्णु से, तुलसी का पौधा माता लक्ष्मी से और बरगद का पेड़ शिवजी से जुड़ा हुआ है। इनकी पूजा करके हम देवी-देवताओं को प्रसन्न करते हैं। बता दें, नागकेसर पौधे का संबंध भगवान शिव से है। नागकेसर पौधे की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। अब ऐसे में नागकेसर पौधे की पूजा किस विधि से करनी चाहिए और इस पेड़ की पूजा करने का महत्व है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य विस्तार से जानते हैं।

नागकेसर पौधे की पूजा कैसे करें

- नागकेसर पौधे की पूजा करने के लिए ब्रह्म मुहूर्त सबसे उत्तम माना जाता है।
- नागकेसर पौधे की पूजा करने से पहले स्नान-ध्यान करें और पूजा की तैयारी करें।
- पूजा से पहले नागकेसर के पौधे को साफ पानी से धो लें।
- पौधे को एक साफ स्थान पर रखें और उसे रोली से तिलक लगाएं।
- पौधे के सामने एक दीपक जलाएं।
- धूपबत्ती जलाएं।
- नागकेसर के फूलों को तोड़कर भगवान शिव को अर्पित करें। जल, दूध, शहद और चंदन का लेप लगाएं।
- नम: शिवाय मंत्र का जाप करें।
- भगवान शिव की आरती करें।
- आखिर में पूजा करने के बाद भगवान के चीलासी का पाठ एक आसन पर बैठकर करें।
- नागकेसर पौधे की पूजा करने का महत्व क्या है
- नागकेसर को भगवान शिव का प्रिय माना जाता है। इसलिए इसकी पूजा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। नागकेसर की पूजा करने से मन शांत होता है। यह व्यक्ति को मानसिक शांति और स्थिरता प्रदान करता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, नागकेसर का पौधा घर में रखने से वास्तु दोष दूर होते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नागकेसर पौधे की पूजा करने से पारिवारिक शांति बनी रहती है। इसके अलावा नागकेसर पौधे की पूजा करने से व्यक्ति की कुंडली में स्थित ग्रहदोष से भी छुटकारा मिल जाता है।

शनिवार के दिन दीपक जलाने के दौरान जरूर डालें ये एक चीज, शनिदोष से मिल सकता है छुटकारा

शनिवार, हिंदू धर्म में न्याय के देवता शनिदेव को समर्पित दिन है। शनिदेव, र्यदेव के पुत्र हैं और उन्हें कर्मफलदाता के नाम से भी जाना जाता है। शनिवार का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस दिन शनिदेव की पूजा करने से सुख-समृद्धि, आरोग्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

शनि की साढ़े साती के दौरान शनिवार का दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन शनि देव को प्रसन्न करने के लिए उपाय किए जाते हैं। अब ऐसे में किसी जातक की कुंडली में शनिदोष है, तो शनिवार के दिन संध्या के समय दीपक में तिल डालकर जलाना शुभ माना जाता है। आइए इस लेख में इस उपाय के बारे में विस्तार से जानते हैं।

शनिवार के दिन दीपक में डालें काला तिल

हिंदू धर्म में, शनिवार का दिन शनि देव को समर्पित होता है। शनि देव न्याय, कर्म और भाग्य के देवता माने जाते हैं। शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि शनिवार को दीपक में काला तिल डालकर जलाने से शनि देव प्रसन्न होते हैं। शनि देव की दशा, साढ़े साती या कुंडली में शनि का अशुभ प्रभाव होने पर शनिवार को दीपक में काला तिल डालकर जलाने से शनि की पीड़ा कम होती है। काले तिल में नकारात्मक ऊर्जा को सोखने की क्षमता होती है। माना जाता है कि शनिवार को दीपक में काला तिल डालकर जलाने से घर-परिवार से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मकता का संचार होता है।

शनिवार के दिन इस विधि से जलाएं दीपक

- शनिवार को सूर्यास्त के बाद स्नान करके स्वच्छ वस्त्र पहनें।
- एक दीपक लें और उसमें तिल का तेल भरें।
- दीपक में 7, 14, 21 या 28 काले तिल डालें।
- दीपक को शनि देव की प्रतिमा के सामने या घर के पूजा स्थान पर रखें।
- दीपक जलाकर शनि देव का मंत्र जाप करें या शनि चालीसा का पाठ करें।
- दीपक को पूरी तरह जलने दें।

दीपक जलाने के दौरान इन नियमों का करें पालन

दीपक का तेल तिल का तेल ही होना चाहिए। काले तिल स्वच्छ और बिना टूटे हुए होने चाहिए। दीपक को दक्षिण दिशा की ओर रखना चाहिए। दीपक को श्रद्धा भाव के साथ जलाएं। साथ ही जब तक पूरी तरह से न जल जाएं, उसे बूझने न दें। दीपक जलाने के दौरान शनिदेव के मंत्रों का जाप विशेष रूप से करें। साथ ही शनि चालीसा का पाठ करना उत्तम फलदायी साबित हो सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

नागार्जुन ने मंत्री कोंडा सुरेखा के खिलाफ दर्ज कराया मानहानि का केस

हैदराबाद, एजेंसी। दक्षिण भारतीय अभिनेता नागार्जुन ने तेलंगाना सरकार में मंत्री कोंडा सुरेखा के खिलाफ गुरुवार को मानहानि का मामला दर्ज कराया। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि मंत्री कोंडा सुरेखा का आम लोगों के बीच बड़ा प्रभाव है। राजनीति में अच्छा खासा दबदबा है। ऐसे में उनके द्वारा दिए गए किसी भी बयान का दूरगामी प्रभाव होता है। लेकिन बीते दिनों जिस तरह से उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में अभिनेत्री समांथा रुथ प्रभु के निजी जीवन के संबंध में बयान दिया, उसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अभिनेता ने अपने शिकायत पत्र में कहा कि मंत्री ने गांधी जयंती के दिन पत्रकारों से बातचीत के दौरान नागा चैतन्य और समांथा के निजी जिंदगी को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने अपने पब्लिक प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किसी की निजी जिंदगी के संदर्भ में बेबुनियाद बयान देने के लिए किया है, जो उचित नहीं है। नागार्जुन ने अपनी शिकायत में कहा, मंत्री ने अपने बयान में कहा था कि नागा चैतन्य का तलाक केटीआर की वजह से हुआ। बीआरएस अध्यक्ष केटी रमा राव ने नागार्जुन अक्किनोनी के एन कन्वेंशन सेंटर गिराने से बचाने के लिए समांथा की मांग की। मंत्री ने दावा किया कि केटीआर ने एन कन्वेंशन सेंटर को ना गिराने के बदले में समांथा को भेजने के लिए कहा। नागार्जुन ने समांथा को केटीआर के पास जाने के लिए मजबूर किया। लेकिन, उन्होंने मना कर दिया। इसी वजह से दोनों के बीच तलाक हो गया। कोंडा सुरेखा के बयान की चौतरफा आलोचना हुई। इसके बाद सुरेखा ने कहा कि मैं अपने कहे हुए शब्दों को वापस लेती हूं। मेरा मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। मैं तो व्यक्तिगत तौर पर अभिनेत्री समांथा की तारीफ करती हूं। जिस तरह से उन्होंने अपने पति से अलग होने के बाद अपनी जिंदगी की नई शुरुआत की, उससे कई लोग प्रभावित होते हैं। वहीं, केटीआर के संदर्भ में मंत्री का सख्त रुख दिखा। उन्होंने कहा कि केटीआर ने महिलाओं का अपमान किया है। मैं उन्हें कानूनी रूप से ही जवाब दूंगी।

हरियाणा में कांग्रेस की रैली में करंट लगने से युवक की मौत, दीपेंद्र हुड्डा भी थे मौजूद

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की रैली के दौरान बड़ा हादसा हो गया। हिसार जिले के नारनौंद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जस्सी पेटवाड़ की रैली में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बास बादशाहपुर निवासी 26 वर्षीय युवक वीरभान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रैली में काफी भीड़ ?थी और धक्का-मुक्की होने से युवक बिजली की तारों में फंस गया। करंट लगने से उसकी जान चली गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हांसी के सिविल अस्पताल में रखवा दिया है। रैली में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी पहुंचे थे। नारनौंद अनाज मंडी में वीरवार को कांग्रेस ने नारनौंद हलके से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जस्सी पेटवाड़ के समर्थन में रैली की थी। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा पहुंचे थे। रैली में स्टेज के पास युवाओं ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी, जिसके कारण कुछ युवक बिजली की तारों में फंस गए। इनमें से एक युवक वीरभान को करंट लग गया और वह इसी समय अचेत अवस्था में जमीन पर गिर गया। पहले उसे नारनौंद के सामान्य अस्पताल में ले जाया गया।

सुक्खू सरकार का फैसला- हिमाचल में अब हर टॉयलेट सीट पर लगेगा टैक्स

शिमला, एजेंसी।
हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार अब राज्य में टॉयलेट सीट टैक्स वसूल करने की तैयारी में है। लोगों पर अब उनके घरों में मौजूद टॉयलेट सीट्स की संख्या के आधार पर टैक्स चुकाना होगा। दरअसल, वित्तीय संकट से जूझ रही राज्य सरकार ने हाल ही में इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

सीवरेज और पानी के बिल से जुड़ी सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने घर में बने टॉयलेट की हर एक सीट के लिए 25 रुपये का शुल्क देना होगा। सीवरेज बिल के साथ यह अतिरिक्त शुल्क जल शक्ति विभाग के खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि सीवरेज बिल पानी के बिल का 30 प्रतिशत होगा।

नोटिफिकेशन के अनुसार, जो लोग अपने सोर्स से पानी का उपयोग करते हैं

और केवल सरकारी विभाग से सीवरेज कनेक्शन का उपयोग करते हैं, उन्हें हर महीने प्रति टॉयलेट सीट 25 रुपये का शुल्क देना होगा। विभाग ने इसे लेकर आदेश सभी मंडल अधिकारियों को जारी कर दिए हैं। इससे पहले पहाड़ी राज्य में पानी के बिल जारी नहीं किए जाते थे।

बीजेपी सरकार ने घोषणा की थी कि अगर वह सत्ता में आई तो मुफ्त पानी दिया जाएगा। लेकिन हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने अब हर कनेक्शन पर 100 रुपये महीने पानी का बिल जारी करने का आदेश दिया है। इसकी शुरुआत अक्टूबर से हो गई है। शहरी क्षेत्रों में रहने वालों को इन नए सरकारी शुल्कों का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि आमतौर पर लोग अपने घरों में कई टॉयलेट बनवाते हैं और अब प्रत्येक टॉयलेट सीट पर शुल्क लगाया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में कुल 5 नगर निगम, 29 नगर पालिकाएं और 17 नगर पंचायतें हैं, जिनमें कुल मिलाकर लगभग 10 लाख लोग रहते हैं। सरकार के नए आदेश से राज्य की एक बड़ी आबादी पर असर पड़ने की उम्मीद है।

टॉयलेट टैक्स को लेकर बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, जहां भी कांग्रेस आई, वहां महंगाई लाई, बर्बादी लाई। अब हिमाचल प्रदेश में, अपने वादों से राज्य को दिवालिया बनाने के बाद, हम देख रहे हैं कि कैसे लोगों पर लगातार टैक्स लगाया जा रहा है। यहां तक कि कांग्रेस पार्टी ने टॉयलेट को भी नहीं बख्शा। कांग्रेस पार्टी बहुत सारे वादे करती है, लेकिन वे कभी उन्हें पूरा नहीं करते। वे बस राज्यों को दिवालिया बनाते हैं और इस तरह के टैक्स लगाते हैं।

जीसस पर भाजपा विधायक की टिप्पणी से उबले ईसाई, 130 किलोमीटर लंबी चेन बना दी चेतावनी

जशपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के जशपुर की भाजपा विधायक रायमुनि भगत की ईसा मसीह को लेकर की गई टिप्पणी से ईसाई समुदाय में भारी आक्रोश है। समुदाय के लोगों ने विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए जशपुर के सभी पुलिस थानों में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर सड़क उतरकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में ईसाई समुदाय के लोगों ने बृहस्पतिवार को लगभग 130 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाकर ईसा मसीह के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए भाजपा विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। ईसाई आदिवासी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार किस्पोट्टा ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पत्थलगांव से लोदाम गांव तक एक-दूसरे का हाथ पकड़कर लगभग 130 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला तैयार बनाई और विरोध प्रदर्शन किया। किस्पोट्टा ने कहा कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। इस दौरान ईसा मसीह के बारे में जशपुर की भाजपा विधायक रायमुनि भगत की आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई। भगत ने जिले के आस्ता पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढेंगनी गांव में एक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बोली में कथित तौर पर ईसा मसीह और धर्मांतरण के बारे में टिप्पणी की थी। बाद में उनके बयान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद ईसाई समुदाय के लोगों ने विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए जशपुर के सभी पुलिस थानों में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। किस्पोट्टा ने कहा कि भगत के बयान को लेकर ईसाइयों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में शिकायत करने के बावजूद अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, इसलिए हमने मानव श्रृंखला बनाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया। उन्होंने चेतावनी दी कि इसके बाद भी यदि विधायक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

भारत से कैसा दिखता है पवित्र कैलाश पर्वत, पहली बार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

पिथौरागढ़, एजेंसी। पहली बार भारत से ही पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन किए गए। गुरुवार को श्रद्धालुओं ने पुराने लिपुलेख दर्रे से कैलाश पर्वत का नजारा लिया। ओल्ड लिपुलेख पास उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में व्यास घाटी में है। इससे पहले कैलाश के दर्शन करने के लिए लोगों को तिब्बत तक जाना पड़ता था। यह भारत से ही कैलाश के दर्शन करने वाला श्रद्धालुओं का पहला जत्था है। पिथौरागढ़ जिले के पर्यटन अधिकारी कृति चंद्र आर्या ने कहा, पुराने लिपुलेख दर्रे से पांच श्रद्धालुओं ने कैलाश पर्वत के दर्शन किए हैं। बुधवार को वे गुंजी कैंप पहुंचे थे। इसके बाद कैलाश के दर्शन करने के लिए उन्हें ढाई किलोमीटर पैदल चलकर पुराने लिपुलेख दर्रे तक पहुंचना था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी विभागों को कैलाश का दर्शन सुलभ बनाने के लिए धन्यवाद दिया है।

धामी सरकार ने तीन साल में बनाई गई 1481 किमी लंबी ग्रामीण सड़क

निज संवाददाता | देहरादून

पुष्कर सिंह धामी सरकार के तीन साल बेमिसाल के दौरान पीएमजीएसवाई में उत्तराखण्ड में कुल 1481 किमी लंबाई युक्त 519 सड़कों का निर्माण किया गया, जिस कारण 250 सौ से अधिक आबादी वाले 35 नए गांवों तक सड़क पहुंच पाई। धामी सरकार के तीन साल के कार्यकाल में जहां योजना के तहत कुल 1481 किमी लम्बाई युक्त 519 नई सड़कों और 195 सेतुओं का निर्माण किया गया, वहीं पहले से निर्मित 159 किमी लंबी 61 ग्रामीण सड़कों का भी अपग्रेडेशन किया गया। इन सड़कों और पुलों के निर्माण पर कुल 2310 करोड़ रुपए व्यय किए गए। धामी सरकार के दौरान 250 से अधिक जनसंख्या की 35 बसावटों को सड़क से जोड़कर ग्रामीणों की आवाजाही सुगम की गई है। योजना के तहत प्रथम और दूसरे चरण के कार्य अब पूरे होने की स्थिति में पहुंच गए हैं, अब पीएमजीएसवाई तृतीय चरण के तहत पूर्व में निर्मित सड़कों के अपग्रेडेशन के लिए 1824 करोड़ रुपए की स्वीकृति भारत सरकार से मिल गई है, इसके तहत कुल 2288 किमी लंबी सड़कों का अपग्रेडेशन किया जाना है। इसके अलावा वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सड़क से वंचित आठ बसावटों को सड़क सम्पर्क से जोड़े जाने के लिए 119 करोड़ की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त की गई है। इसके बाद प्रदेश में 150 से कम जनसंख्या की कुल 1796 बसावटें ही ऐसी रह गई हैं, जहां सड़क नहीं पहुंच पाई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना दिसम्बर, 2000 में केंद्र की तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेई सरकार ने प्रारम्भ की थी। योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों को सम्पर्क मार्गों से जोड़ना है। यह योजना 90 प्रतिशत केंद्र पोषित है, शेष दस प्रतिशत अंशदान राज्य सरकार का होता है। योजना के प्रारंभ होने से अब तक उत्तराखण्ड में कुल 2329 सड़कों और 312 पुलों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। योजना पर अब तक कुल 10183 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जिसके फल स्वरूप 250 से अधिक जनसंख्या वाली 1846 बसावटों को सड़क से जोड़ा जा चुका है।

शातिर महिला ने फर्जी आईबी अफसर बन पुलिस को ही धमकाया, ऐप से करती थी कॉल; पुलिस रिमांड में खुलासा

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।
ग्रेटर नोएडा सेक्टर-142 पुलिस द्वारा 20 दिन पहले गिरफ्तार की गई फर्जी महिला आईबी अधिकारी जोया खान ने पुलिस कस्टडी रिमांड में एक बड़ा खुलासा किया। उसने बताया कि एक केस की पैरवी के लिए वह पुलिस को धमका रही थी। उसने विवेचक, कोतवाली प्रभारी और डीसीपी को भी कॉल की थी।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी महिला की पहचान जोया खान निवासी तिवारी कैंपस थाना सदर बाजार मेरठ के रूप में हुई है। वह सेक्टर-142 थाने में दर्ज एक मुकदमे की पैरवी करने के लिए फर्जी अधिकारी बनकर पुलिस अधिकारियों को कॉल कर दबाव बना रही थी। आरोपी महिला ने खुद को आईबी और रॉ का अधिकारी बताकर पुलिस अधिकारियों को कॉल की थी। उसने पुलिस को मुकदमे में जल्द से जल्द चार्जशीट लगाने के लिए धमकाया था। इस प्रकरण के वादी के पास भी महिला ने कॉल की थी। वादी की

शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण की जांच की और करीब 20 दिन पहले महिला को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने कोर्ट से रिमांड पर लाकर महिला से पूछताछ की है।

डीसीपी के मुताबिक, सेक्टर-142 थाना क्षेत्र में हाल ही में बैंक मैनेजर ने सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में मैनेजर की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी महिला जोया खान द्वारा इस प्रकरण में पैरवी की जा रही थी। आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई किए जाने और चार्जशीट लगाए जाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस अधिकारियों ने संदेह होने पर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसने यूपीएससी की तैयारी की थी, लेकिन उसका सिलेक्शन नहीं हो पाया था। इसके बाद से वह खुद को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों और पुलिस अधिकारियों पर रौब झाड़ती थी। इसके अलावा रुपये भी वसूलती थी। उसके पास से नीली बत्ती लगी कार भी बरामद हो चुकी है। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने वर्ष 2019 में आरोपी महिला जोया खान को गिरफ्तार किया था। उस दौरान आरोपी महिला ने फर्जी आईएफएस अधिकारी बनकर पुलिस को कॉल की थी। वह पुलिस एस्कॉर्ट के साथ तत्कालीन एसएसपी से मिलने पहुंची थी। तत्कालीन एसएसपी वैभव कृष्ण ने संदेह होने पर महिला की जांच करवाई थी। इसके बाद इसका खुलासा हुआ था। महिला के साथ इसके एक तथाकथित पति को भी गिरफ्तार किया गया था। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पकड़ी गई आरोपी महिला ने वॉट्सऐप की डीपी पर अपनी डीआईजी की वर्दी पहने हुए फोटो लगा रखी थी। पुलिस द्वारा इसकी जांच की गई तो पता चला कि एक बार दिल्ली में डीआईजी द्वारा पीसी की गई थी। इसमें महिला शामिल हुई थी। इसके बाद डीआईजी की वर्दी को देखकर इसने फोटो एडिट कर खुद की फोटो तैयार की थी।

गौ-पालन पर सब्सिडी में गुजरात, मप्र से आगे निकला महाराष्ट्र, खजाने पर 230 करोड़ रुपए बढ़ेगा बोझ

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में महायुति सरकार ने गौशालाओं में देसी गायों के लिए सब्सिडी की घोषणा की है। इस सब्सिडी के तहत रजिस्टर्ड गौशालाओं को प्रति देसी गाय के लिए हर दिन 50 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। महाराष्ट्र में जारी हुई यह सब्सिडी अन्य भाजपा शासित राज्यों से कहीं ज्यादा है। गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान में गौशालाओं को हर दिन प्रति देसी गाय 20 से 40 रुपए की सब्सिडी दी जाती है। वैसे इस नई योजना से महाराष्ट्र सरकार पर हर साल 230 करोड़ रुपए का आर्थिक बोझ भी बढ़ा है। गौरतलब है कि गौशालाओं को आर्थिक मदद मुहैया कराने के लिए यहां पर पहले ही दो योजनाएं चल रही हैं। प्रदेश के वित्त विभाग ने किसी नई सब्सिडी के लिए मना किया था, लेकिन महाराष्ट्र सरकार ने उसकी सलाह को दरकिनार कर दिया है। गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले महाराष्ट्र में गाय को राज्यमाता बनाने का ऐलान किया गया था।

पशुपालन विभाग ने रजिस्टर्ड गौशालाओं के लिए प्रति गाय 30 रुपए प्रतिदिन का प्रस्ताव महाराष्ट्र कैबिनेट के पास भेजा था। इसका मकसद प्रदेश में कम हो रही देसी गायों के संरक्षण को बढ़ावा देना था। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक प्रस्ताव में पहले से जारी योजनाओं का लाभ ले रही गौशालाओं को इससे अलग रखने की बात भी कही गई थी। लेकिन प्रस्ताव पर विचार करने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने हर दिन 50 रुपए प्रति गाय सब्सिडी देने का फैसला किया। यह प्रस्तावित सब्सिडी से 66 फीसदी ज्यादा है। इससे सालाना व्यय 135 करोड़ से बढ़कर 233 करोड़ हो गया है।

सूत्रों के मुताबिक यह बदलाव पशुपालन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल के कहने पर किया गया है। महाराष्ट्र में कुल 824 पंजीकृत गौशाला हैं। अनुमान के मुताबिक इनमें 1,23,389 गाए हैं। सब्सिडी के लिए प्रस्ताव मांगने वाले प्रस्ताव में पशुपालन विभाग ने कहा कि प्रदेश में 2012 में देसी गायों की संख्या 50.5 लाख थी जो 2019 में घटकर 46 लाख रह गई। इसमें यह भी कहा गया कि गौशालाओं में एक गाय के रख-रखाव पर हर दिन 80 रुपए का खर्च आता है। ऐसे में उनकी आर्थिक मदद की जानी चाहिए। हालांकि वित्त विभाग और योजना विभाग ने योजनाओं के दोहराव और नॉन-मेरिट सब्सिडी पर रोक की बात कही थी।

हरियाणा विधानसभा चुनाव: कहीं बिगाड़ेंगे खेल, तो कहीं त्रिकोणीय मुकाबले में निर्दलीय उम्मीदवार

चंडीगढ़ , एजेंसी।
हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार खत्म होने के बाद सभी की नजरें निर्दलीय उम्मीदवारों पर टिकी हुई है। कहीं ये आमने-सामने की टक्कर में नजर आ रहे तो कहीं पर त्रिकोणीय मुकाबला बना रहे। फरीदाबाद मंडल की 12 विधानसभा क्षेत्रों में से छह विधानसभा सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार राष्ट्रीय दलों के उम्मीदवारों को टक्कर देते नजर आ रहे हैं। पृथला विधानसभा क्षेत्र में भी दो निर्दलीयों पर नजर है। यहां से निवर्तमान विधायक नयनपाल रावत फिर से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में हैं। डागर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। जजपा-आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी द्वारा कांग्रेस को समर्थन देने के बाद जजपा-आजाद समाज पार्टी ने दीपक डागर को समर्थन दिया है। इससे पृथला विधानसभा क्षेत्र में मुकाबला दिलचस्प बना हुआ है। तिगांव विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस पार्टी द्वारा टिकट काटे जाने से नाराज होकर पूर्व विधायक ललित नागर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भाजपा उम्मीदवार राजेश नागर और कांग्रेस उम्मीदवार रोहित

नागर को कड़ी चुनौती पेश कर दी है। उधर, बल्लभगढ़ में कांग्रेस पार्टी ने बल्लभगढ़ सीट पर शारदा राठौर के स्थान पर पराग शर्मा को टिकट दी। टिकट कटने के बाद वह निर्दलीय चुनाव मैदान में कूद गईं। अब वे यहां से भाजपा उम्मीदवार मूलचंद शर्मा को टक्कर दे रही हैं। उधर, पुन्हाना विधानसभा सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार एवं पूर्व विधायक रहीश खान ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार मोहम्मद इलियास के सामने कड़ी चुनौती पेश कर दी है। हथीन विधानसभा सीट पर पूर्व विधायक केहर सिंह रावत भाजपा से टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

पीएम इंटर्नशिप योजना में लागू होगा आरक्षण, पहली बार प्राइवेट कंपनियों में कोटे से एंट्री

नई दिल्ली, एजेंसी।
केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को पीएम इंटर्नशिप योजना की शुरुआत कर दी गई है। दिवाली से पहले देश के एक लाख युवाओं के लिए मोदी सरकार ने यह बड़ा तोहफा दिया है। इसके तहत देश की टॉप 500 कंपनियों में इन लोगों को इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा और उन्हें 66,000 रुपये की आर्थिक मदद भी इस दौरान सरकार की ओर से दी जाएगी। कंपनियों के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अनुसार 500 कंपनियों के नाम तय किए गए हैं, जिनमें युवाओं को प्रशिक्षण का मौका दिया जाना है। यह मौका 21 से 24 साल के युवाओं को दिया जाएगा।

इसके लिए कॉरपोरेट मिनिस्ट्री ने एक पोर्टल भी बनाया है। अब तक इस पोर्टल पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, मैक्स लाइफ समेत 111 कंपनियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। इसके

अलावा 1079 इंटर्नशिप प्रोग्राम ऑफर भी किए हैं। अब तक ये उत्तराखंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में ही दिए गए हैं। इन कंपनियों में मुख्य तौर पर प्रोडक्शन और मेंटनेंस डिपार्टमेंट में इंटर्नशिप प्रोग्राम ऑफर किए हैं। अहम बात यह है कि पीएम इंटर्नशिप योजना में एससी,एसटी और ओबीसी आरक्षण को भी लागू किया जाएगा। यह पहला मौका है, जब निजी सेक्टर को लेकर बनी किसी स्कीम में आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाएगी। हालांकि इसमें एक तरह से क्रीमीलेयर का नियम भी जोड़ा गया है।

प्रावधान तय किया गया है कि सालाना 8 लाख रुपये या उससे कम की पारिवारिक आय वाले लोगों को ही इसमें आवेदन का मौका मिलेगा। इसी लिमिट के भीतर ही 50 फीसदी आरक्षण का नियम भी लागू किया जाएगा। इस स्कीम में डॉक्टर, सीए, आईआईटी, आईआईएम से ग्रैजुएट लोग भी आवेदन कर सकेंगे। सरकार का कहना है कि इस स्कीम के तहत युवाओं को उनके होम डिस्ट्रिक्ट या फिर पास के किसी जिले में इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा। सरकार इस स्कीम को 2 दिसंबर तक अमल में ले आना चाहती है।

सरकारी अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में 800 करोड़ रुपये इस योजना में खर्च होंगे। इसके तहत हर महीने युवाओं को 5000 रुपये मिलेंगे और एक बार अतिरिक्त 6000 की सहायता राशि दी जाएगी। अब तक मिली जानकारी के अनुसार 1 लाख युवाओं को इंटर्नशिप की योजना को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लॉन्च किया गया है। इसके बाद इसका अध्ययन किया जाएगा और 5 साल में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण का मौका देने का प्रयास किया जाएगा। उस स्कीम के लिए पायलट प्रोजेक्ट की स्टडी की जाएगी।

पश्चिम बंगाल में लोग पुरानी कीमतों पर बीयर और अन्य शराब खरीद सकेंगे

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल में 16 अगस्त से शराब की कीमतें बढ़ चुकी हैं। हालांकि, शराब पीने के शौकीन लोगों के लिए एक राहत भरी खबर है। पूजा से ठीक पहले कोलकाता के लोग पुरानी कीमतों पर बीयर और अन्य शराब खरीद सकेंगे। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कई खुदरा विक्रेता और दुकानें 16 अगस्त से पहले पुरानी कीमत वाली शराब का स्टॉक कर रहे थे। वे शराब को नई कीमत पर तब तक नहीं बेच पाएंगे जब तक कि पूरी शराब और बीयर नहीं बिक जाती। ऐसे में पूजा के दौरान कई जगहों पर पुरानी कीमतों पर ही शराब बेची जाएगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले 6-7 दिनों तक शराब और बीयर के कई ब्रांड पुरानी कीमतों पर ही बाजार में उपलब्ध रहेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

सार समाचार

आईओए : विवाद के बीच पीटी उषा ने बुलाई विशेष आम सभा, 25 अक्तूबर को होगी बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी। इस बैठक का आह्वान तब किया गया है जब 26 सितंबर को उषा का कार्यकारी परिषद के साथ एक बार फिर सीईओ को लेकर टकराव हुआ था। कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति पर अपना विरोध दोहराया था। सीईओ की नियुक्ति को अभी कार्यकारी परिषद की मंजूरी नहीं मिली है।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति को लेकर संगठन में मचे घमासान के बीच 25 अक्तूबर को विशेष आम सभा (एसजीएम) बुलाई है। बैठक में सीईओ रघुराम अय्यर की नियुक्ति, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव पर भ्रष्टाचार के आरोपों की शिकायत और कई परिषद सदस्यों की पद संभालने की कथित अपात्रता के मुद्दों पर चर्चा होगी।

आईओए भवन में होगी एसजीएम

इन विषयों को लेकर आईओए अध्यक्ष उषा और परिषद के कई सदस्यों के बीच तनातनी चल रही है। खासतौर पर सीईओ की नियुक्ति को लेकर कार्यकारी परिषद के सदस्य विरोध कर रहे हैं। सीईओ की मोटी पगार और पद के लिए उनकी उपयुक्तता को लेकर विरोध किया जा रहा है। पूर्व स्टार एथलीट पीटी उषा ने अधिकारियों को भेजे ई-मेल में कहा कि ये सभी मुद्दे असाधारण और आकस्मिक हैं और ऐसे में प्रभावी निर्णय लेने की जरूरत है और मैं विशेष आम सभा 25 अक्तूबर को आईओए भवन में सुबह 11 बजे बुला रही हूं। जो लोग एसजीएम में खुद उपस्थित नहीं हो सकते वे वेबेक्स के जरिए इसमें शामिल हो सकते हैं, इसके लिए आईओए की वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध होगा।

उषा बोलीं- संघ के सुचारू संचालन के लिए सीईओ महत्वपूर्ण

इस बैठक का आह्वान तब किया गया है जब 26 सितंबर को उषा का कार्यकारी परिषद के साथ एक बार फिर सीईओ को लेकर टकराव हुआ था। कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति पर अपना विरोध दोहराया था। सीईओ की नियुक्ति को अभी कार्यकारी परिषद की मंजूरी नहीं मिली है। उषा ने चेतावनी दी है कि संघ के सुचारू संचालन के लिए सीईओ महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, कार्यकारी परिषद के कुछ सदस्यों द्वारा इस नियुक्ति को स्वीकार करने में देरी और इनकार से हमारे शासन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर असर पड़ रहा है।

अंगद चीमा 10 अंडर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेलकर शीर्ष पर



विशाखापत्तनम, एजेंसी। चंडीगढ़ के गोल्फर अंगद चीमा ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के विजाग ओपन के दूसरे दौर में 10 अंडर 61 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष पर पहुंच गये। पीजीटीआई रैंकिंग में अभी चौथे स्थान पर चल रहे चीमा का दो दौर के बाद कुल स्कोर 12 अंडर 130 का है जिससे वह चार शॉट की बढ़त बनाए हैं। इस सत्र में अभी तक छह बार शीर्ष 10 में रह चुके चीमा ने पहले दौर में 69 का कार्ड खेला था।

टॉम मूडी ने साधा हार्दिक पांड्या पर सीधा निशाना

क्या वह 18 करोड़ का खिलाड़ी है?

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में कुछ दिन पहले इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण के लिए खिलाड़ी नियम जारी किए हैं। नियमों के तहत एक फ्रेंचाइजी छह खिलाड़ियों को साथ रख सकती है। इनमें दो खिलाड़ियों को 18 करोड़ रुपए की स्लैब में रखा गया है जबकि कुछेक को 14 करोड़ रुपए मिलेंगे। एक खिलाड़ी को 11 करोड़ मिलेंगे। इन स्लैब पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई और सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व मुख्य कोच टॉम मूडी ने अपने विचार रखे। मूडी ने बातों ही बातों में कहा कि जिस तरह से आईपीएल के पिछले संस्करण में चीजें हुई, मुझे लगता है कि वह (रोहित शर्मा) पिछले 6-12 महीनों में जो कुछ हुआ उससे थोड़ा निराश होंगे। मेरे लिए 18 करोड़ की स्लैब में बुमराह और सूर्यकुमार यादव होंगे। जब आप हार्दिक पंड्या के साथ उन सभी क्षेत्रों का विश्लेषण करते हैं, तो क्या वह 18 करोड़ का खिलाड़ी बनने के लायक हैं?

क्या वह लायक है? यदि आपको 18 करोड़ का खिलाड़ी बनना है, तो आपको एक वास्तविक मैच विजेता बनना होगा और यह नियमित रूप से करना होगा। मूडी ने साफ तौर पर हार्दिक की फिटनेस और प्रदर्शन पर सवाल उठाया। आईपीएल 2016 विजेता मुख्य कोच ने उस रणनीति पर भी प्रकाश डाला जो एमआई ने पिछले कुछ संस्करणों में अपनाई है, जिसने उन्हें मुश्किल में डाल दिया। उन्होंने अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए इशान किशन और जोफ्रा आर्चर के निश्चित मामले प्रदान करके अपनी राय को सही ठहराया। मूडी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उन्हें नीलामी की मेज पर थोड़ी समस्या हुई है। वे कुछ मामलों में बहुत अधिक वफादार हो गए हैं और खिलाड़ियों को अपनी टीम में बनाए रखने या वापस लाने की कोशिश की है, जो उन्हें महंगा पड़ रहा है। क्लासिक उदाहरण ईशान किशन और जोफ्रा आर्चर थे, दोनों भारी कीमत पर आ रहे थे? मैंने ईशान किशन को देखा और मुझे लगता है कि देखो, वह एक शानदार खिलाड़ी है और बहुत रोमांचक भी है। लेकिन आगामी नीलामी में उन्हें कुछ कठोर निर्णय लेने होंगे।

टी20 वर्ल्ड कप की जीत ने मेरी लाइफ को बदल दिया: रोहित शर्मा

नईदिल्ली, एजेंसी। पिछले दिनों रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप जीता. भारतीय टीम ने फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर दूसरी बार टाइटल अपने नाम किया. इससे पहले टीम इंडिया ने महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप 2007 जीता था. अब सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद अपने अनुभव को साझा कर रहे हैं. साथ ही उन्होंने बताया कि टी20 वर्ल्ड कप जीत ने किस तरह उनकी लाइफ को बदल दिया.

रोहित शर्मा ने कहा कि हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना था, इस वर्ल्ड कप जीत के बाद मेरी लाइफ में लाइफ आया. रोहित शर्मा मराठी भाषा में अपनी बातें रख रहे थे. इसके बाद लोगों का जोश देखने लायक था. भारतीय कप्तान ने कहा कि इससे बेहतर समय रिटायरमेंट के लिए नहीं हो सकता था, इसलिए मैंने टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इंटरनेशनल टी20 को अलविदा कह दिया. सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारतीय टीम जीतते-जीतते रह गई. टीम इंडिया को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हराया. इस तरह भारतीय टीम तीसरी बार वनडे वर्ल्ड कप चैंपियन बनने से चूक गई, लेकिन इसके बाद रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 अपने नाम कर लिया. इससे पहले महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2007 जीता था. इस तरह रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बने.

बबीता फोगाट ने विनेश फोगाट पर लगाया गंभीर आरोप

नईदिल्ली, एजेंसी। पहलवानी के राजनीति के मैदान में अपनी किस्मत आजमा रही दिग्गज पहलवान विनेश फोगाट इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं. पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला 50 किलोग्राम कैटेगिरी में सिर्फ 100 ग्राम वजन ज्यादा होने की वजह से मेडल नहीं जीत सकी थीं. इसके बाद उन्होंने संन्यास का ऐलान कर दिया था. अब वह चुनाव के दंगल में हैं. इन सब के बीच विनेश फोगाट की चचेरी बहन बबीता फोगाट ने एक बड़ा आरोप लगाया है. बबीता ने विनेश पर पेरिस ओलंपिक में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद अपने 'धन्यवाद' नोट में चाचा महावीर फोगट का नाम नहीं लेने का आरोप लगाया गया है. विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद ही संन्यास ले लिया था और अपने 'धन्यवाद' नोट में उन्होंने कोच, फिजियो और अन्य सहयोगी स्टाफ का शुक्रिया अदा किया था. लेकिन इस दौरान उन्होंने अपने पहले कोच महावीर फोगाट का नाम नहीं लिखा था. बबीता फोगाट ने हाल ही में टॉप एंगल विद सुशांत सिन्हा पर बातचीत करते हुए विनेश फोगाट पर ये आरोप लगाया. बबीता ने ये भी बताया कि विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उनके पिता काफी रोए थे. बबीता फोगाट ने कहा, 'मैंने अपने जीवन में सिर्फ तीन बार अपने पिता को रोते देखा है. पहली बार, जब मेरी और मेरी बहनों की शादी हुई थी. दूसरी बार, जब मेरे चाचा की मृत्यु हुई और तीसरी बार, जब विनेश ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दी गई थी. जब मेरे चाचा की मृत्यु हुई, तो विनेश और उसके दोनों भाई-बहनों ने अचानक कुश्ती छोड़ दी. मेरे पिता उनके घर गए और उनकी मां से लड़कर उन्हें कुश्ती में वापस लाने की मांग की. कल्पना कीजिए कि विनेश को बनाने के लिए उन्होंने कितनी मेहनत की होगी. लेकिन उसने अपने गुरु को छोड़कर सभी का शुक्रिया अदा किया.

विनेश फोगाट की सफलता में महावीर फोगाट का बड़ा हाथ

विनेश फोगाट का जन्म हरियाणा के बलाली गांव में हुआ था. विनेश फोगाट सिर्फ नौ साल की थीं, जब उनके पिता का निधन हो गया था. उनके पिता राजपाल सिंह फोगाट की मौत कैंसर से हो गई थी. इसके बाद विनेश के सपनों को साकार किया उनके पिता के बड़े भाई महावीर सिंह फोगाट ने किया, जिन्होंने अपनी बेटियों गीता, बबीता और संगीता को भी रेसलर बनाया.

अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने रचाई शादी

काबुल, एजेंसी। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने शादी कर ली है. राशिद ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शादी रचाई. अफगानी स्पिनर की शादी पख्तून रीति-रिवाजों के साथ हुई. वायरल हुई तस्वीरों के मुताबिक राशिद ने 03 अक्टूबर, गुरुवार को शादी की. उनकी शादी में अफगानिस्तान के तमाम क्रिकेटर्स ने शिरकत की. राशिद की शादी की तमाम तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, राशिद के साथ उनके तीन भाइयों की भी शादी हुई.

रिपोर्ट्स में दावा तो ये भी किया जा रहा है कि राशिद ने रिश्तेदारी में ही शादी की. अगर देखा जाए तो उन्होंने शादी करने के साथ ही एक बहुत बड़ा वादा तोड़ दिया. दरअसल कुछ साल पहले राशिद ने अपने इंटरव्यू में कहा था कि वो अफगानिस्तान टीम के वर्ल्ड कप जीतने के बाद शादी करेंगे. हालांकि गौर करने वाली बात यह है कि 2024 में अफगानिस्तान पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी.

शादी में अफगानिस्तान के कई क्रिकेटर्स ने की शिरकत: राशिद की शादी में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए खेलने वाले उनके तमाम साथी क्रिकेटर्स ने शिरकत की. टीम के दिग्गज ऑलराउंडर मोहम्मद नबी शादी में नजर आए. इसके अलावा ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई भी दिखाई दिए. वहीं नजीबुल्लाह जादरान, रहमत शाह और मुजीब उर रहमान समेत कई और स्टार राशिद की शादी में नजर आए. बाकी अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ नसीब खान ने भी राशिद की शादी में शिरकत की.

पीएसजी के बेराल्डो ने ब्राजील की फीफा विश्व कप क्वालीफायर टीम में चोटिल ब्रेमर की जगह ली

ब्रासीलिया, एजेंसी। पेरिस सेंट-जर्मेन के डिफेंडर लुकास बेराल्डो ब्राजील की टीम में चोटिल ग्लीसन ब्रेमर की जगह लेंगे, जो 2026 फीफा विश्व कप के क्वालीफायर में चिली और पेरू का सामना करेगी।

जुवेंटस के डिफेंडर ब्रेमर, जिन्हें बुधवार को बुल लिपजिग के खिलाफ चैंपियंस लीग मैच के दौरान बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट की चोट लगी थी, आने वाले दिनों में सर्जरी से गुजरेंगे। कोच डोरिवल जूनियर ने कहा, दुर्भाग्य से, हमें एथलीट ब्रेमर के गंभीर रूप से घायल होने की खबर मिली है, वह व्यक्ति जो हमारे सभी सम्मान, विचार, स्नेह और समर्थन का हकदार है, ताकि वह जल्द से जल्द वापस आ सके। उसकी जगह, हम पीएसजी से बेराल्डो को बुला रहे हैं। ब्राजील को चिली की राजधानी में नैशनल डी सैंटियागो में 10 अक्टूबर को क्वालीफायर के नौवें दौर में चिली का सामना करना है, इसके बाद 15 अक्टूबर को ब्रासीलिया में पेरू के साथ उनका मुकाबला होगा। आठ मैचों के बाद दस अंकों के साथ, ब्राजील कॉनमेबोल तालिका में पांचवें स्थान पर है।

यूरोपा लीग:

मैन यूनाइटेड और पोर्टो के बीच मुकाबला 3-3 से ड्रॉ, टोटेनहम की जीत

नई दिल्ली, एजेंसी। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने पोर्टो के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में आखिरी समय में एक अंक बचाया, टोटेनहम ने यूईएफए यूरोपा लीग मैचडे 2 में दो में से दो जीत दर्ज की। हैरी मैगुएर के स्टॉपेज-टाइम हैडर ने पोर्टो के साथ एक रोमांचक मुकाबले में दस खिलाड़ियों वाले यूनाइटेड के लिए एक अंक बचाया।

मार्कस रैशफोर्ड और रैसमस होजलुंड के माध्यम से यूनाइटेड ने 2-0 की बढ़त हासिल की, लेकिन आंद्रे ओनाना द्वारा बचाव करने के बाद पेपे ने मेजबानों के लिए हैडर से अच्छी प्रतिक्रिया दी और फिर सैमू ने ब्रेक से पहले बराबरी का गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस को दूसरा पीला कार्ड दिखाए जाने से पहले सैमू ने अपना दूसरा गोल नेट की छत पर मारकर पोर्टो को आगे कर दिया। पोर्टो जीत से कुछ ही पल दूर था, लेकिन मैगुएर ने क्रिश्चियन एरिक्सन के कॉर्नर को हेड करके गोल कर दिया। अन्यत्र, पपे सार और इन-फॉर्म ब्रेनन जॉनसन की शानदार फिनिश ने बुडापेस्ट में स्पर्स के लिए अधिकतम अंक सुनिश्चित किए।

पहले हाफ के मध्य में ही मेहमान टीम ने बढ़त बना ली थी, जब सार ने ढीली गेंद पर झपट्टा मारा, जिसके बाद जॉनसन ने लगातार पांचवां गेम खेलने के लिए बेंच से उतरकर स्ट्राइक किया। बरनबास वर्गा की शक्तिशाली वॉली ने एंजे पोस्टेकोग्लू के खिलाड़ियों के लिए एक नर्वस फिनिश स्थापित किया, लेकिन प्रीमियर लीग की टीम ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

इंडिया-बांग्लादेश:

ग्वालियर में 14 साल बाद इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी

हाई स्कोरिंग मैच होने की उम्मीद

नईदिल्ली, एजेंसी। ग्वालियर में 14 साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट होना है। इससे पहले शहर में धारा 163 लागू है। हिंदू महासभा ने बंद बुलाया है। प्रशंसक रविवार (6 अक्टूबर) को तीन मैचों की सीरीज के पहले टी20 मैच में रनों की बरसात की उम्मीद कर सकते हैं। नया बना श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा।

मध्य प्रदेश लीग के पहले सीजन के स्कोर को देखते हुए भारत-बांग्लादेश टी20 हाई स्कोरिंग मैच होने की उम्मीद है। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने बताया, जून में यहां खेले गए 12 मैचों में टीमों ने चार बार 200 का आंकड़ा पार किया। यहां की पिचें बल्लेबाजों के लिए मददगार रही हैं और रविवार को भी इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। एमपीएल फाइनल में मालवा पैंथर्स ने ग्वालियर चीताज के खिलाफ एक गेंद शेष रहते 193 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। टूर्नामेंट की शुरुआत जबलपुर लायंस के 4 विकेट पर 249 रन बनाने से हुई। जवाब में भोपाल लेपर्ड्स ने 216 रन बनाए।

टूर्नामेंट के दौरान पहली पारी का औसत स्कोर 171 और दूसरी पारी का 150 रन रहा। अधिकारी ने कहा, औसत स्कोर में गिरावट आई क्योंकि तीन या चार मैच बारिश से प्रभावित थे।

टीम इंडिया के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल ने ग्वालियर में पहले नेट सेशन के दौरान ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के साथ समय बिताया। वह पांड्या के रन-अप पर काम कर रहे थे, खासकर तब जब पांड्या अपने बॉलिंग एक्शन की प्रैक्टिस कर रहे थे। पंड्या के स्टंप के करीब बॉलिंग करने से मोर्कल नाखुश लग रहे थे। हर बार जब पांड्या अपने बॉलिंग मार्क पर वापस जाते थे, तो नए बॉलिंग कोच उनके कान में कुछ कहते थे। 10-15 मिनट के बाद, मोर्कल को पांड्या को उनके रिलीज पॉइंट के बारे में कुछ इशारा करते हुए देखा गया।

ग्वालियर में धारा 163 लागू

बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित अत्याचार के विरोध में हिंदू महासभा ने मैच के दिन ग्वालियर बंद का आह्वान किया है। इसका मुकाबला करने के लिए ग्वालियर की जिला मजिस्ट्रेट रुचिका सिंह ने सोमवार (7 अक्टूबर) तक धारा 163 लागू कर दी है और ग्वालियर पुलिस ने हिंदू महासभा के कम से कम 30 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस तरह, पांच या उससे अधिक लोग कहीं भी इकट्ठा नहीं हो सकते। साथ ही, प्रशासन की अनुमति के बिना जुलूस, प्रदर्शन या सार्वजनिक बैठकें नहीं की जा सकतीं। हिंदू महासभा ने बुधवार को भी विरोध प्रदर्शन किया, जिस दिन दोनों टीमें शहर में पहुंचीं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

बिहार कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने परचम लहराया

पटना (नि.सं.)। बिहार कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने चौथे नेशनल फार्माकोविजिलेंस वीक वर्कशॉप ट्रेनिंग पोग्राम में अपलब्धि हासिल की है। बिहार कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य ने इस सफलता के लिए छात्रों को बधाई दी और नकद राशि देकर सम्मानित किया। कॉलेज की टीम में नमन कुमार दिवाकर, गौतम कुमार और सुधीर ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आईपीए-बिहार इंटर स्टेट भाषण प्रतियोगिता में नमन कुमार दिवाकर ने प्रिम स्थान, शिवानी राज ने द्वितीय स्थान और हर्ष राज तथा पल्लवी कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया था।

बाढ़ पीड़ितों के लिए कांग्रेस ने भेजी राहत सामग्री

पटना (नि.सं.)। बिहार कांग्रेस ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री की पहली खेप भेजी। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम से राहत सामग्री भरी गाड़ी को रवाना किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए तत्पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बाढ़ पीड़ितों को आवश्यक मदद नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ित परिवार को सात हजार रुपेय की मामूली मदद का एलान कर सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती है।

दुर्गापूजा के पहले 1.35 लाख लोगों पर कार्रवाई

पटना (नि.सं.)। पटना। बिहार में दुर्गापूजा के पहले 1.35 लाख लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है। इनमें 26 हजार व्यक्तियों से बांड भरवाया गया है। वहीं, राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिसकर्मियों का फ्लैग मार्च शुरू हो गया है। अपराधियों की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर-14432 जारी किया गया है। सुरक्षा को लेकर राज्य के विभिन्न जिलों में 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। पटना में छह डीएसपी, 80 इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर सहित 2200 जवानों के साथ एक कंपनी दंगा निरोधी दस्ता भी तैनात किया गया है। अन्य जिलों में 31 डीएसपी, 450 इंस्पेक्टर-दारोगा, 12 कंपनी दंगा निरोधी दस्ता, करीब 12 हजार पीटीसी प्रशिक्षु, सिपाही एवं गृहरक्षक तैनात किए गए हैं।

पुलिस ने नक्सली साजिश को किया विफल भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद

मदनपुर संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और औरंगाबाद पुलिस ने संयुक्त रूप से एक अहम ऑपरेशन को अंजाम देते हुए नक्सलियों के बड़े हमले की साजिश नाकाम कर दी। यह अभियान 3 अक्टूबर 2024 को मदनपुर थाना क्षेत्र के भिकम बथान इलाके में चलाया गया, जहां भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई और उसे नष्ट कर दिया गया। गुप्त सूचना पर आधारित इस अभियान में सीआरपीएफ की 47वीं बटालियन, एसटीएफ, 18वीं कोबरा बटालियन और औरंगाबाद पुलिस की टीम ने मिलकर नक्सल प्रभावित इलाके में सर्च ऑपरेशन की योजना बनाई थी। अभियान का मकसद नक्सलियों द्वारा छिपाए गए विस्फोटक सामग्री का पता लगाना और उनके आतंकवादी मंसूबों को विफल करना था। सुरक्षाबलों ने बरामद सामग्रियों को मौके पर ही पूरी सुरक्षा के साथ नष्ट कर दिया। इस दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो ऑपरेशन की सफलता का बड़ा संकेत है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है, ताकि भविष्य में नक्सली गतिविधियों पर और सख्ती से लगाम लगाई जा सके। इस सफल ऑपरेशन से नक्सलियों के हौसले पस्त हो गए हैं। उनकी योजनाओं पर पानी फिरने से उनका मनोबल कमजोर हुआ है। सुरक्षाबलों का कहना है कि इस ऑपरेशन के बाद इलाके में और भी सतर्कता बरती जा रही है, और नक्सलियों के अन्य ठिकानों की तलाशी जारी रहेगी। स्थानीय लोगों में भी इस कार्रवाई से सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है, और वे प्रशासन के साथ खुद को और अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। औरंगाबाद जिले में लगातार चल रहे एंटी-नक्सल अभियानों से नक्सलियों पर दबाव बढ़ा है। प्रशासन और सुरक्षाबलों की यह संयुक्त कार्रवाई क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए बेहद अहम साबित हो रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के सर्च ऑपरेशन लगातार जारी रहेंगे, ताकि नक्सलियों के मंसूबों को पूरी तरह से नाकाम किया जा सके। यह ऑपरेशन न केवल नक्सलियों के खिलाफ एक मजबूत संदेश है, बल्कि क्षेत्र के विकास और सुरक्षा की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद

सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन के दौरान एक गुफा के पास संदिग्ध गतिविधियों को ट्रैक किया। विशेष उपकरणों की मदद से तलाशी में टीम को विस्फोटक सामग्री छिपे होने का संकेत मिला। तुरंत इलाके को घेरते हुए सुरक्षाबलों ने सावधानीपूर्वक खुदाई की, जिसमें 450 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और करीब 300 मीटर लंबा कॉर्डेक्स वायर बरामद हुआ। इन विस्फोटक सामग्रियों का इस्तेमाल नक्सलियों द्वारा किसी बड़े हमले में किया जाना था, लेकिन सुरक्षाबलों की तत्परता से यह योजना विफल हो गई।

वाहनों के चालान पर बढ़ता विवाद, पार्किंग की समस्या बनी मुख्य मुद्दा

पार्किंग की समस्या और समाधान की दिशा में उठाए जा सकते हैं महत्वपूर्ण कदम : डीएसपी

एसवीवी संवाददाता

औरंगाबाद। शहर में सड़क किनारे खड़े वाहनों का चालान कटने से लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। वाहन चालकों का कहना है कि पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वे मजबूरन अपनी गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी करते हैं। लेकिन, पुलिस द्वारा चालान काटने की कार्रवाई से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। यहां तक कि अगर कोई वाहन मात्र 10 मिनट के लिए भी खड़ा हो तो भी उसका चालान कट जाता है। इस समस्या को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह बासु ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ औरंगाबाद यातायात डीएसपी मनोज कुमार से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यह मांग की गई कि शहर में उचित पार्किंग व्यवस्था होनी चाहिए ताकि वाहन चालकों को बेवजह परेशान न होना पड़े। उन्होंने मुख्य रूप से सदर मुख्यालय, रमेश चौक, बायपास चौक और जसोईया मोड़ जैसे प्रमुख स्थानों पर पार्किंग की जगह निर्धारित करने की अपील की, क्योंकि यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि इन स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की उचित व्यवस्था की जाए और ट्रैफिक कंट्रोल रूम तथा सिग्नल का निर्माण किया जाए ताकि ट्रैफिक को व्यवस्थित किया जा सके। अभिषेक सिंह ने यातायात नियमों के पालन के लिए शहर में जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे खासकर कम उम्र के बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी मिल सके। डीएसपी मनोज कुमार ने कहा कि चालान काटकर वाहन चालकों को परेशान करना नहीं है, बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाना है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे अपनी गाड़ियों को सर्विस लेन में पार्क करें ताकि मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति न बने और चालान कटने की नौबत न आए।

इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के अन्य सदस्य जैसे जयंत सिंह, नीपु सिंह, रितेश शर्मा, देवकांत कुमार, चंदन कुमार, गौरव कुमार और मोहम्मद सद्दाम दिलशाद सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। अभिषेक सिंह की इस पहल को शहरवासियों से समर्थन मिल रहा है, और अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस दिशा में क्या कदम उठाता है। शहर में बढ़ती गाड़ियों की संख्या और पार्किंग की अनुपलब्धता के कारण यातायात व्यवस्था पर भारी दबाव है। ऐसे में प्रशासन के सामने यह एक बड़ी चुनौती बन गई है कि कैसे शहर में पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए। अगर पार्किंग स्थलों का निर्माण और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए बेहतर इंतजाम किए जाते हैं, तो शहर में यातायात की स्थिति में सुधार हो सकता है। इसके साथ ही, नागरिकों को भी जागरूक किया जाना जरूरी है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और पार्किंग के नियमों का ध्यान रखें। औरंगाबाद शहर के लिए यह मुद्दा अब केवल चालान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पार्किंग व्यवस्था, ट्रैफिक नियमों का पालन और प्रशासनिक कड़ी निगरानी की मांग को लेकर एक व्यापक चर्चा का केंद्र बन गया है।

इग्नू में नामांकन तिथि बढ़ाई गई, परीक्षा और असाइनमेंट की तारीख भी निर्धारित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से जुड़े सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद स्थित अध्ययन केंद्र (स्टडी सेंटर) 05200 के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को जानकारी दी कि जुलाई 2024 सत्र के लिए नामांकन की तिथि को बढ़ाकर 15 अक्टूबर 2024 तक कर दिया गया है। यह निर्णय छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस अवसर का लाभ उठा सकें और अपनी उच्च शिक्षा के सपनों को साकार कर सकें।

इग्नू के इस स्टडी सेंटर से जुड़े छात्रों के लिए यह एक महत्वपूर्ण घोषणा है, क्योंकि इसके साथ ही दिसंबर सत्र 2024 के परीक्षा प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि भी बिना विलंब शुल्क के साथ 15 अक्टूबर 2024 तय की गई है। जो छात्र-छात्राएं समय पर अपने प्रपत्र नहीं भर पाए थे, उनके पास अब पर्याप्त समय है कि वे अपने परीक्षा संबंधी कार्य पूर्ण कर सकें। स्टडी सेंटर के कॉर्डिनेटर अरुण कुमार त्रिपाठी ने इस बारे में और जानकारी देते हुए बताया कि असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि भी 15 अक्टूबर 2024 तक बढ़ाई गई है। इसका मतलब यह है कि जो छात्र अभी तक अपने असाइनमेंट जमा नहीं कर पाए हैं, वे भी बिना किसी चिंता के इस तारीख तक अपना असाइनमेंट सेंटर में जमा कर सकते हैं। यह स्टडी सेंटर औरंगाबाद के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है, जहां वे इग्नू के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन ले सकते हैं। इसमें स्नातकोत्तर स्तर पर समाजशास्त्र और हिन्दी विषय शामिल हैं, जबकि स्नातक स्तर पर इतिहास, उर्दू, अर्थशास्त्र और राजनीतिक शास्त्र में नामांकन का अवसर मिलता है। इसके अलावा, इग्नू के इस सेंटर में डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट और सर्टिफिकेट इन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (सीआईटी) जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं, जो छात्रों को अपने करियर की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। इग्नू ने दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में छात्रों तक उच्च शिक्षा पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद में स्थित यह स्टडी सेंटर (05200) भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यहां पढ़ने वाले छात्र विभिन्न विषयों में अध्ययन करते हुए अपनी व्यक्तिगत और पेशेवर जिम्मेदारियों के साथ संतुलन बना सकते हैं। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे समय रहते नामांकन और असाइनमेंट जमा करने की प्रक्रिया को पूरा करें ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। इस प्रकार, इग्नू स्टडी सेंटर 05200 में छात्रों को अपने शैक्षणिक करियर को आगे बढ़ाने का एक सुनहरा मौका मिल रहा है।

अन्तरजिला और अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

पुलिस ने चोरी के दो मोटरसाइकिल के साथ पांच लोगों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

पुलिस ने शुक्रवार को चोरी के 2 मोटरसाइकिल के साथ 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। 1 नाबालिग को विधि निरुद्ध किया है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 2 अमित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। 11 अगस्त 2024 को मदनपुर थाना क्षेत्र के महुआवां गांव निवासी नरसिंह राम के बेटे अमरेश कुमार का अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल चोरी कर ली थी। अमरेश ने 17 अगस्त को मदनपुर थाने में मोटरसाइकिल चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके बाद औरंगाबाद एसपी के निर्देश पर एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी सहायता एवं अन्य के माध्यम से कांड का सफल उद्भेदन करते हुए अंतर जिला एवं अंतर राज्यीय मोटरसाइकिल तीन पहिया वाहन चोर गिरोह का पता लगाकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर टू अमित कुमार शुक्रवार को 4:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि बारुण थाना क्षेत्र के जोगिया गांव निवासी महेश सिंह के बेटे दुर्गा कुमार, गया जिला के डोभी थाना क्षेत्र के डोभी निवासी अजय विश्वकर्मा के बेटे राज कुमार, बारुण थाना क्षेत्र के सोहर बीघा गांव निवासी नागदेव प्रसाद के बेटे संदीप कुमार, मदनपुर थाना क्षेत्र के मजेरठी गांव निवासी जमुना सिंह के बेटे पुनीत कुमार और माली थाना क्षेत्र के साथा पल्ला गांव निवासी अकेला में मेहता के बेटे बलवंत कुमार को गिरफ्तार किया गया है। एक नाबालिग किशोर को विधि निरुद्ध किया गया है। इनके पास से चोरी का दो मोटरसाइकिल और 6 मोबाइल बरामद किया गया है। एसपी के निर्देश पर एसआईटी टीम में मदनपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार, देव थाना अध्यक्ष विकास कुमार, मदनपुर थाना के एस आई सूर्यवंश सिंह, एस आई रोहित कुमार, एस आई रोहित कुमार सुरेंद्र कुमार पप्पू कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

पिछले एक माह में बढ़ी थी चोरी की घटना

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर टू अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले एक महीना से देव थाना और मदनपुर थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की घटना बढ़ी हुई थी। पिछले एक महीना में मदनपुर में 7 मोटरसाइकिल चोरी हुई है। देव थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से एक मोटरसाइकिल और तीन ऑटो चोरी हुआ है।

आरजेडी एमएलसी के प्रतिनिधि को मारी गोली, मौत

पटना (नि.सं.)। पटना में शुक्रवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े आरजेडी नेता को गोली मार दी। घर से पास ही अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है। आनन-फानन में परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान आरजेडी एमएलसी कार्तिकेय सिंह के प्रखंड प्रतिनिधि अजय कुमार के तौर पर हुई है। घटना बिहटा थाना क्षेत्र के जीजे कॉलेज मार्ग की है। अजय कुमार के भतीजे मोहित ने बताया कि 'गोली की आवाज सुनकर हम लोग घर से बाहर निकले। इस बीच बाइक सवार अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से चाचा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।' वही, बिहटा थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने बताया कि 'जीजे कॉलेज मार्ग के मुख्य गेट के पास अजय कुमार को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया है। घायल हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुंगेर में राजद के प्रदेश महासचिव पंकज यादव को बदमाशों ने दौड़ा-दौड़ा कर गोली मारी।

मां दुर्गा मंदिर के नवनिर्मित भव्य द्वार का किया गया उद्घाटन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

नवरात्र के पावन अवसर पर, मां दुर्गा मंदिर के नव निर्मित भव्य द्वार का विधिवत पूजन एवं उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह विशेष कार्यक्रम संध्या आरती के पूर्व संपन्न हुआ, जिसमें मंदिर के इस नए द्वार को समाज के लिए समर्पित किया गया। उद्घाटन समारोह में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें मुख्य अतिथि के रूप में रेडक्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, कोऑपरेटिव चेयरमैन संतोष सिंह, मां मुंडेश्वरी के गोपाल शरण सिंह, व्यवसायी लखन प्रसाद, श्याम किशोर प्रसाद, टूना प्रसाद सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। शहर के शाहपुर धर्मशाला मोड़ पर स्थित मां दुर्गा मंदिर की देखरेख श्री सरस्वती आराध्य समिति द्वारा की जाती है। इसी समिति ने मंदिर के भव्य द्वार का निर्माण किया है, जो अपनी सुंदरता और आकर्षण के लिए प्रसिद्ध हो रहा है। इस द्वार की बनावट स्वर्ण द्वार के समान है, जो इसे विशेष रूप से दर्शनीय बनाता है। इस भव्य द्वार की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिससे युवाओं में इसे लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है।

समिति के पूर्व अध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा ने इस अवसर पर कहा, 'भव्य द्वार के निर्माण से मां दुर्गा मंदिर की रौनक और बढ़ गई है। हमें गर्व है कि हम इस मंदिर के विकास में अपना योगदान दे पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समिति द्वारा दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है, जिसमें मंदिर परिसर को खूबसूरत रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है। इसके साथ ही, विजयादशमी के दिन शहर के गांधी मैदान में रावण वध का कार्यक्रम भी समिति द्वारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहर के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस प्रकार, नवरात्र के इस विशेष अवसर पर मां दुर्गा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम न केवल धार्मिकता का प्रतीक हैं, बल्कि समाज में एकता और संस्कृति के महत्व को भी उजागर करते हैं।

अस्त्र-शस्त्र पूजन समारोह का भव्य आयोजन परंपरा और संस्कृति की मिली झलक

- प्रकाश गुप्ता ने आगे बताया कि प्राचीन काल में राजा अपने युद्ध पर जाने के लिए इस दिन का विशेष रूप से इंतजार करते थे। कहा जाता था कि इस दिन युद्ध पर जाने से विजय मिलती है।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

हर साल की तरह इस वर्ष भी औरंगाबाद के वार्ड नंबर 14 स्थित जनता अखाड़ा शाहपुर में एक भव्य अस्त्र-शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विभिन्न अखाड़ों के उस्ताद अपने अस्त्र-शस्त्र के साथ उपस्थित हुए और अपनी कला का प्रदर्शन किया। यह आयोजन न केवल धार्मिकता का प्रतीक है, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को भी जीवित रखता है। समारोह के संरक्षक प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस बार भी समारोह की शुरुआत सभी उस्तादों को बारी-बारी से अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने से हुई। यह परंपरा हर वर्ष दशहरा के अवसर पर आयोजित की जाती है, जो प्रभु श्रीराम के रावण के साथ युद्ध के प्रतीक के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने कहा, 'इस दिन प्रभु श्रीराम ने रावण का वध कर माता सीता को उसकी कैद से मुक्त किया था। इसके साथ ही मां दुर्गा ने भी महिषासुर का वध कर बुराई का अंत किया था।

प्रकाश गुप्ता ने आगे बताया कि प्राचीन काल में राजा अपने युद्ध पर जाने के लिए पूरी तरह से इस दिन का इंतजार करते थे। कहा जाता था कि इस दिन युद्ध पर जाने से विजय मिलती है। इस परंपरा के अनुसार, राजा, सेनापति और सैनिक युद्ध पर जाने से पहले अपने अस्त्र-शस्त्र का पूजन करते थे, ताकि उन्हें विजय का आशीर्वाद प्राप्त हो सके। समारोह में मौजूद सभी उस्तादों ने अपने हथियारों की प्रदर्शनी दिखाई, जो उनके कौशल और परंपरा का प्रतीक है। इस दौरान, दर्शकों ने भी इस अद्भुत प्रदर्शन का आनंद लिया। इस प्रकार का आयोजन हमारे समाज में न केवल धार्मिकता, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी आगे बढ़ाने में मदद करता है। यह समारोह हमें यह सिखाता है कि हमारी परंपराएँ और मूल्य हमेशा जीवित रहेंगे, बशर्ते हम उन्हें संजो कर रखें। अस्त्र-शस्त्र पूजन समारोह हर वर्ष हमें याद दिलाता है कि वीरता, साहस और श्रद्धा के प्रतीक के रूप में हमारे अस्त्र-शस्त्र हमेशा हमारे साथ रहते हैं।

चित्रगुप्त पूजा की भव्य तैयारी, ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की बैठक संपन्न

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शहर के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस औरंगाबाद की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें चित्रगुप्त पूजा की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 2 नवंबर को चित्रगुप्त पूजा, महाआरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष औरंगाबाद में लगातार 15वें साल चित्रगुप्त पूजा का भव्य आयोजन होगा। इधर कायस्थ समाज के उत्थान और सशक्तिकरण में विशिष्ट योगदान के लिए ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें यूपी के गाजियाबाद के महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित कायस्थ महासम्मेलन में उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सक्सेना व बिहार के विधान पार्षद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख की उपस्थिति में प्रदान किया गया। श्री किशोर की अनुपस्थिति में उनकी ओर से यह सम्मान अजय वर्मा एवं दीपक बलजोरी ने ग्रहण किया। इस मौके पर औरंगाबाद के कायस्थ संगठन के अलावा श्री वर्मा एवं श्री बलजोरी को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

बैठक में महेंद्र प्रसाद, श्रीराम अम्बष्ट, कृष्णा कुमार सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा, सूर्यकांत, सुनील सिन्हा, अमित कुमार, उदय कृष्ण प्रसाद, संजय सिन्हा, मनीष कुमार सिन्हा, हिमांशु, गणेश प्रसाद उर्फ लाल बाबू, अंजनी कुमार सिन्हा आदि मौजूद रहे।

शहरी निकायों के पूजा पंडालों में लगेंगे स्वच्छता के पोस्टर-बैनर

निज संवाददाता | पटना

राज्य के सभी नगर निकायों के पूजा पंडालों में स्वच्छता संदेश वाले पोस्टर लगाए जाएंगे। नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने शुक्रवार को इस संबंध में निर्देश जारी किया है। शहरी निकाय के प्रत्येक पूजा पंडालों में स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता से संबंधित बैनर और पोस्टर अनिवार्य रूप से लगाने को कहा गया है। उन्होंने दुर्गा पूजा समितियों से भी इस संबंध में अपील की है। मंत्री ने कहा है कि पूजा पंडालों के जरिये लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर छठ पूजा की तरह ही सफाई रखनी है। इसके लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। इसीलिए दशहरा के साथ ही दिवाली और छठ के पूजा पंडालों में भी स्वच्छता पोस्टर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहरों को कचरा मुक्त बनाने एवं नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चले 15 दिवसीय स्वच्छता ही सेवा अभियान को 45 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। राज्य सरकार ने स्वच्छता ही सेवा अभियान को 8 नवंबर (छठ महापर्व) तक आयोजित करने का निर्णय लिया है। फिलहाल यह अभियान राज्य के सभी नगर निकायों में चल रहा है। उन्होंने कहा कि शहरों को कचरामुक्त बनाने के लिए नागरिकों के साथ सरकार भी हर आवश्यक प्रयास कर रही है।

जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना निषेध

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक की गई। इस दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना निषेध है। तंबाकू से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता पैदा करने और तंबाकू के उत्पादन और आपूर्ति को कम करने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) शुरू किया था। उन्होंने बताया कि धूम्रपान करने से व्यक्ति के शरीर में अनेक प्रकार की बीमारियां जन्म लेती हैं, जिसमें मुख्यतः कैंसर, फेफड़ों व हृदय संबंधी रोग शामिल हैं। बैठक में, तंबाकू रोकथाम से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई है। सार्वजनिक जगहों पर तंबाकू सेवन पर रोक लगाना। स्कूलों के 100 गज के दायरे में तंबाकू की बिक्री पर रोक लगाना। 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू न बेचना। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, और सार्वजनिक कार्यालयों को धूम्रपान मुक्त करना। जिला पदाधिकारी ने निर्धारित मापदंडों की पालना सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा तंबाकू रोकथाम के लिए प्रमुख चौक चौराहों, अस्पतालों, स्कूल और कॉलेजों में होर्डिंग फ्लेक्स व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बृहद रूप से प्रचार प्रसार करने के लिए सिविल सर्जन को निर्देश दिए। बैठक में पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, वरीय उपसमाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी, मेराज जमील, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती श्वेता प्रियदर्शी, सिविल सर्जन रवि भूषण श्रीवास्तव, डीपीएम स्वास्थ्य अनवर आलम, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद रहे।

पूर्व मध्य रेल

पूजा स्पेशल गाड़ी के परिचालन समय में संशोधन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा **गाड़ी सं. 03310 जम्मू तवी – धनबाद स्पेशल** गाड़ी के परिचालन के समय को संशोधित किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है :–

03310 जम्मू तवी – धनबाद का संशोधित समय

स्टेशन	वर्तमान समय		संशोधित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
मानपुर	---	09.15	---	09.15
कोडरमा	10.35	10.37	10.20	10.22
हजारीबाग रोड	11.10	11.12	10.52	10.54
पारसनाथ	12.05	12.07	11.30	11.32
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो	12.30	12.32	11.52	11.54
धनबाद	14.00	---	13.00	---

अन्य सभी निर्देश पूर्व अधिसूचना के अनुरूप रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए– www.enquiry.indianrail.gov.in/ NTES APP

पीआर/01267/एचक्यू/परि./एन/24–25/64 मु.या.परि. प्रबंधक, पूमरे., हाजीपुर